
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 273 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 11 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया


## समाज जागरण मे छपने से बिजली विभाग के एस डी ओ ने की त्वरित कार्यवाही

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी** नोएडा सेक्टर 82 पाकेट 7 मे सडक पर बिजली की खुली केवल को समाज जागरण समाचार पत्र मे खबर छपते ही एस डी ओ ने पांच महीने से लटके हुए काम को 10 घंटे मे ठीक करा दिया।



बिजली का खुला केवल बना मौत का अड्डा

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा सेक्टर 82 पाकेट 7 जनता फ्लैट मे सड़क पर खुलास केबल पीछे पांच महीने से पडा हुआ है। जो हर समय मौत को दावत दे रहा है। इसकी शिकायत सोसायटी के आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष एन के सोलंकी ने बिजली विभाग के एस डी ओ एवं तमाम उच्चाधिकारियों से कर चुके हैं लेकिन मामला जस का तस बना हुआ है। बरसात के चलते रोड पर चलना मुश्किल हो गया है आए दिन केवल धडाम धडाम फटती रहती है आस पास के ब्लाकों में अंधेरा बना हुआ है। एस डी ओ को कयी बार कहने पर कहते है कि नयी केबल लगेगी और उसका बजट नहीं है। सोसायटी वालो ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द इसका निदान किया जाये नहीं तो हम लोग बिजली विभाग का घेराव करेंगे।

आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष एन के सोलंकी ने इस कार्य के लिए एस डी ओ को धन्यवाद दिया।



और भविष्य में ऐसी ही सक्रियता बनाए रखने के लिए माँग भी की।

इस कार्य से पूरी सोसायटी खुश है और सभी सम्मानित लोगों ने समाज जागरण हिन्दी दैनिक समाचार पत्र को भी धन्यवाद दिया। और कहा कि आप हमारे समाज की समस्याओं इसी तरह से उजागर करते है बार बार समाज जागरण हिन्दी दैनिक समाचार पत्र को धन्यवाद दिया।

## ताजगंज के गांव श्यामो में एटीएम को तोड़ने का प्रयास

आगरा। ताजगंज क्षेत्र के गांव श्यामो मोड़ स्थित मार्केट में लगे इंडिया वन कंपनी के एटीएम को विगत रात्रि बदमाशों ने तोड़ने का प्रयास किया। उसकी स्क्रीन को तोड़ा गया। इसके बाद मशीन को उठाकर ले जाने की कोशिश की गई। मगर, बदमाशों को सफलता नहीं मिली।

आज सुबह एटीएम से रुपये निकालने आए व्यक्ति ने एटीएम टूटा देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सीओ सदर अर्चना सिंह का कहना है कि एटीएम को गिरा दिया गया था। कंपनी की टेक्निकल टीम को बुला लिया गया। प्रथमदृष्टया कैश सुरक्षित होना पाया गया है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। जिस मार्केट में एटीएम लगा है, उसमें रात में काफी लोग आसपास सोते हैं। मगर, रात को बारिश की वजह से लोग नहीं सो रहे थे। इसका फायदा बदमाशों ने उठाया।

## रामलाल वृद्ध आश्रम में 500 फलो के पौधा रोपण

आगरा !लायंस क्लब आगरा यूनाइटेड के तत्वावधान में आज दिनांक 10जुलाई 2022 दिन रविवार को रामलाल वृद्ध आश्रम कैलाश मंदिर रोड के परिसर में 500 विभिन्न प्रकार के फलों के पौधा रोपण व 450 गायो के चारे की व्यवस्था की गई कार्यक्रम संपन हुवा

मुख्य रूप से कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मंडलाध्यक्ष सुनीता बंसल के कर कमलों से संपादित किया गया कार्यक्रम में लायंस क्लब यूनाइटेड के सदस्य मौजूद रह कार्यक्रम को भव्य बनाया मुख्य रूप से अध्यक्ष एच एस बक्शी, सेक्रेटरी एम डी चावला, कोषाध्यक्ष रविंद्र अरोड़ा,सुभा मल्होत्रा व संतोष मल्होत्रा का विशेष सहयोग रहा मिस्टर एन्ड मिसेज के के अग्रवाल ,मिसेज भूपेंद्र बक्शी,क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे

## भगवान के नामकरण की कथा सुन भक्त हुए खुश

आगरा !श्रीमद्भागवत कथा माता मंदिर तिकोनिया पार्क शास्त्रीपुरम आगरा में कथा व्यास पं गरिमा किशोरी जी ने भगवान कृष्ण के नामकरण की कथा सुनाई उन्होंने कहा की अपने बच्चों के नाम भगवान के नाम पर ही रखने चाहिए पं गरिमा जी ने भगवान की बाल लीलाओं को श्रवण कराया गोवर्धन लीला में गरिमा जी ने बताया जिस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने प्रकृति को बचाया अगर उसी प्रकार हम सभी भी प्रकृति की रक्षा करें तो ये वातावरण हरा भरा बना रहेगा इसलिए सभी को ज्यादा से ज्यादा बृक्ष लगाने चाहिये ।कथा के अंत में गोवर्धन पूजा की गई ।सोमवार को कंश बध एवं रुकमणी मंगल की कथा होगी। कथा में संगीतकार बलबीर सिंह ने सुंदर सुंदर भजन गाकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। मुख्य रूप से श्री सुरेंद्र प्रकाश भारद्वाज, श्याम भोजवानी, अनिल अग्रवाल, आशा खंडेलवाल, बेबी रानी मिश्रा,विशाल भारद्वाज आदि लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने जनपद संभल के नखासा थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया

### घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश

लखनऊः 10 जुलाई, 2022 उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद संभल के नखासा थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दुर्घटना में घायल लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।











# नूपुर शर्मा के बचाव में उतरे BJP सांसद साक्षी महाराज

### अजमेर के एक व्हाट्सएप ग्रुप में हिंदुओं के आर्थिक बहिष्कार के आह्वान के बाद भाजपा के उन्नाव सांसद साक्षी महाराज की ये कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है.

भाजपा के फायरब्रांड नेता और उन्नाव सांसद साक्षी महाराज भी भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बचाव में उतर आए हैं. उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा नूपुर शर्मा के बयान पर दी गई टिप्पणी पर भी अपना पक्ष रखा. उन्होंने स्पष्ट कहा कि नूपुर शर्मा के बयान पर टिप्पणी देने में सुप्रीम कोर्ट ने जल्दबाजी की. नूपुर शर्मा के बयान के बाद अजमेर में बढ़ते तनाव पर भी साक्षी महाराज ने जमकर आवाज उठाई. उन्होंने कहा कि अजमेर में मुसलमानों की तर्ज पर हिंदुओं ने भी आर्थिक बहिष्कार कर दिया, तो मुस्लिम समाज को रोटी के लाले पड़ जाएंगे.





### 'मुसलमानों को रोटी के लाले पड़ जाएंगे'

बता दें कि अजमेर के एक व्हाट्सएप ग्रुप में हिंदुओं के आर्थिक बहिष्कार के आह्वान के बाद भाजपा के उन्नाव सांसद साक्षी महाराज की ये कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है. हरिद्वार में निर्मल अखाड़े के संतों से मिलने पहुंचे साक्षी महाराज ने कहा कि अजमेर के व्हाट्सऐप ग्रुप में हिंदुओं के आर्थिक बहिष्कार का आह्वान किया गया है.उन्हें यह बात सोचनी चाहिए कि अगर हिंदू भी बहिष्कार पर उतर आए तो मुसलमानों को रोटी के लाले पड़ जाएंगे.

### 'सुप्रीम कोर्ट को जल्दबाजी नहीं दिखानी चाहिए थी'

हरिद्वार पहुंचे उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने इस मामले में केंद्र सरकार से राजस्थान सरकार को तत्काल बर्खास्त किए जाने की भी मांग की. उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा मामले में जिस तरह जल्दबाजी दिखाई है, पूरे देश में ऐसी प्रतिक्रियाएं अब सामने आने लगी हैं. लिहाजा सुप्रीम कोर्ट को भी ऐसे बयानों में जल्दबाजी नहीं दिखानी चाहिए थी.

भाजपा के फायर ब्रांड नेता और सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि समाज में ऐसा माहौल बन रहा है कि लोग देश के विभाजन और सांप्रदायिक दंगों के लिए अब नूपुर शर्मा को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं. जबकि इतिहास गवाह है कि देश का विभाजन सांप्रदायिक दंगे से लेकर तमाम घटनाओं में जिहादी सोच का हाथ रहा है. ऐसे में देशभर में बन रहे ऐसे माहौल के लिए भी सुप्रीम कोर्ट की जल्दबाजी में दी गई टिप्पणी जिम्मेदार है.

### साक्षी महाराज की हिन्दुओं से अपील

उन्होंने अजमेर शरीफ में हिंदुओं के आर्थिक बहिष्कार के आह्वान के लिए वहां की कांग्रेस सरकार को दोषी ठहराया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की आतंकवादी सोच के चलते वहां ऐसी ताकतें सर उठा रही हैं. लिहाजा केंद्र को तुरंत वहां की सरकार को बर्खास्त करना चाहिए. साक्षी महाराज ने हिंदुओं से अपील की कि जो लोग उनके आर्थिक बहिष्कार की बात कह रहे हैं,

## पटना के गांधी मैदान ओर नवादा के ईदगाह में पढ़ी नमाज,धूमधाम से मनाया गया बकरीद का त्योहार।

समाज जागरण पटना से बिहार हेड,नवादा ब्यूरो की रिपोर्ट।

नवादा में त्याग व बलिदान का त्योहार ईद उल जुहा यानि बकरीद जिले में धूमधाम से मनाया गया।शहर के बड़ी दरगाह स्थित ईदगाह में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल जोहा की नमाज अता की। रविवार को मुसलमानों ने शहर सहित ग्रामीण इलाके के विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों में नमाज अदा कर अल्लाह ताला से अपनी खैरियत की दुआ मांगी । आज पूरे देश में बकरीद का त्योहार मनाया जा रहा है। कोरोना काल के दो साल बाद इस बार घर से लेकर इबादतगाहों में त्योहार की विशेष तैयारी देखने को मिल रही है। दो साल बाद अकीदतमंदों ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में सामूहिक रूप से बकरीद की नमाज अदा की।

गांधी मैदान में नमाज अदा करने का समय सुबह 7.45 बजे रखा गया था। इस दौरान जहां भारी संख्या में मुस्लिम वर्ग के लोग गांधी मैदान में पहुंचे थे। वहीं सुरक्षा को लेकर भी कड़े इंतजाम किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गई थी।

दो साल बाद सार्वजनिक तौर पर नमाज अदा कर लोग बेहद खुश नजर आए और नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे के गले मिलकर एक-दूसरे को बकरीद की बधाई दी। गौरतलब है कि पटना के गांधी मैदान में हर साल बकरीद और ईद की नमाज करने की परंपरा रही है। लेकिन कोरोना को लेकर पिछले दो साल से सार्वजनिक तौर पर किसी त्यौहार को मनाने पर लगी पावंदी के कारण गांधी मैदान ईद-बकरीद की नमाज दो साल से अदा नहीं हुई थी।

इस साल कोरोना के मामलों में कमी

दो दशक से हॉलीवुड मे एडिटर के रूप मे है समर्पित

# वजीरगंज की बेटी अनुराधा को मिला दादा फाल्के एक्सलेन्स 2022 पुरस्कार

### –"स्लम डॉग मिलीनिएर" इनकी फिल्म को मिला था ऑस्कर एवार्ड।

प्रभाकर कुमार वजीरगंज (गया) से अनुराधा कहती है कि "मंजिल उन्ही को मिलती है जिनके सपने में जान होती है, पंखो से कुछ नहीं होता, हौसले में उड़ान होतो है।"

आज के दौर मे बेटियां किसी भी क्षेत्र मे बेटे से कम नहीं है। वजीरगंज क्षेत्र के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ समाजसेवी रवींद्र प्रताप की बेटी अनुराधा सिंह ने दादा साहब फाल्के एक्सलेन्स पुरस्कार से सम्मानित होकर वजीरगंज क्षेत्र ही नहीं बल्कि भारत देश सहित विदेशो मे भी अपना एवं अपने परिवार का नाम रौशन किया है। वजीरगंज क्षेत्र के बहुत कम लोग ही जानते होंगे कि अन्तराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त बिहार की बेटी अनुराधा सिंह फिलहाल हॉलीवुड में कार्यरत है॥ अनुराधा बिहार सहित भारत की पहली एक ऐसी महिला एडिटर है जिन्होने लगभग दो दशक से हॉलीवुड फिल्मो में संपादक और असेम्ब्ली संपादक और सह संपादक की अहम भूमिका निभा रही है।

विदित हो की अनुराधा सिंह ने इसके पूर्व "स्लम डॉग मिलीनियर" फिल्म में असेम्ब्ली संपादक की थी। इस फि ल्म को आठ ऑस्कर मिला था। स्लमडॉग को जब 82वां ऑस्कर अवार्ड में संपादन के लिए ऑस्कर मिला तो उस वक्त इनके रचनात्मक संपादन के लिए इनका नाम विशेष तौर पर पुकारा गया था। अनुराधा सिंह द्वारा संपादित की गई पहली फिल्म थी- मेरीगोल। इसके अतिरिक्त स्लम डॉग मिलीयनेर, हंड्रेड फुट जर्नी, मिलियन डॉलर आर्म, एक्स-ट्रैक्शन और तीन राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हिन्दी फिल्म चित्तगांग आदि शामिल हैं।

बीबीसी की विश्व प्रसिद्ध डॉक्यूमेंटरी "इंडियास डॉक्टर" को 2016 में अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंटरी का प्रसिद्ध पीबॉडी पुरस्कार भी मिला है, जो अनुराधा सिंह के संपादन कला का सर्वोच्च नमूना है। 25 बार ऑस्कर नोमिनेटेड और तीन ऑस्कर जीत चुकी मेरिल स्ट्रीप ने न्यूयॉर्क में इस फि ल्म को जब ऑस्कर कैम्पेन के लिए ओपन कर रही थी तब उन्होंने कहा था कि जब भी वो ये फि ल्म देखती है उनकी आँखें आंशूँओ से भर जाती है और वो स्पीचलेस हो जाती हैं। आगे कहा कि डिरेक्टर लेसली ने हजारों माइल्ज फुटेज दिया होगा और उसमें से अनुराधा ने बिलकुल सही शॉट्स को चुन कर ये इम्पोर्टेंट फि ल्म बनायी है। अनुराधा कहती हैं कि ये पल उनकी ज़िंदगी का सबसे बेहतरीन पल था। जिसके लिए वो दो दशक से इंतेजार कर रही थीं।




आपको बताते चले कि डॉ अनुराधा सिंह एक अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फिल्म संपादक एवं वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) ,निमार्ता हैं। यह मूलतःवजीरगंज के रवींद्र प्रताप की बेटी हा जो मुंबई मे रहते हुए फिल्म निर्देशन एवं संपादन के क्षेत्र मे अहम भूमिका निभा रही है।

### बनना था डॉक्टर

### लेकिन बन गई डायरेक्टर-

वनस्थली विद्यापीठ अपना स्कूली पढ़ाई और पटना वोमेंस कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई करने के बाद जब हिंदू कॉलेज से एमए की पढ़ाई के लिए दिल्ली गई तो यह उनके कैरियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। इस दौरान अनुराधा ने मासकॉम का एक वर्कशॉप मे शामिल हुई। वहाँ इनके परफॉर्मेंस को देखकर प्रोफेसर मक्कड़ ने मुंबई जाकर फिल्म संपादन के क्षेत्र मे अपनी किस्मत आजमाने का सुझाव दिया।अनुराधा कहती है कि मैं कभी सपने मे भी नहीं सोचा था कि फिल्म निर्माण एवं संपादक के क्षेत्र मे मेरी कैरियर बनेगी लेकिन कुछ परिस्थिति ऐसी आई कि मेडिकल की पढ़ाई को छोड़कर इसमें आ गई एवं सर के सहयोग से उस दौर की सबसे सर्वश्रेष्ठ फिल्म के संपादकों मे से एक रेणु सलूजा के साथ काम करने का मौका मिला फि र मैने फि ल्म एंड टेलिविजन इन्स्टिटूट ओफ इंडिया, पुणे से फिल्म संपादन के कोर्स मे दाखिला ले लिया॥

मिशन काश्मीर से कैरियर की हुई सूरूआत-

अनुराधा सिंह ने अपनी फिल्मी कैरियर की शुरूआत मिशन कश्मीरमे सहायक निदेशक के रूप मे की। आगे उन्होने ट्वेंटीथ. सेंचुरी, फॉक्स,ड्रीमवर्क बोल्ट डिज्नी, नेट्फ्लिक्स, बीबीसी तथा अन्य कई कंपनियो के लिए अंग्रेजी और हिन्दी मे बनी करीब दो दर्जन फीचर फिल्मो और डॉक्यूमेंटरी का संपादन किया। अनुराधा ने फिल्म गांधी के प्रोडस्सन मैनेजर एलेक्जेंडर दे गुरुंवाल्ड को अपना गॉडफादर मानती हैं जिन्होने एक छोटे से शहर की एक लड़की को संपादन की बारीकियां सिखाने के साथ हि हॉलीवुड मे स्थापित होने में मदद की। अनुराधा को उनके स्कूल वनस्थली विद्यापीठ ने 2018 में उनके बेहतरीन कार्यों के लिये पी वी सिंधु और अवनि चतुर्वेदी के साथ ऑनरेरी डॉक्टरेट की उपाधि दी है।

हाल ही में अन्तराष्ट्रीय स्तर की पुरस्कृत फिल्म संपादक अनुराधा सिंह द्वारा एक वीडियो सॉन्ग रिलीज हुआ है। इन्होंने हीं गीत को लिखा, गाया, लयबद्ध और फि ल्माया है। विगत 9 जुलाई को मुंबई के सहारा स्टार होटल में दादा साहब फाल्के एक्सलेन्स 2022 पुरस्कार से अनुराधा सिंह को सम्मानित किया गड़ा है। अनुराधा सिंह को दादा साहब फाल्के एक्सलेन्स पुरस्कार पाने पर वजीरगंज क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने बधाई दी है।

बधाई देने बालों मे डॉ शशि शेखर सिंह, रामाश्रय सिंह, सतीश सिंह, अमर शंकर उर्फ. काका जी, प्रमोद कुमार, कृष्ण कुमार, शंभू शरण शर्मा, माथुरी, केदार प्रसाद विवेक प्रताप, कुमार रूपेंद्र प्रताप केपीकुमुद,शैलेंद्र कुमार, चंदन,आनंद मिलिंद अमरेन्द्र कुमार आदि शामिल है।

## राज्य मंत्री ने किया महिला बंदियो को सम्मानित

आगरा (वी एन मिश्र) कल्याणम-फाउंडेशन (रजि.) द्वारा जिला जेल आगरा में निरुद्ध उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला बंदियों का सम्मान समारोह में मा0 धर्मवीर प्रजापति जी, कारागार एवं होमगार्ड राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उ0प्र0 का मुख्य अतिथि के रूप में आगमन हुआ। श्री प्रजापति द्वारा महिला बैरक में कारपेट, सिलाई, बुनाई, नर्सिंग कार्य एवं बैरक की देखभाल आदि के उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मा0 मंत्री जी ने कारागार में महिला कैदी की बच्ची राधिका जिसकी उम्र 06 साल है, उस बच्ची का जन्मदिन मनाया और बच्चों को मिठाई व खिलौने भी दिये। मा0 मंत्री जी ने बन्दियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कल्याणम फाउंडेशन के माध्यम से यहां महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे महिलाओं की प्रतिभा निखर कर सामने आयेगी और जेल से छूटने के बाद महिलाओं को किसी का सहारा नहीं लेना पड़ेगा वे खुद आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि कारागार में बन्दियों के बच्चों की शिक्षा की भी व्यवस्था की गई है, इसके लिये एक शिक्षक कारागार में तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा बनाये गये सामान बहुत ही सुन्दर हैं और ऐसी शिल्पकारों द्वारा बनाये गये कपड़े, मोजे, टोपी, गेट के परदे आदि को जनता के बिच में लाया जाय, जिससे उनका मनोबल और बढ़ेगा। तत्पश्चात मा0 मंत्री जी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया तथा जिला कारागार में वृक्षारोपण भी किया। उक्त अवसर पर जेल अधीक्षक पी0वी0 सलोनिया जी एवं जेलर श्री राजेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित जिला कारागार के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे।



## श्री जी गौसदन में समस्त कार्यकारिणी ने गौशाला में विभिन्न प्रकार के 50 पौधे लगाए गए।

भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे वन महोत्सव के अंतर्गत नोएडा सेक्टर-94 में स्थित श्री जी गौसदन में समस्त कार्यकारिणी ने गौशाला में विभिन्न प्रकार के 50 पौधे लगाए गए। इस पौधारोपण को करने का उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा और सुरक्षा के साथ ही आमजन को पर्यावरण के लिए जागरूक करना है। गौशाला में लगाए गए इन 50 पौधों में मुख्य तौर पर नीम , पीपल,



अमरूद, बड़, जामुन के पौधे रोपित किए गए। पौधारोपण के इस कार्यक्रम में श्री जी गौसदन के अध्यक्ष एनके अग्रवाल ,महासचिव विकास गुप्ता , कोषाध्यक्ष प्रमोद शर्मा व मीडिया प्रभारी राजीव गोयल समेत तमाम समाजसेवी मौजूद रहे।









# साधना पथ (भाग 192)



देव मणि शुक्ल




साधकों - हमने देखा है कि सनातन धर्म का पालन करने वाले बुद्धिमान व्यक्ति स्वयं को प्रयत्नपूर्वक विभिन्न प्रकार के नियमों में खुद को बांधते हैं। समय पर ध्यान, पूजा, उपासना, व्रत आदि आदि । प्रायः तथाकथित आधुनिक जीवन पद्धति के हिमायती इसका मजाक उड़ाते हुए दिखाई देते हैं। उन्हें लगता है स्वच्छंदता ही सुख है। लेकिन ऐसा है नहीं।

साधकों - कोई और हमारे लिए नियम बनाए इससे बेहतर हैं कि हम ही अपने लिए नियम तय कर लें । दरअसल धार्मिक नियमों के पालन के पीछे उद्देश्य का है, अपने जीवन को संयमित करते हुए जीवन के लक्ष्य तथा वास्तविक सुख के साधन को प्राप्त करना। वास्तविक सुख का साधन तो धर्म-कर्म और अध्यात्म से ही प्राप्त होता है। क्योंकि यह मनुष्य को सभी सुखों के आधार ईश्वर से जोड़ता है । सिर्फ सुखों के पीछे भागने से सुख की प्राप्ति नही होती। बल्कि कई बार घोर दुख का भी सामना करना पड़ता है।लेकिन सनातन धर्म के नियम हमारा स्वतः उपकार करते हैं । धर्मनिष्ठ व्यक्ति का स्वतः उपकार कुछ इस तरह होता है। जीवन को सुव्यवस्थित करना ही साधना है. जहाँ कहीं अव्यवस्था पाएं तय मानिए वहां साधना नहीं है। बस कामचलाऊ व्यवस्था में लोग दिन काट रहे हैं। साधना से मन सधता है और सधा मन सधे हुए कार्य करता है। क्योंकि मन को साधना ही सुख का आधार है. यही शांति और सुख के मार्ग की शुरूआत है। सुख और दुख मन से ही संचालित होते हैं ।धर्म को धारण करने से सुख का मार्ग खुलता है । जिन नियमों को हम धारण करते हैं वही धर्म है। जो नियमों को पालन नहीं करता और जिस व्यक्ति में टालमटोल का रोग लग गया जीवन में उसके सब काम अधूरे पड़े रह जाते हैं। यद्यपि ऐसे लोग हर समय व्यस्त रहते दिखाई पड़ते हैं, फिर भी अपना काम पूरा नहीं कर पाते। कामों का बोझ उनके सिर पर लदा रहता है और वे उससे डरते हुए कामों को आगे धकेलने की कोशिश करते रहते हैं। ऐसे लोगों के कल्याण का एक ही रास्ता है उन्हें नियमों में बांधकर संतुलित करो। उन्हें व्यवस्थित करने के लिए उन्हें धार्मिक नियमों के बंधन में बांध दिया जाए। जैसे ही जीवन में व्यवस्था आएगी, उन्नति का मार्ग स्वयं ही प्रशस्त हो जाएगा।

धर्मनिष्ठ व्यक्ति तो स्वतः संतुलित नियमों में बंधा होता है। उसे इस-के लिए अतिरिक्त प्रयत्न की जरूरत ही नहीं उसका स्वतः उपकार होता रहेगा । धर्मनिष्ठ व्यक्ति का स्व अनुशासन ही उस-का मार्ग प्रशस्त करते चला जाता है। उसे किसी बाहरी बंधन की आवश्यकता नहीं होती।

# डिफेंस सेक्टर में महिलाओं की सशक्त दस्तक, अच्छे संकेत’

वर्तमान में भारत की विशाल जनसंख्या में 45% भागीदारी महिलाओं की है । महिलाओं को अभी उनके हक का अधिकार एवं भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, ऐसे में डिफरेंस सर्विसेस में महिलाओं की भर्ती एक अच्छे संकेत के रूप में सामने आ रही है’ आज के समय में महिलाएं सभी क्षेत्रों में साहस, शौर्य और ऊर्जा का बेहतरीन प्रदर्शन करते आ रही हैं, महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर काम में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अब इसमें सशस्त्र बलों यानी डिफेंस सर्विस भी अछूता नहीं रहा सबसे बड़ी बात स्वतंत्र भारत की दूसरी रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण बनी थी इसके पूर्व श्रीमती इंदिरा गांधी प्रथम रक्षा मंत्री रही थी’ अब कोई भी क्षेत्र ऐसा अछूता नहीं रहा जहां महिलाओं ने अपनी सशक्त दस्तक ई पहचान ना कराई हो, यह तो पूर्व से ही कहा गया है यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो सिर्फ एक पुरुष शिक्षक होता है किंतु यदि आप किसी महिला को सर्वांगीण शिक्षा देते हैं तो आने वाली संपूर्ण पीढ़ी को शिक्षित कर रहे हैं ।नारी शक्ति को अब ज्यादा दिनों तक देश की प्रगति विकास के योगदान से परे नहीं रखा जा सकता है’ परिवार की धुरी महिलाएं होती है परिवार से घर बनता है धर से समाज और समाज और संपूर्ण समाज से एक सशक्त राष्ट्र की बुनियाद रखी जाती है। इस तरह देश की बुनियाद ही स्त्री सशक्तिकरण है’ महिलाएं अच्छी तरह समझती हैं कि घर से लेकर देश की सीमा तक उन्हें व्यवहार कर देश के विकास और उसकी रक्षा में उन्हें किस तरह योगदान देना है। महिलाओं के बिना देश की प्रगति एवं विकास की कल्पना सर्वथा बेमानी है’ सशक्त माताएं सशक्त राष्ट्र का निर्माण करती हैं’ और सीमा रक्षा बलों में महिलाओं की भागीदारी इसका एक बड़ा उदाहरण और प्रतिफल है इन उदाहरणों में से प्रथम लेफ्टिनेंट सुनीता अरोड़ा ,प्रथम एयर मार्शल पद्मावती बंदोपाध्याय ,कैप्टन मिताली मधुमिता ,भारत में आए अमेरिकी राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर देने वाली प्रथम विंग कमांडर पूजा ठाकुर ऐसे अधिकारियों के नाम है जिन्होंने रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है एवं महिलाओं के प्रति सारी अवधारणाओं को गलत साबित कर एक सशक्त छवि को निरूपित किया है’ महिलाओं की शारीरिक बनावट तथा उनके शारीरिक विन्यास को देखते हुए प्रतिरक्षा सेवा में उनकी भूमिका बहुत कम रही है,हम मां दुर्गा भवानी की पूजा करते हैं और महिलाओं को कमजोर समझते हैं। किंतु उनकी शक्ति को उनकी भागीदारी को अंततः स्वीकार किया गया और 1992 में पहली बार भारतीय सेना में महिलाओं के लिए द्वार खोले गए एवं 25 महिला कैंडिडेट को ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी गया में ट्रेनिंग दी गई इसके पूर्व सिर्फ चिकित्सा सेवा में महिलाओं को नियुक्त किया जाता रहा है। सेना में इनकी भागीदारी होते हुए भी इन्हें पुरुषों के समान अधिकार नहीं दिए गए थे, महिलाएं रक्षा सेवा में विधिक, शिक्षा, इंजीनियरिंग, इंटेलिजेंस तथा ऐयर सिग्नल कोर में अपनी सेवाएं देती रही हैं ।महिलाओं को केवल शॉर्ट सर्विस कमिशन जाने की 14 साल तक के लिए कमीशन किया जाता रहा जबकि पूरे समय के लिए केवल पुरुषों को ही सेना में भर्ती किया जाता था’ 2008 में उच्च न्यायालय के निर्देश पर महिलाओं को परमानेंट कमिशन पर रखा जाने लगा।यह नारी सशक्तिकरण के लिए एक सशक्त मील का पत्थर साबित हुआ’ सेना की सैन्य प्रमुखों की समिति ने सशस्त्र बलों में महिलाओं की नियुक्ति पर स्थाई कमीशन की सिफारिश तो की किंतु इन्हें लड़ाकू सैनिकों की भूमिका देने से इनकार कर दिया उसके पीछे यह दलील दी गई की महिलाओं को लड़ाई के मैदान में भेजना उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए ठीक नहीं एवं देश की संस्कृति के अनुसार महिलाओं को दुश्मन से लड़ने भेजना अथवा दुश्मन द्वारा पकड़े जाने पर उचित नहीं होगा। इसलिए महिलाओं को फ्रंटलाइन में नियुक्त किया जाना उचित नहीं होगा किंतु बाद में कुछ संशोधन किए जाने के पश्चात महिला अधिकारी कॉम्बैट जोन में पदस्थ की जाने लगी किंतु समाज का नजरिया महिलाओं के संदर्भ में बदलने लगा एवं 2016 में सशस्त्र बलों के कॉम्बैट क्षेत्र में महिलाओं को नियुक्ति देने की बात स्वीकार की गई इसमें दुनिया में कुछ देश ही हैं जिन्होंने महिलाओं को वार फ्रंट पर नियुक्त किया है। पूर्व के थल सेना प्रमुख बिपिन रावत ने भी कहा था कि हम महिला और पुरुष को समान रूप से देखना चाहते एवं इसके लिए जल थल और वायु सेना एक रूपरेखा तैयार कर रही है जिस-के सुखद परिणाम भी होंगे,सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी मजबूत रूप से सामने आएगी एवं पुरुषों की भांति देश की रक्षा तथा दुश्मनों से लोहा लेने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगीं।



संजीव ठाकुर, स्वतंत्र लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़

# रामायण

वाल्मीकि द्वारा लिखा गया संस्कृत का एक अनुपम महाकाव्य है, जिसका हिन्दू धर्म में बड़ा ही महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसके 24,000 श्लोक हिन्दू स्मृति का वह अंग हैं, जिसके माध्यम से रघुवंश के राजा राम की गाथा कही गयी। इसे 'वाल्मीकि रामायण' या 'बाल्मीकि रामायण' भी कहा जाता है। रामायण के सात अध्याय हैं, जो काण्ड के नाम से जाने जाते हैं।

रचनाकाल

कुछ भारतीय द्वारा यह माना जाता है कि यह महाकाव्य 600 ई.पू. से पहले लिखा गया। उसके पीछे युक्ति यह है कि महाभारत जो इसके पश्चात आया, बौद्ध धर्म के बारे में मौन है; यद्यपि उसमें जैन, शैव, पाशुपत आदि अन्य परम्पराओं का वर्णन है। अतः रामायण गौतम बुद्ध के काल के पूर्व का होना चाहिये। भाषा-शैली से भी यह पाणिनि के समय से पहले का होना चाहिये। रामायण का पहला और अन्तिम कांड संभवतः बाद में जोड़ा गया था। अध्याय दो से सात तक ज्यादातर इस बात पर बल दिया जाता है कि राम भगवान विष्णु के अवतार थे। कुछ लोगों के अनुसार इस महाकाव्य में यूनानी और कई अन्य सन्दर्भों से पता चलता है कि यह पुस्तक दूसरी सदी ईसा पूर्व से पहले की नहीं हो सकती, पर यह धारणा विवादास्पद है। 600 ई.पू. से पहले का समय इसलिये भी ठीक है कि बौद्ध जातक रामायण के पात्रों का वर्णन करते हैं, जबकि रामायण में जातक के चरित्रों का वर्णन नहीं है।

**हिन्दू कालगणना के अनुसार रचनाकाल**

रामायण का समय त्रेतायुग का माना जाता है। भारतीय कालगणना के अनुसार समय को चार युगों में बाँटा गया है-

**सतयुग**

**त्रेतायुग**

**द्वापर युग**

**कलियुग**

एक कलियुग 4,32,000 वर्ष का, द्वापर 8,64,000 वर्ष का, त्रेता युग 12,96,000 वर्ष का तथा सतयुग 17,28,000 वर्ष का होता है। इस गणना के अनुसार रामायण का समय न्यूनतम 8,70,000 वर्ष (वर्तमान कलियुग के 5,250 वर्ष + बीते द्वापर युग के 8,64,000 वर्ष) सिद्ध होता है। बहुत से विद्वान इसका तात्पर्य ई.पू. 8,000 से लगाते हैं जो आधारहीन है। अन्य विद्वान इसे इससे भी पुराना मानते हैं।

**वाल्मीकि द्वारा श्लोकबद्ध**

**वाल्मीकि**

सनातन धर्म के धार्मिक लेखक तुलसीदास जी के अनुसार सर्वप्रथम श्रीराम की कथा भगवान शंकर ने माता पार्वती को सुनायी थी। जहाँ पर भगवान शंकर पार्वती को भगवान श्रीराम की कथा सुना रहे थे, वहाँ कागा (कौवा) का एक घोसला था और उसके भीतर बैठा कागा भी उस कथा को सुन रहा था। कथा पूरी होने के पहले ही माता पार्वती को नींद आ गई, पर उस पक्षी ने पूरी कथा सुन ली। उसी पक्षी का पुनर्जन्म काकभुशुंडी के रूप में हुआ। काकभुशुंडी ने यह कथा गरुड़ को सुनाई। भगवान शंकर के मुख से निकली श्रीराम की यह पवित्र कथा 'अध्यात्म रामायण' के नाम से प्रख्यात है। 'अध्यात्म रामायण' को ही विश्व का सर्वप्रथम रामायण माना जाता है। हृदय परिवर्तन हो जाने के कारण एक दस्यु से ऋषि बन जाने तथा ज्ञानप्राप्ति के बाद वाल्मीकि ने भगवान श्रीराम के इसी वृत्तांत को पुनः श्लोकबद्ध किया। महर्षि वाल्मीकि के द्वारा श्लोकबद्ध भगवान श्रीराम की कथा को 'वाल्मीकि रामायण' के नाम से जाना जाता है। वाल्मीकि को




आदिकवि कहा जाता है तथा वाल्मीकि रामायण को 'आदि रामायण' के नाम से भी जाना जाता है।

**रामचरितमानस**

**मुख्य लेख : रामचरितमानस**

भारत में विदेशियों की सत्ता हो जाने के बाद संस्कृत का ह्रास हो गया और भारतीय लोग उचित ज्ञान के अभाव तथा विदेशी सत्ता के प्रभाव के कारण अपनी ही संस्कृति को भूलने लग गये। ऐसी स्थिति को अत्यन्त विकट जानकर जनजागरण के लिये महाज्ञानी सन्त तुलसीदास ने एक बार फिर से श्रीराम की पवित्र कथा को देसी भाषा में लिपिबद्ध किया। सन्त तुलसीदास ने अपने द्वारा लिखित भगवान राम की कल्याणकारी कथा से परिपूर्ण इस ग्रंथ का नाम 'रामचरितमानस' रखा। सामान्य रूप से 'रामचरितमानस' को 'तुलसी रामायण' के नाम से जाना जाता है। कालान्तर में भगवान श्रीराम की कथा को अनेक विद्वानों ने अपने अपने बुद्धि, ज्ञान तथा मतानुसार अनेक बार लिखा है। इस तरह से अनेकों रामायणों की रचनाएँ हुई हैं।

**काण्ड**

धनुष भंग करते राम, द्वारा - राजा रवि वर्मा

रामायण के सात अध्याय हैं जो काण्ड के नाम से जाने जाते हैं।

बालकाण्ड

अयोध्याकाण्ड

अरण्यकाण्ड

किष्किन्धाकाण्ड

सुन्दरकाण्ड

युद्धकाण्ड (लंकाकाण्ड)

उत्तराकाण्ड

सर्ग तथा श्लोक

इस प्रकार सात काण्डों में वाल्मीकि ने रामायण को निबद्ध किया है। उपर्युक्त काण्डों में कथित सर्गों की गणना करने पर सम्पूर्ण रामायण में 645 सर्ग मिलते हैं। सर्गानुसार श्लोकों की संख्या 23,440 आती है जो 24,000 से 560 श्लोक कम है।

# तिरंगे का निर्माण

हमारे राष्ट्रीय ध्वज का इतिहास भी बहुत रोचक है। 20वीं सदी में जब देश ब्रिटिश सरकार की गुलामी से मुक्ति पाने के लिए संघर्ष कर रहा था, तब स्वतंत्रता सेनानियों को एक ध्वज की जरूरत महसूस हुई, क्योंकि ध्वज स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति का प्रतीक रहा है। सन 1904 में विवेकानंद की शिष्या सिस्टर निवेदिता ने पहली बार एक ध्वज बनाया, जिसे बाद में सिस्टर निवेदिता ध्वज के नाम से जाना गया। यह ध्वज लाल और पीले रंग से बना था। पहली बार तीन रंग वाला ध्वज सन 1906 में बंगाल के बँटवारे के विरोध में निकाले गए जलूस में शचीन्द्र कुमार बोस लाए। इस ध्वज में सबसे उपर केसरिया रंग, बीच में पीला और सबसे नीचे हरे रंग का उपयोग किया गया था। केसरिया रंग पर 8 अधखिले कमल के फूल सफेद रंग में थे। नीचे हरे रंग पर एक सूर्य और चंद्रमा बना था। बीच में पीले रंग पर हिन्दी में वंदे मातरम लिखा था।

**पिंगलि वेंकय्या**

सन 1908 में भीकाजी कामा ने जर्मनी में तिरंगा झंडा लहराया और इस तिरंगे में सबसे ऊपर हरा रंग था, बीच में केसरिया, सबसे नीचे लाल रंग था। इस झंडे में धार्मिक एकता को दशार्ते हुए; हरा रंग इस्लाम के लिए और केसरिया हिन्दू और सफेद ईसाई व बौद्ध दोनों धर्मों का प्रतीक था। इस ध्वज में भी देवनागरी में वंदे मातरम लिखा था और सबसे ऊपर 8 कमल बने थे। इस ध्वज को भीकाजी कामा, वीर स-ावरकर और श्यामजी कृष्ण वर्मा ने मिलकर तैयार किया था। प्रथम विश्व युद्ध के समय इस ध्वज को बर्लिन कमेटी ध्वज के नाम से जाना गया, क्योंकि इसे बर्लिन कमेटी में भारतीय क्रांतिकारियों द्वारा अपनाया गया था।

**तिरंगे का विकास**




सन 1916 में पिंगली वेंकैया ने एक ऐसे ध्वज की कल्पना की, जो सभी भारतवासियों को एक सूत्र में बाँध दे। उनकी इस पहल को एस.बी. बोमान जी और उमर सोमानी जी का साथ मिला और इन तीनों ने मिल कर नेशनल फ़्लैग मिशन का गठन किया। वेंकैया ने राष्ट्रीय ध्वज के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से सलाह ली और गांधी जी ने उन्हें इस ध्वज के बीच में अशोक चक्र रखने की सलाह दी, जो संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बाँधने का संकेत बने। पिंगली वेंकैया लाल और हरे रंग के की पृष्ठभूमि पर अशोक चक्र बना कर लाए पर गांधी जी को यह ध्वज ऐसा नहीं लगा कि जो संपूर्ण भारत का प्रतिनिधित्व कर सकता है। राष्ट्रीय ध्वज में रंग को लेकर तरह-तरह के वाद-विवाद चलते रहे। अखिल भारतीय संस्कृत कांग्रेस ने सन 1924 में ध्वज में केसरिया रंग और बीच में गदा डालने की सलाह इस तर्क के साथ दी कि यह हिंदुओं का प्रतीक है। फिर इसी क्रम में किसी ने गेरुआ रंग डालने का विचार इस तर्क के साथ दिया कि ये हिन्दू, मुसलमान और सिख तीनों धर्म को व्यक्त करता है।

## बाजार से घर आ रहे युवक को मारी गोली हालत गंभीर

पूरा मामला असोहा थाना क्षेत्र के हरिनाम खेड़ा मदारी खेड़ा का है ।जहा बाजार से घर वापस आ रहे बलराम यादव को उसी गांव के सर्वेश कुमार कुली चंद्र हेमराज पासवान । ने पुरानी रंजिश के चलते बलराम यादव को गोली मार दी जिससे हालत बहुत नाजुक हो गई और उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। बताते चलें कि आज बाजार से घर वापस आ रहे बलराम यादव को उसी गांव के हेमराज कुली चंद्र सर्वेश कुमार जो तीनो मोटरसाइकिल से सवार थे अकेला देख बलराम यादव को दबंगई दिखाते हुए आक्रोश में आकर सीधे गोली मार दी जिससे हालत गंभीर हो गई ।
सूत्रों से मिली जानकारी कुछ माह पहले नजदीकी थाना में एससी एसटी एक्ट लगाने के लिए थाने में। तहरीर दी गई थी ।
पुरानी रंजिश के चलते दबंगई दिखाते हुए घटना को अंजाम दिया।

# ब्रह्मसमाज

ब्रह्मसमाज हिन्दू धर्म से सम्बन्धित प्रथम धर्म-सुधार आन्दोलन था। इसके संस्थापक राजा राममोहन राय थे, जिन्होंन 20 अगस्त, 1828 ई. में इसकी स्थापना कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) में की थी। इसका मुख्य उद्देश्य तत्कालीन हिन्दू समाज में व्याप्त बुराईयों, जैसे- सती प्रथा, बहुविवाह, वेश्यागमन, जातिवाद, अस्पृश्यता आदि को समाप्त करना। राजा राममोहन राय को भारतीय पुनर्जागरण का पिता माना जाता है। राजा राममोहन राय पहले भारतीय थे, जिन्होंने समाज में व्याप्त मध्ययुगीन बुराईयों को दूर करने के लिए आन्दोलन चलाया। देवेन्द्रनाथ टैगोर ने भी ब्रह्मसमाज को अपनी सेवाएँ प्रदान की थीं। उन्होंने ही केशवचन्द्र सेन को ब्रह्मसमाज का आचार्य नियुक्त किया था। केशवचन्द्र सेन का बहुत अधिक उदारवादी दृष्टिकोण ही आगे चलकर ब्रह्मसमाज के विभाजन का कारण बना।

**प्रचार तथा विभाजन**

राजा राममोहन राय का जन्म 22 मई, 1774 ई. को बंगाल के हुगली ज़िले में स्थित 'राधा नगर' में हुआ था। इन्हें फारसी, अरबी, संस्कृत जैसे प्राच्य भाषाओं एवं लैटिन, यूनानी, फ्राँसीसी, अंग्रेजी, हिब्रू जैसी पाश्चात्य भाषाओं में निपुणता प्राप्त थी। पटना तथा वाराणसी में अपनी शिक्षा प्राप्त करने के बाद इन्होंने 1803 ई. से 1814 ई. तक कम्पनी में नौकरी की। राजा राममोहन राय ने एकेश्वरवाद में विश्वास व्यक्त करते हुए मूर्तिपूजा एवं अवतारवाद का विरोध किया। इन्होंने कर्म के सिद्धान्त तथा पुनर्जन्म पर कोई निश्चित मत नहीं व्यक्त किया। राजा राममोहन राय ने धर्म ग्रंथों को मानवीय अन्तरात्मा तथा तर्क के ऊपर नहीं माना। राजा राममोहन राय के उपदेशों का सार ह्यसर्वधर्म समभावह्न था। कालान्तर में देवेन्द्रनाथ टैगोर (1818-1905 ई.) ने ब्रह्मसमाज को आगे बढ़ाया और उन्होंने तीर्थयात्रा, मूर्तिपूजा, कर्मकाण्ड आदि की आलोचना की। इनके द्वारा ही केशवचन्द्र सेन को ब्रह्मसमाज का आचार्य नियुक्त किया गया। केशवचन्द्र सेन (1834-1884 ई.) ने अपनी वाक्पटुता एवं उदारवादी दृष्टिकोण से इस आंदोलन को बल प्रदान किया। इनके ही प्रयासों के फलस्वरूप ब्रह्मसमाज की शाखाएँ उत्तर प्रदेश, पंजाब एवं मद्रास में खोली गयी। केशवचन्द्र सेन का अत्यधिक उदारवादी दृष्टिकोण ही कालान्तर में ब्रह्मसमाज के विभाजन का कारण बना। 1865 ई. में देवेन्द्रनाथ ने केशवचन्द्र को ब्रह्मसमाज से बाहर निकाल दिया।

**राजा राममोहन का योगदान**

राजा राममोहन राय ने कुछ महत्त्वपूर्ण रचनाएँ भी की हैं, उनकी कुछ रचनाएँ इस प्रकार हैं- 'तुहफतुल-मुवाहिद्दीन', 'गिफ़्ट द मोनाथेइस्ट्स' (1809 ई. में पारसी में प्रकाशित), 'पीसेप्टस ऑफ जीसस' आदि। इन्होंने 'संवाद कौमुदी' का भी सम्पादन किया। राजा राममोहन राय ने 1815 ई. में हिन्दू धर्म के एकेश्वरवादी मत के प्रचार हेतु आत्मीय सभा का गठन किया, जिसमें द्वारकानाथ टैगोर शामिल थे। 1815 ई. में इन्होंने वेदांत कॉलेज की स्थापना की। राजा राममोहन राय ने अपने समय में भारतीय समाज में व्याप्त तमाम बुराइयों में सर्वाधिक प्रखर आन्दोलन सती प्रथा के विरुद्ध चलाया। 1829 ई. में भारत के गवर्नर-जनरल लॉर्ड विलियम बैंटिक द्वारा सती प्रथा को प्रतिबंधित करने के लिए लगाए गए कानून को लागू करवाने में राजा राममोहन राय ने सरकार की मदद की। राजा राममोहन राय ने पाश्चात्य शिक्षा के प्रति अपना समर्थन जताते हुए कहा कि, 'यह हमारे सम्पूर्ण विकास के लिए आवश्यक है।' 1817 ई. में डेविड हेयर की सहायता से कलकत्ता में हिन्दू कॉलेज की स्थापना की गई।

राजा राममोहन राय को भारत में पत्रकारिता का अग्रदूत माना जाता है। इन्होंने समाचार-पत्रों की स्वतंत्रता का समर्थन किया था। भारत की स्वतंत्रता के बारे में उनका मत था कि, भारत को तुरन्त स्वतंत्रता न लेकर प्रशासन में हिस्सेदारी

# गणेश गीता (गीता भाग 109)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

गजानन भगवान ने राजा वरेण्य को अनेक प्रकार की राक्षसी प्रवृत्तियों को गिनाया और यह भी बताया कि दैवी और राक्षसी दोनों प्रवृत्ति मां मानव शरीर में विद्यमान हो इसी वसुन्धरा पर विराजती हैं लेकिन मानव स्वार्थवश वश उन्हें पहचानने में हमेशा भूल करता रहता है` गणेश जी वरेण्य को आगे उपदेश देते हुए कहा रहे हैं :-

पृथिव्यां सर्वलोके च,
प्रवृत्य वसंति ते`
मद्भक्ति रहिता लोका,
राक्षसी न प्राकृतिक श्रिताः`

हे राजन! पृथ्वी व स्वर्ग लोक में दैवी व आसुरी दोनों प्रकार की प्रकृतियां विराजती हैं` जो लोग मेरी भक्ति से रहित हैं वे ही आसुरी वृत्ति से आवृत्त रहा रहा करते हैं`

तामसी थे श्रिता राजन
यान्ति ते रौरवं ध्रुव`
अनिर्वाच्यं ते दुखं ,
भुञ्जते तंत्र संस्थिताः`

हे राजन जो तामसी प्रकृति का आश्रय लेकर जीते हैं वे रौवरव नामक नर्क को प्राप्त होते हैं` वहां अवर्णनीय दुःख को प्राप्त होते हैं`

इस लिए ध्यान रखना चाहिए कि। मांस मदिरा व्यभिचार आदि अनैतिक कर्मों से दूर रहें`




दैवान्ननिःकृत्य नरकान
जायन्ते भुवि कुब्जकाः
जात्यन्धाः पङ्गवो दीना
हीन जातिषु ते नृप`

हे राजन जो तामसी प्रकृति के लोग हैं यदि प्रभु उनपर कृपा करके रौरव नर्क से बाहर कर देता है तो पुनः जन्म लेने पर कुबड़े, जन्म से ही अंधे ,दीन और हीन जाति वाले होते हैं`

पुनः: पाप समाचारा,
मयिभक्त्या पतंति ते
उत्पतन्ति ही मद्भक्त्या
यां काञ्चित योनिं आश्रिताः

हे राजन !पापाचारी हमेशा मेरी भक्ति से रहित हो कर पतित होते रहते हैं परन्तु जो मेरे भक्त हैं वे कर्म वश किसी भी योनि में चले जाय वे नष्ट नहीं होते उनका उद्धार हो ही जाता है`

इस लिए बंधुओं प्रयत्न करके माया से मन को हटा कर परमात्मा की शरण में चलो` माया का सारा जाल यहीं रह जायगा केवल आपके द्वारा संचित धर्म और कर्म ही इस जीवन के साथ जायेगा`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## संक्षिप्त न्यूज

### प्रदेश में ईको टूरिज्म की असीम संभावनाओं को आकार देने के लिए प्रयास और तेज करने की जरूरत

प्रदेश में ईको टूरिज्म बोर्ड का गठन किया जाना उचित होगाः मुख्यमंत्री
ईको टूरिज्म को गति देने के लिए पर्यटन, सिंचाई, वन, आयुष
और ग्राम्य विकास आदि विभागों को एकजुट होकर प्रयास करना होगा
समन्वित प्रयासों से आज उ0प्र0 नेचर, कल्चर और एडवेंचर का संगम बन रहाः मुख्यमंत्री
ईको पर्यटन, वन्य जीव एवं अन्य वानिकी कार्यों में स्थानीय लोगों को शामिल किए जाने के लिए 'नेचर गाइड बेहतर विकल्प
वन्य जीवों की रिहाइश वाले जंगलों के बीच स्थित गांवों का समुचित व्यवस्थापन कराया जाए, प्रभावित लोगों की सहमति जरूर ली जाए

**लखनऊः 10 जुलाई, 2022**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समन्वित प्रयासों से आज उत्तर प्रदेश नेचर, कल्चर और एडवेंचर का संगम बन रहा है। एक आकलन के अनुसार, छुट्टियों पर आने वाले पर्यटकों में से 35 प्रतिशत पर्यटकों द्वारा ईको-हॉलिडे बुक करने की संभावना अधिक होती है, जिससे ग्लोबल ईको टूरिज्म को बढ़ावा मिलता है। प्रदेश में ईको टूरिज्म की असीम संभावनाओं को आकार देने के लिए प्रयास और तेज करने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ईको टूरिज्म को गति देने के लिए पर्यटन, सिंचाई, वन, आयुष और ग्राम्य विकास आदि विभागों को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। इसके लिए प्रदेश में ईको टूरिज्म बोर्ड का गठन किया जाना उचित होगा। बोर्ड में सम्बन्धित विभागों के मंत्रीगणों, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, महानिदेशक/निदेशक के साथ-साथ विशेषज्ञों को भी स्थान दिया जाना चाहिए। पर्यटन विभाग को इसका नोडल विभाग बनाया जाना चाहिए। बोर्ड में भारतीय वन सेवा के योग्य अधिकारी को भी स्थान दिया जाए। बोर्ड गठन की कार्यवाही यथाशीघ्र पूरी की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बोर्ड द्वारा पर्यटन व सांस्कृतिक विरासत मूल्यों का प्रचार-प्रसार, आतिथ्य सत्कार हेतु स्थानीय समुदायों की कौशल क्षमता का निर्माण, पर्यटकों के लिए यात्रा कार्यक्रम तैयार करना, ईको-टूरिज्म साइट का प्रचार-प्रसार, परियोजनाओं के संचालन हेतु पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के साथ समन्वय बनाने जैसे कार्य संपादित किये जायेंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ईको पर्यटन, वन्य जीव एवं अन्य वानिकी कार्यों में स्थानीय लोगों को शामिल किए जाने के लिए ह्यनेचर गाइडह्ण बेहतर विकल्प हो सकते हैं। इसके लिए योग्य युवाओं का चयन कर इनका बेहतर प्रशिक्षण कराया जाए। वन्य जीवों की रिहाइश वाले जंगलों के बीच स्थित गांवों का समुचित व्यवस्थापन कराया जाए। इस कार्य में प्रभावित लोगों की सहमति जरूर ली जाए।

### लायंस क्लब नोएडा ने वरिष्ठ नागरिकों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कराई

(हरेश उपाध्याय) नोएडाः-लायंस क्लब द्वारा सामुदायिक भवन सेक्टर-39 में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य जांच के लिए यथार्थ अस्पताल नोएडा के डॉक्टर अजीत सिंह एम एस, डॉक्टर वागनीश,




डॉक्टर दिव्यांश हड्डी रोग विशेषज्ञ, डा आशीष, कु अनुष्का, डायटिशियन तथा रक्त जांच, बोन डेंसिटी व इ सी जी जांच की टीम उपस्थित रही। कैंप में पीएमजेएफ के ए के मित्तल वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने लायंस क्लब नोएडा के प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच बहुत आवश्यक है। जिसके लिए लायंस क्लब का यह प्रयत्न बहुत प्रशंसनीय है। सामाजिक भागीदारी करते हुऐ आर डब्लू ए सेक्टर -39 द्वारा सामुदायिक केंद्र निशुल्क दिया गया। लायंस क्लब नोएडा की ओर से रचना यादव, अध्यक्ष तरुण चौहान, सचिव दीप्ति वार्ष्णेय,कोषाध्यक्ष एच के वार्ष्णेय, आई आर छाबड़ा, सीएस भोगल, मुकुल बाजपेई, मानसिंह, आर एस यादव,हेमेंद्र चौहान , अनुराग गोयल, सुरेंद्र शर्मा, लीना चौहान, पुष्पा चौहान, शिवानी, आदित्य श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष, वर्षा, आर एन श्रीवास्तव , एस सी अग्रवाल आदि उपस्थित रहें।

### सावन के सोमवार में शिवालयों में होगी महाआरती-अनंत अग्रवाल

#### श्रावण मास और सोमवार दिन भगवान शिव को अत्यंत प्रिय-सुबोध गुप्ता

दैनिक समाज जागरण संभल । 14 जुलाई से शुरू होने वाले श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को नगर के शिवालयों में हिंदू जागृति मंच ने सामूहिक रुप से संध्या समय महाआरती करने का निर्णय लिया है।



चंदौसी रोड पर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हिंदू जागृति मंच की बैठक में प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने श्रावण मास का और सोमवार का विशेष महत्व बताते हुए कहा कि भगवान शिव को श्रावण मास अत्यंत प्रिय है। इसी प्रकार दिनों में सोमवार का दिन अत्यंत प्रिय है। परंतु श्रावण मास के सोमवार का दिन भगवान शिव के लिए इतना प्रिय है कि जो भी भक्त इस दिन भगवान शिव की पूजा अर्चना करता है उसे वह मनचाहा वरदान प्रदान करते हैं। जिला महामंत्री विकास कुमार वर्मा ने सोमवार और श्रावण मास का विशेष आध्यात्मिक महत्व बताते हुए इस दिन हिंदू जागृति मंच द्वारा विशेष पूजन अर्चन की योजना बनाने की बात कही। दुष्यंत मिश्रा, सुभाष चंद्र शर्मा, अजय कुमार शर्मा, शिव शंकर शर्मा, वीरेंद्र कुमार गुप्ता, राकेश कुमार, निरंकार सिंह, सरिता गुप्ता, प्रभात गुप्ता आदि ने श्रावण मास में आने वाले प्रत्येक सोमवार को विशेष अनुष्ठान करने तथा श्रावण के सोमवार को विशेष दिवस के रूप में मनाने की बात कही। सभी उपस्थित सदस्यों की सहमति के आधार पर हिंदू जागृति मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार 18 जुलाई, 25 जुलाई, 1 अगस्त और 8 अगस्त को संध्या समय सामूहिक रूप से भगवान शिव का विशेष पूजन अनुष्ठान करके सामूहिक रूप से महा आरती करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि श्रावण मास में चार सोमवार आ रहे हैं। जिनमें नगर के मनोकामना तीर्थ, सूर्य कुंड तीर्थ, महिला मंडल मंदिर और वनखंडन मंदिर में सामूहिक पूजन अर्चन औ र महाआरती का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता अरविंद शंकर शुक्ला ने की और संचालन हिंदू जागृति युवा मंच के जिला अध्यक्ष नवनीत कुमार ने किया।

# मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

## *हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में विकास के लिए उ0प्र0 में असीमित सम्भावनाएंः मुख्यमंत्री*

*जनपद गोरखपुर में 06 एकड़ के विशाल परिसर में स्टेट होटल प्रबंधन संस्थान की स्थापना के लिए भूमि चयनित*

*चौरी-चौरा जनांदोलन की पुण्य भूमि के समग्र विकास के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, यहां शहीद हुए सेनानियों के चित्र/प्रतिमा की स्थापना की जाए, सभी 75 जिलों के ओ0डी0ओ0पी0 उत्पादों के स्थायी स्टॉल स्थापित किये जायें*
*गोरखपुर में गौरव संग्रहालय की स्थापना करायी जाए, नाथ पंथ, बौद्ध धर्म, जैन सम्प्रदाय की विविधताओं एवं परम्पराओं को यहां दशार्या जाए*
*गोरखपुर का गौरव दिखाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग भी किया जाए*
*जनपद अमेठी में बाबा गोरखनाथ की तपोस्थली और उनके अनन्य भक्त मलिक मोहम्मद जायसी की जन्मभूमि जायस का सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास किया जाए*
*तपोस्थली के निकट के ताल को अमृत सरोवर के रूप में संरक्षित करते हुए ताल के चारों ओर मनोरंजन का आकर्षक केंद्र बनाया जाए*
*जनपद प्रयागराज में गंगा नदी पर ओल्ड कर्जन ब्रिज को गंगा गैलरी/हेरिटेज पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए*
*88,000 ऋषियों की तपोस्थली नैमिषारण्य के समग्र विकास के लिए सरकार संकल्पित*
*नैमिषधाम के 05, 14 और 84 कोसी परिक्रमा पथ का विकास किया जाए*
*लखनऊ-नैमिषधाम हेलीपोर्ट सेवा शुरू करने पर विचार किया जाए*

**लखनऊः 10 जुलाई, 2022**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में विकास के लिए उत्तर प्रदेश में असीमित सम्भावनाएं हैं। कैरियर के बेहतरीन अवसरों के कारण इस क्षेत्र में युवाओं की रुचि बहुत है। इसके दृष्टिगत राज्य सरकार द्वारा जनपद गोरखपुर में 06 एकड़ के विशाल परिसर में स्टेट होटल प्रबंधन संस्थान की स्थापना कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए भूमि का चयन किया जा चुका है। यहां होटल प्रबंधन के विभिन्न उपयोगी पाठ्यक्रमों के साथ-साथ फूड क्राफ्ट के आधुनिक पाठ्यक्रम भी संचालित करने की योजना बनायी जाए। संस्थान की स्थापना के सम्बन्ध में कार्यवाही तेज की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन को नवीन दिशा देने वाले चौरी-चौरा जनांदोलन की पुण्य भूमि के समग्र विकास के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। यहां शहीद हुए सेनानियों के चित्र/प्रतिमा की स्थापना की जाए। सभी 75 जिलों के ओ0डी0ओ0पी0 उत्पादों के स्थायी स्टॉल भी यहां स्थापित किये जायें। उन्होंने कहा कि भित्ति चित्रों के माध्यम से इस क्षेत्र को और आकर्षक बनाया जाए। इन प्रयासों से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का सृजन भी होगा और नई पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित भी हो सकेगी। कार्ययोजना तैयार करते समय इसकी सस्टेनिबिलिटी को लेकर भी विचार किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि रामायण तथा बौद्ध परिपथ के हृदय स्थल पर अवस्थित गोरखपुर का इतिहास गौरवशाली रहा है। यहां की विशिष्ट गौरवशाली परंपरा है। नई पीढ़ी को इस गौरवशाली परंपरा से सुपरिचित कराने के लिए यहां गौरव संग्रहालय की स्थापना यथाशीघ्र करायी जाए। नाथ पंथ, बौद्ध धर्म, जैन सम्प्रदाय की विविधताओं एवं परम्पराओं को यहां दशार्या जाए। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय ऐसा हो, कि यदि किसी शोधार्थी को भारत, उत्तर प्रदेश तथा गोरखपुर व आसपास के पौराणिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक इतिहास की जानकारी चाहिए तो वह गोरखपुर गौरव संग्रहालय की ओर अभिमुख हो। अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल, शहीद बन्धु सिंह सहित सभी अमर सेनानियों के चित्र होने चाहिए। संग्रहालय की कार्ययोजना तैयार करते समय स्थानीय इतिहास का समग्रता से अध्ययन कर लिया जाना उचित होगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गौरव संग्रहालय में गोरखपुर का इतिहास, आजादी की लड़ाई में गोरखपुर का योगदान, गोरखपुर के विकास में नाथ पंथ की भूमिका, गोरखनाथ मंदिर का खिचड़ी मेला, गोरखपुर और आस-पास के क्षेत्र के प्रमुख त्योहार और उन्हें मनाने की विशिष्ट परंपरा, गोरखपुर का समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास, प्राचीन धरोहर, क्षेत्रीय कलाकृतियां आदि की जानकारी प्रदर्शनी और डिजिटल दोनों माध्यमों से दी जाए। गोरखपुर का गौरव दिखाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग किया जाए। संग्रहालय में एक लघु प्रेक्षागृह, योग व ध्यान कक्ष, कैफेटेरिया, डारमेट्री, कॉन्फ्रेंस हाल, पार्किंग, सोविनियर शॉप का विकास भी कराया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद अमेठी में बाबा गोरखनाथ की तपोस्थली और उनके अनन्य भक्त मलिक मोहम्मद जायसी की जन्मभूमि जायस का सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास किया जाना आवश्यक है। यहां बाबा बैठक क्षेत्र जन आस्था का केंद्र है। यहां मीठे पानी का अति प्राचीन कुआं है। इन सबका संरक्षण किया जाए। यह पुण्य भूमि आध्यात्मिक शांति के अपूर्व परिसर के रूप में विकसित किया जाए। तपोस्थली के निकट के ताल को अमृत सरोवर के रूप में संरक्षित करते हुए ताल के चारों ओर मनोरंजन का आकर्षक केंद्र बनाया जाए। जायस में पर्यटकों की सुविधाओं और जरूरतों के दृष्टिगत सभी जरूरी प्रबंध किए जाएं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद प्रयागराज में गंगा नदी पर ओल्ड कर्जन ब्रिज को गंगा गैलरी/हेरिटेज पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। यहां भारत की नदी संस्कृति पर आधारित नदी संग्रहालय का विकास तथा पुल की रेलिंग को ऊंचा किया जाए। यह आकर्षण के बड़ा केंद्र बन सकता है। इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 88,000 ऋषियों की तपोस्थली नैमिषारण्य के समग्र विकास के लिए सरकार संकल्पित है। यह हमारे वैदिक मंथन का अहम केंद्र है। इस पवित्र आध्यात्मिक क्षेत्र को श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा की दृष्टि से विकसित किया जाए। यहां के सभी कुण्डों में सभी माह स्वच्छ जल की उपलब्धता रहे। चक्रतीर्थ के जीर्णोद्धार की जरूरत है। दधीचि कुण्ड की ओर का मार्ग अभी संकरा है। मां ललिता देवी मंदिर का सुंदरीकरण कराया जाए। नैमिषधाम के 05, 14 और 84 कोसी परिक्रमा पथ का विकास किया जाए। पर्यटन विकास व सुंदरीकरण के कार्यों के लिए आवश्यकतानुसार भूमि अधिग्रहण भी किया जाए। यहां पर सुविधाजनक यात्री निवास, प्रकाश तथा पार्किंग की बेहतर सुविधा दी जाए। साथ ही, सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किये जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि नैमिषधाम में पर्यटन विकास के लिए पर्यटन, नगर विकास, पी0डब्ल्यू0डी0 तथा सिंचाई विभाग मिलकर पर्यटन विकास की ठोस कार्ययोजना तैयार करें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नैमिषधाम में दक्षिण भारत से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में लखनऊ-नैमिषधाम हेलीपोर्ट सेवा शुरू करने पर विचार किया जाए। साथ ही, पी0पी0पी0 मोड पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी कराया जाए। पर्यटन विभाग द्वारा नैमिषधाम के लिए सुविधाजनक पर्यटन पैकेज तैयार किए जाएं। मिश्रिख नगर पालिका परिषद के सीमा विस्तार की कार्ययोजना तैयार की जाए।

# क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला उपायुक्त को सौंपेंगे ज्ञापन

## *8 सूत्रीय मांगों को पूरा कराने के लिए करहेड़ा चौक पर लोगों ने शुक्रवार को दिया था धरना*

## *सरकार को दिया 31 जुलाई का अल्टीमेटम, एक अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना*

नूंह जुबैर खान सोमवार को कई गांवों के गणमान्य लोग जिला उपायुक्त को 8 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन देंगे। इस बारे में रविवार को संघर्ष समिति के सदस्यों ने पत्रकारों को जानकारी दी। चेतावनी दी गई है कि यदि 31 जुलाई तक मांगे पूरी नहीं होती है तो 1 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना करहेड़ा चौक पर किया जाएगा। आवश्यकता पड़ी तो गुरुग्राम अलवर हाईवे पर प्रदर्शन करेंगे। गांव मुलथान के इशाक खान, इमरान खान, नाजिर हुसैन घागस, हाकम खान करहेडा ने बताया कि सबसे बड़ा मुद्दा करहेड़ा कब्रिस्तान के बीच से गुजर रही पीडब्ल्यूडी सड़क को फिरनी के रास्ते पर शिफ्ट करवाना है। वहीं घागस से शाहपुर सड़क को 12 फुट से 18 फुट



चौड़ी बनाना, सांठावाडी गांव में टूटी पुलिया को बनाया जाए ताकि वाहन चालकों की परेशानी दूर हो। घागस में 33 केवी बिजली घर बनाना व पीएचसी का निर्माण करना, नोटकी, उलेटा, अकलीपुर नूंह व उलेटा के स्कूलों को अपग्रेड करना, मेवात मॉडल स्कूलों में बस सेवा शुरू करना तथा केजी-नर्सरी में दाखिले लेना। नगीना तिजारा रोड का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराए जिससे हरियाणा और राजस्थान की 20 हजार से अधिक रिश्तेदारियों को लाभ मिले। उलेटा और करहेडा में मीठा पानी की उपलब्धता करना शामिल है। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

# चंदौसी मे गौशाला में गो सेवा कार्यक्रम का किया गया आयोजित

दैनिक समाज जागरण बहजोई/ चंदौस। भारत विकास के स्थापना दिवस पर सम्भल गेट स्थित गौशाला में गो सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गायों को हरा चारा एवम दलिया खिलाया गया ।अध्यक्ष शिवनंदन शर्मा ने बताया भारत विकास परिषद की स्थापना 10 जुलाई 1963 को हुई जोकि संस्कार, सेवा, संपर्क, परियोजना के द्वारा समाज की सेवा करती है ।परिषद संपर्क योजना के द्वारा संस्कृति सप्ताह, स्थापना दिवस और प्रतिभा सम्मान, सेमिनार जैसी कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर करती है ।सचिव डॉ दुर्गा टंडन ने कहा संस्कार योजना के द्वारा बच्चों, युवाओं, परिवार, वरिष्ठ नागरिक के लिए विकास कार्यक्रम चलाती है। जिसमे प्रमुख है- बाल संस्कार शिविर, राष्ट्रीय संस्कृत गीत प्रतियोगिता, भारत को जानो, युवा संस्कार शिविर, परिवार संस्कार शिविर, आदि।



मुख्य वक्ता डॉ टी एस पाल ने कहा भारत विकास परिषद एक सेवा एवं संस्कार-उन्मुख अराजनैतिक, सामाजिक-सांस्कृतिक स्वयंसेवी संस्था है ।जो स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपनाते हुए मानव-जीवन के सभी क्षेत्रों में भारत के सर्वांगीण विकास के लिये समर्पित है। इसका लक्ष्यवाक्य है - "स्वस्थ, समर्थ, संस्कृत भारत" ।सेवा योजना के द्वारा दिव्यांगो का कल्याण, पुनर्वास, आदिवासी विकास, गाँव और शहरी - झोपड़ी विकास, सामूहिक सरल विवाह, महिलाएं और बच्चे को कानूनी सलाह देती है।

इस दौरान उपाध्यक्ष विकास गोयल,राजेश शर्मा,एड.विनोद शर्मा,दीप्ति गुप्ता,अभिषेक गुप्ता, विजय पांचाल, सुशील सक्सेना, महेश कठेरिया ,अशोक कुमार गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

# समय रहते सरकार किसानों से मांगे माफी-- अभय चौटाला

**किसान धर्मपाल को मौत के घाट उतार कर तानाशाही का किया काम-- अभय चौटाला**

हिसार (राजेश सलूजा) : गांव खेदड़ में स्थित बाबा श्योराम गिरी शांति गिरी गौशाला में आयोजित गांव खेदड़ निवासी मृतक किसान धर्मपाल सहारण की श्रद्धांजलि सभा में विधायक अभय सिंह चौटाला ने पहुंचकर मृतक किसान के परिजनों को ढांढस बंधाया। विधायक अभय सिंह चौटाला ने इस श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सत्ता में बैठे नेताओं को किसी के दुख तकलीफो से कोई लेना देना नहीं है। सरकार अपने फैसलो को थोपना चाहती है। पुलिस ने किसान धर्मपाल को मौत के घाट उतार कर तानाशाही का काम किया है और किसानों पर ही मुकदमा दर्ज करके दहशत फैलाने का काम किया है। इस मामले में जिन पुलिसकर्मियों ने किसानों पर लाठियां बरसाई उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि आज वो इस बारे में मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बात करेंगे और कहेंगे सरकार गांव खेदड़ के किसानों से माफी मांगे। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि जो भी आपका फैसला होगा। हम आपके साथ हैं। पहले भी साथ थे और आगे भी साथ रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व



विधायक राम भगत शर्मा, पूर्व विधायक नरेश सेलवाल व राष्ट्रीय सचिव उमेद लोहान समेत हजारों की तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।

### *आगामी 13 अगस्त को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन।*

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशों में एवं श्री अवनीश सक्सेना जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुध नगर के दिशा निर्देशन में मुख्यालय व तहसील स्तर पर समस्त न्यायालयों में किया जाएगा।

नोडल अधिकारी श्री राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की नव नियुक्त सचिव श्रीमती शिवानी त्यागी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका आदि के संबंधित मामलों एवं बैंक मामले तथा धारा 138 पराक्रम लिखित अधिनियम के वाद विद्युत एवं जल संबंधित विवाद, (चोरी से संबंधित विवाद ) राजस्व वाद, व्यवहारिक वाद,पारिवारिक वाद, श्रम के वाद, उत्तराधिकार के वाद तथा अन्य प्रकृति के ऐसे वाद जिन्हें आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है, समस्त ऐसे वाद राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु नियत किए जा सकेंगे । जिससे अधिक से अधिक संख्या में वादों का निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त समस्त वादकारियों से अपील है कि वह 13 अगस्त 2022 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत मैं अपने वादों के निस्तारण के लिए संबंधित न्यायालय में संपर्क स्थापित करें तथा कोविड-19 प्रोटोकाल यथा मास्क , सैनिटाइजर व सामाजिक दूरी का

# नूँह वार्ड नंङ्ग 1 में चौधरी जाकिर हुसैन, चेयरमैन संजय मनोचा व अन्य भाजपा-जजपा नेताओं का हुआ भव्य स्वागत

## नगर परिषद नूँह के चेयरमैन पद पर ऐतिहासिक जीत मिलने पर वार्ड नंङ्ग 1 के लोगों ने मनाया जश्न

नूंह जुबैर खान

नगर परिषद से चेयरमैन पद पर जजपा-भाजपा गठबंधन प्रत्याशी श्री संजय मनोचा को मिली ऐतिहासिक जीत पर आज नूँह शहर के वार्ड नंङ्ग 1 कॉलोनी वासियों ने भाजपा के दिग्गज नेता चौधरी जाकिर हुसैन, नवनियुक्त चेयरमैन संजय मनोचा व अन्य भाजपा-जजपा नेताओं का स्वागत-समारोह आयोजित



कर भव्य व जोरदार स्वागत किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जजपा नेता मास्टर बदरूद्दीन, वरिष्ठ समाजसेवी व एमिनेंट पर्सन श्री संजय गर्ग बिट्ठू, भाजपा मंडलाध्यक्ष हेमराज शर्मा, नगर पार्षद नियामत अली, गणेश दास अरोड़ा आदि पधारे।

उल्लेखनीय है कि चौधरी जाकिर हुसैन ने नगर परिषद चुनाव में दिन-रात मेहनत की थी, उनकी मेहनत की वजह से ही जजपा-भाजपा गठबंधन प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत हासिल हुई थी।

चौधरी जाकिर हुसैन ने अपने संबोधन में सभी वार्डवासियों द्वारा किए गए भव्य स्वागत का धन्यवाद व आभार जताया। उन्होंने कहा कि आप लोगों का यह प्यार, आशीर्वाद व दुआएँ उनके परिवार को दशकों से मिलती आ रही हैं। उनके परिवार के लिए राजनीति व्यवसाय नहीं है बल्कि जनसेवा करने का साधन है। उन्होंने कभी भी झूठ व फरेब की राजनीति नहीं की, हमेशा सच्चाई व लोगों की भलाई व उनकी सेवा करने का काम किया है।

हुसैन ने कहा कि नगर परिषद के चेयरमैन के पद पर संजय मनोचा को जिताकर नूंह शहर के विकास, उन्नति व खुशहाली के लिए बहुत बड़ा कदम उठाया है। यह संजय मनोचा की अकेले की जीत नहीं बल्कि पूरे नूँह शहर वासियों की जीत है।

नवनियुक्त चेयरमैन संजय मनोचा ने नगर परिषद चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाने पर सभी नूँह वासियों का धन्यवाद व आभार जताया। उन्होंने नूँह शहर वासियों से वादा किया कि नूँह के विकास के लिए दिन-रात कार्य करेंगे।

### आगामी श्री कल्कि जयंती की सफलता के लिए किया गया यज्ञ

दैनिक समाज जागरण संभल । आज प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर, कोर्ट पूर्वी में श्री कल्कि सेना (निष्कलंक दल) द्वारा आगामी 2व 3 अगस्त को आयोजित श्री कल्कि जयंती महोत्सव कार्यक्रम की सफलता के लिए मासिक यज्ञ किया गया ।



इस अवसर पर श्री कल्कि सेना (निष्कलंक दल) के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता ने कहा निरंतर कई वर्षों से आयोजित मासिक यज्ञ में इस माह आगामी 2 व 3 अगस्त को आयोजित होने वाली श्री कल्कि जयंती महोत्सव कार्यक्रम की सफलता के लिए आहुति दी गई । जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाने के लिए प्रदेश व देश के विभिन्न स्थानों से कल्कि भक्त पधारेंगे जो भगवान श्री कल्कि के जन्मोत्सव को सफल व भव्य बनाने में अपना अमूल्य योगदान देंगे । आगे कहा श्री कल्कि सेना द्वारा प्रत्येक माह की पूर्णिमा के पूर्व के रविवार को मासिक यज्ञ किया जाता है जिससे वातावरण की शुद्धता के साथ मन की शुद्धता भी होती है, जो कलयुग में बहुत आवश्यक है ।

यज्ञ का महत्व बताते हुए मंदिर के पुजारी एवं व्यवस्थापक पंडित महेंद्र प्रसाद शर्मा ने कहा यज्ञ से हमारी बाहरी व आंतरिक शुद्धता के साथ आध्यात्मिक विचारधारा का भी निर्माण होता है । यज्ञ में समाज, देश व समस्त विश्व का उद्धार करने के लिए आहुतियां दी गई हैं । साथ ही सनातन धर्म, गौ रक्षा व ब्राह्मण रक्षा का संकल्प भी लिया गया है । यज्ञ के समस्त कार्य आचार्य पंडित शोभित शास्त्री जी ने पूर्ण कराये। तदुपरांत भगवान श्री कल्कि जी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान उज्ज्वल सक्सेना, सतेंद्र चौधरी, गगन वार्ष्णेय, कुलदीप कुमार गुप्ता, हर्ष गुप्ता ,नीलम वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

### ईदुल अजहा की नमाज सम्भल ईदगाह पर शांति पूर्ण तरीके से अदा की गई। अमन शांति व भाईचारे इमामे ईदगाह ने दुआ कराई।

दैनिक समाज जागरण संभल । रविवार को सम्भल की ईदगाह पर ईदुल अजहा की नमाज इमामे ईदगाह हजरत मौलाना जहीरुल इस्लाम अपने निवास चमन सराय से पुलिस सुरक्षा के बीच ईदगाह पहुंचे ओर 8:30 बजे नमाज अदा कराई। नमाज अदा कराने के बाद खुतबा पेश किया। बाद खुतबा मुल्क व शहर में अमन शांति एवम भाईचारे को दुआ कराई। हजारों हाथ दुआ के



लिए उठे। नमाज बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईदुल अजहा की मुबारकबाद पेश की गई। इस मौके पर विधायक कुंदरकी जियाउर्रहमान बर्क, मौलाना फैजुल इस्लाम, सय्यद यूनुस मियां, फरजन्द अली वारसी, सईद अख्तर इस्राईली, कामिल एडवोकेट, काशिफ खान, मो0 अजीम, मो0 मोहसिन, मुकीम साबरी, शकिलुर्रहमान मलिक आदि शामिल रहे। इमामे ईदगाह मौलाना जहीरुल इस्लाम ने घर वापसी के दौरान चौधरी सराय में डीएम मनीष बंसल, एसपी चक्रेश मिश्र, एडीएम कमलेश अवस्थी, एएसपी आलोक कुमार जायसवाल, सीओ जितेन्द्र कुमार, एसडीएम विनय कुमार मिश्र से मुलाकात करते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रखने पर आभार व्यक्त किया।

## जमीन के विवाद को लेकर भाइयों में चलें लाठी-डंडे महिला सहित चार घायल

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगावास में दो भाइयों में जमीन के बंटवारे को लेकर आपस में लाठी-डंडे चल पड़े जिसमें दो महिलाएं 2 लोग घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने सीएससी में भर्ती कराया गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगावास में शनिवार रात्रि लगभग 10:00 बजे जमीन के विवाद में सगें दो भाइयों में लाठी-डंडे चल पड़े जिसमें शैतान पुत्र रामभूप, वीरवती पत्नी शैतान, सतीश पुत्र शैतान, शिवदेई पत्नी सतीश बुरी तरह लहूलुहान हो गई जिसमें चारों बुरी तरह से घायल हो गए जिन्हें अपने निजी वाहन से गुन्नौर कोतवाली पहुंचे जहां पुलिस ने हालत गंभीर देखते हुए उपचार के लिए सीएससी गुन्नौर भेज दिया। वहीं घायल शैतान ने बताया कि मेरे बड़े भाई ओंकार ने 5 बीघा जमीन मेरे हिस्से की कब्जा ली है मैंने अपना हिस्सा मांगा तो मेरे बड़े भाई ओंमकार पुत्र रामभूप, सोमबीर,राजवीर पुत्र गढ़ ओंमकार वीरवती पत्नी सोमबीर ने लाठी-डंडों से मारपीट की जिसमें हम 4 लोग घायल हो गए वहीं पुलिस ने घायल शैतान की तहरीर के आधार पर कार्यवाही में जुट गई है




## बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में जाते समय तीन लोग घायल होने के साथ ही महिला की हुई मौत।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह जुनावई

जूनावई। थाना क्षेत्र के मेरठ बदायूं हाईवे पर बाइक में पंचर होने के उपरांत पेड़ से टकराने पर तीन लोग घायल होने के साथ ही महिला की मौत हो गई है। सभी घायलों को जुनावई सीएचसी में एडमिट कराया गया। जहां महिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं तीनों घायलों को प्रथम उपचार देकर अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं परिवार की मांग पर मृतक महिला के शव को सील कर पीएम हेतु भेजा जा रहा है। गुन्नौर थाना क्षेत्र के गंगावास गांव के रहने वाले गंगा वासी की पत्नी धन्ता देवी 48 वर्ष, देवेंद्र कुमार पुत्र गंगा वासी 20 वर्ष, श्रीमती पुत्री गंगा वासी 28 वर्ष नैंसी पुत्री रामसेवक 6 वर्ष सहित चारों लोग बाइक पर सवार होकर जरीफनगर थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव में विजय पाल सिंह के यहां दुल्हन की मुंह दिखलोनी करने जा रहे थे। तभी जुनावई थाना क्षेत्र के मेरठ बदायूं हाईवे कादराबाद के नजदीक पहुंचने पर अचानक से बाइक में पंचर होने पर बाइक का संतुलन बिगड़ गया। और वह सड़क किनारे पेड़ से जाकर टकरा गई। जिसके चलते चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के उपरांत मौके पर पहुंची थाना पुलिस के द्वारा जूना भाई सीएचसी में एडमिट कराया गया। जहां धन्ता देवी को चिकित्सकों के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। बाकी देवेंद्र कुमार श्रीमती देवी एवं नैंसी को प्रथम उपचार देकर अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना में पुत्री पुत्र घायल होने के साथ ही मां की मौत जबकि परिवार की मांग पर मृतक महिला का शव जुनावई थाना पुलिस के माध्यम से सील कर पीएम हेतु भेजा जा रहा है।

## मजहबी अकीदत से मना बकरा ईद का पर्व एसडीएम, व एसओ समेत गणमान्य लोगों ने दी मुबारकबाद

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

**धौरा टांडा/ भोजीपुर (बरेली)** तहसील सदर क्षेत्र के कस्बा धौरा टांडा, भोजीपुरा, अभयपुर, जादोपुर ,करमपुर चौधरी, परतापुर , आटामांडा, बंजरिया जागीर ,खजुआ जागीर, घूरसमसपुर , जटौआ, ईसापुर आदि गांवों में अमन शांति भाईचारे सद्भाव मजहबी अकीदत से ईद उल अजहर बकरा ईद का पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया गया क्षेत्र की मस्जिदों, ईदगाहो में अलग-अलग समय पर सुबह साढ़े छह बजे से शुरू हुई नमाज सभी स्थानों पर साढ़े नौ बजे तक संपन्न हो गई इमामों ने अपने अपने खुतबे में देश में अमन शांति भाईचारे के पैगाम के साथ सभी को जायज रोजगार व सलामती की दुआ की बाद में लोगों ने घर जाकर अल्लाह की राह में कुबार्नी पेश की वहीं क्षेत्र में लगातार पुलिस प्रशासन गश्त करता रहा उप जिलाधिकारी सदर कुमार धर्मेंद्र पुलिस थाना भोजीपुरा अध्यक्ष इंस्पेक्टर अखिलेश प्रधान ने मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद पेश की तो वही भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम अंसारी ने लोगों को ईद की मुबारकबाद देते हुए सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की मुबारकबाद पेश करने वालों में भाजपा नेता नदीम उल हसन, नगर पंचायत अध्यक्ष पति इफ्तिखार अहमद, युवा नेता तारिक नियाजी,युवा नेता मोहम्मद नाजिम ,प्रधान संघ जिला अध्यक्ष तफसीर अहमद, बसपा नेता फारुकुल हसन नियाजी, सभासद मोहम्मद ताहिर, युवा नेता फरहान नूर,युवा नेता इंतजार अहमद अंसारी, युवा नेता मोहम्मदअमजद उर्फ अन्ना, मोहम्मद साहिल ,मोहम्मद आकिल ,डॉक्टर एच अख़्तर, सभासद मोहम्मद नासिर, सभासद लईक अहमद , सभासद शकील अहमद, डा तंजीम सिराज, इंजीनियर मोहम्मद तारिक ,युवा नेता मोहम्मद अफजल ,फैसल मलिक ,मोहम्मद चांद फलक , मो आमिर ,शाहिद चौधरी नावेद खानआदि ने क्षेत्रवासियों की ईद की मुबारकबाद दी है पुलिस चौकी धौरा टांडा प्रभारी एसआई प्रमोद कुमार अपने स्टाफ के साथ क्षेत्र में बराबर सक्रिय रहे शांति पूर्वक त्योहार संपन्न कराया हल्का लेखपाल महेंद्र पाल सिंह बराबर क्षेत्र में मौजूद रहे



## अकीदत एवं एहतराम के साथ मनाया गया बकरीद का पर्व।

संवाददाता आशु खरवार दैनिक समाज जागरण

**रसड़ा (बलिया)** : त्याग व कुबार्नी का पर्व ईद-उल-अजहा बकरीद रविवार के दिन क्षेत्र में पूरे अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर अल्लाह की रजा पाने के लिए लोगों ने कुबार्नी दी। इसके पूर्व प्रातः 7.15 बजे ईदगाह सहित अनेक मस्जिदों में नमाज अदा की गई। तकरीर सुनने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। इसके बाद बकरों की कुबार्नी देने का सिलसिला शुरू हुआ। ईदगाह व अन्य मस्जिद के बाहर मौजूद रहे। इस दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी महेंद्र चौहान व सपा नेता अनुराग गर्ग (संतोष राम) ने नगर व ग्रामीण इलाकों में मुस्लिम भाइयों के घर जाकर हाथ मिलाकर वह गला मिलकर बकरीद की बधाई दी। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सोनी, चन्द्रशेखर सिंह, विजय शंकर यादव, प्रमुख समाज सेवी विनय कुमार जायसवाल, राजेश कुमार गुप्ता,बिरबल राम, सपा नेता पिन्टू अंसारी, जैकि दादा, सुजित सिंह, अंशु राजभर, आदि ने मुस्लिम भाईयों को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। शांति व्यवस्था के लिए तहसीलदार प्रभात कुमार सिंह, प्रभारी कोतवाली उस्मान अहमद, प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह, चौकी प्रभारी रविंद्र पटेल,व पिएसी बल ने मुस्लिम भाईयों को गले लगाकर बधाईयां दी।



## ईद उल अजहा के मौके पर ईदगाह में की गई नमाज अदा, संगीनों का रहा पहरा।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

गुन्नौर एवं जुनावई तथा धनारी थाना क्षेत्र की ईदगाहों में ईद उल अजहा के मौके पर हजारों की तादाद मे लोगों ने इमाम के पीछे खड़े होकर नमाज अदा की । वहीं इस मौके पर सभी स्थानों पर पुलिस को सख्त पहरा लगा रहा। नमाज अदा करने के उपरांत सभी ने अपनी कौम तथा मुल्क की तरक्की एवं हिफाजत के लिए खुदा से दुआ की। वही बाद में एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। गुन्नौर ईदगाह जुनावई थाना क्षेत्र की कादराबाद, महाबली मोहिद्दीन पुर, नगला अजमेरी, तथा धनारी थाना क्षेत्र की गढ़ी बिचोला, सुलतानगढ़, गुन्नौर थाना क्षेत्र के सैंजना मुस्लिम की



ईदगाह एवं मस्जिदों में हजारों की तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। वही सभी लोगों ने इमाम के पीछे खड़े वक्त के मुकर्रर टाइम पर नमाज को अदा किया। वही इस मौके पर ईदगाह के इमाम के द्वारा खुतबा पढ़कर सुनाया गया । वहीं इस मौके पर नमाजियों को मस्जिद ए इमाम ने बताया ईद की नमाज अदा करने के बाद खुत्बा सुनना जरूरी है। खुत्बा बिना सुने नमाज पूरी नहीं हो सकती । नमाज पूरी जब होगी जब आप बैठ कर खुद बा शांति पूर्वक सुनाएंगे । इसी के साथ नमाजियों ने नमाज अदा करने के उपरांत दोनों हाथ उठाकर अपनी कौम एवं मुल्क के लिए खुदा से दुआ मांगी। बाद में एक दूसरे ने गले लगा कर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। जबकि सैजना मुस्लिम ईदगाह में जामा मस्जिद के इमाम सुलेमान के द्वारा नमाज पढ़ाई गई। इस मौके पर उप जिला अधिकारी रामकेश धामा, तहसीलदार देवेंद्र मणि त्रिपाठी, गुन्नौर प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पाल सिंह पूनिया, वरिष्ठ उप निरीक्षक धीरेंद्र गंगवार, एसआई प्रदीप कुमार, नरेंद्र कुमार, अमित कुमार, हेम सिंह, वोविद्र शर्मा, आकाश यादव सहित सभी स्थानों पर तीनों थाने की पुलिस फोर्स ईदगाह पर मौजूद रहे कहीं भी किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी ।

## चालक को झपकी आने पर बाइक खंदी में गिरने से दो लोग घायल होने के साथ ही बुजुर्ग की मौत हुई।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह जुनावई

जूनावई। थाना क्षेत्र के मेरठ बदायूं हाईवे पर बाइक में पंचर होने के उपरांत पेड़ से टकराने पर तीन लोग घायल होने के साथ ही महिला की मौत हो गई है। सभी घायलों को जुनावई सीएचसी में एडमिट कराया गया। जहां महिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं तीनों घायलों को प्रथम उपचार देकर अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं परिवार की मांग पर मृतक महिला के शव को सील कर पीएम हेतु भेजा जा रहा है। गुन्नौर थाना क्षेत्र के गंगावास गांव



के रहने वाले गंगा वासी की पत्नी धन्ता देवी 48 वर्ष, देवेंद्र कुमार पुत्र गंगा वासी 20 वर्ष, श्रीमती पुत्री गंगा वासी 28 वर्ष नैंसी पुत्री रामसेवक 6 वर्ष सहित चारों लोग बाइक पर सवार होकर जरीफनगर थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव में विजय पाल सिंह के यहां दुल्हन की मुंह दिखलोनी करने जा रहे थे। तभी जुनावई थाना क्षेत्र के मेरठ बदायूं हाईवे कादराबाद के नजदीक पहुंचने पर अचानक से बाइक में पंचर होने पर बाइक का संतुलन बिगड़ गया। और वह सड़क किनारे पेड़ से जाकर टकरा गई। जिसके चलते चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के उपरांत मौके पर पहुंची थाना पुलिस के द्वारा जूना भाई सीएचसी में एडमिट कराया गया। जहां धन्ता देवी को चिकित्सकों के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। बाकी देवेंद्र कुमार श्रीमती देवी एवं नैंसी को प्रथम उपचार देकर अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना में पुत्री पुत्र घायल होने के साथ ही मां की मौत जबकि परिवार की मांग पर मृतक महिला का शव जुनावई थाना पुलिस के माध्यम से सील कर पीएम हेतु भेजा जा रहा है।

## बहेड़ी में शांतिपूर्ण ढंग से मना ईद-उल-अजहा

संवाददाता समाज जागरण

**बरेली** : जिले के बहेड़ी क्षेत्रों में त्याग और बलिदान का पर्व ईद-उल- -अजहा शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े बंदोवस्त रहे। अधिकांश जगहों पर दोनों समुदाय के लोगों ने मिल जुलकर पर्व का आनंद लिया। लोगों ने एक दूसरे को पर्व की मुबारकबाद भी दी। ईद-उल-अजहा का पर्व रविवार को हर्षोल्लास के साथ शांति व सौहार्द भरे माहौल में मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों में बकरीद की विशेष नमाज अकीदत के साथ अदा की व जीवन में उन्नति, खुशी, समृद्धि तथा देश में



शांति की सलामती की दुआएं मांगी। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद भी दी। मौके पर लोगों ने सेवईयां खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा भी कराया। बड़े-बूढ़े सहित खासकर बकरीद को लेकर बच्चे अति उत्साहित थे। सुबह बकरीद की विशेष नमाज पढ़कर लोगों ने खुदा राह में बकरे व भेड़ आदि की कुबार्नी की। अल-सुबह से ही लोग फिजां में इत्र की खुशबू बिखेरते मस्जिदों की ओर कूच करने लगे। खचाखच भरी मस्जिद में स्थान के अभाव में देर से पहुंचने वालों को दूसरी मस्जिदों में जाना पड़ा। परंपरा को निभाते हुए कई मस्जिदों के बाहर भी नमाज पढ़ी गई। नए वस्त्रों में सजे बच्चे, युवा व बुजुर्ग नये वस्त्रों में ईदगाह व मस्जिदों की ओर उत्साह के साथ जाते देखे गए। बरेली जिले की तहसील बहेड़ी मैं ईदगाह मियांवाली मस्जिद बाजार वाली मस्जिद ताज मस्जिद जामा मस्जिद मोती मस्जिद व अन्य मस्जिद तमाम ईदगाहों पर बकरीद को लेकर प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती गई। विभिन्न स्थानों पर पुलिस के जवान तैनात किए गए। जगह-जगह दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। ईदगाह में नमाज अता करने आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो इसे लेकर भी प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए थे। एसडीएम पारुल तरार व सीओ बहेड़ी और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बहेड़ी लगातार भ्रमणशील रहे

## नगीना में शांतिपूर्ण ढंग से मना ईद-उल-अजहा का त्यौहार

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीनाः नगीना क्षेत्रों केगाँवो में व नगीना नगर में बढ़ापुर रोड़ स्थित ईदगाह पर ईदुलअजहा की नमाज मौलवी खलिक कासमी ने आज सुबह 7बजे अदा कराई ईदगाह पर हजारों की संख्या में लोगों ने ईदुलअजहा की नमाज अदा की। ईदगाह पर नगर पालिक की ओर से व अन्य राजनैतिक पार्टियों एवं पालिका चुनावों में अध्यक्ष पद की दावेदारी रखने वाले उम्मीदवारों ने भीअपने टैंट लगाकर नमाजियों का स्वागत किया । उधर जामा मस्जिद पर ईदुलअजहा की नमाज सुबह 7/30 बजे जामामस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मौ0अवैस अकरम ने ईदुलअजहा की नमाज अदा कराई। जामा मस्जिद में भी हजारों की संख्या में लोगों ने ईदुल अजहा की नमाज अदा की।त्याग और बलिदान का पर्व ईद-उल- -अजहा शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े बंदोवस्त रहे। अधिकांश जगहों पर दोनों समुदाय के लोगों ने मिल जुलकर पर्व का आनंद लिया। लोगों



ने एक दूसरे को पर्व की मुबारकबाद भी दी। ईद-उल-अजहा का पर्व रविवार को हर्षोल्लास के साथ शांति व सौहार्द भरे माहौल में मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों में बकरीद की विशेष नमाज अकीदत के साथ अदा की व जीवन में उन्नति, खुशी, समृद्धि तथा देश में शांति की सलामती की दुआएं मांगी। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद भी दी। मौके पर लोगों ने सेवईयां खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा भी कराया। बड़े-बूढ़े सहित खासकर बकरीद को लेकर बच्चे अति उत्साहित थे। सुबह बकरीद की विशेष नमाज पढ़कर लोगों ने खुदा राह में बकरे व भेड़ आदि की कुबार्नी की। सुबह से ही लोग फिजां में इत्र की खुशबू बिखेरते मस्जिदों की ओर कूच करने लगे। खचाखच भरी मस्जिद में स्थान के अभाव में देर से पहुंचने वालों को दूसरी मस्जिदों में जाना पड़ा। परंपरा को निभाते हुए कई मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। नए वस्त्रों में सजे बच्चे, युवा व बुजुर्ग नये वस्त्रों में ईदगाह व मस्जिदों की ओर उत्साह के साथ जाते देखे गए। ईदगाहों पर बकरीद को लेकर प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती गई। विभिन्न स्थानों पर पुलिस के जवान तैनात किए गए। जगह-जगह दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी तथा चप्पे-चप्पे पर ड्रोन कैमरे की मदद से प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा अपनी निगाहें रखे हुए थे। ईदगाह में नमाज अता करने आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो इसे लेकर भी प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए थे । उप जिलाधिकारी नगीना शैलेंद्र कुमार व क्षेत्राधिकारी सुमित शुक्ला और नगीना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा नगीना उप निरीक्षक मीर हसन उप निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा उप निरीक्षक कुलदीप राणा ये सभी तेजतर्रार ऑफिसर मौके स्थल पर मौजूद थे । वही ईदगाह पर एल आई यू नगीना प्रभारी अमित कुमार पहले से ही अपनी पैनी निगाह रखे हुए थे। कुछ पुलिसकर्मी भ्रमणशील देखे जा रह थे

## पुर अमन माहौल में अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज

समाज जागरण
संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

**बरेल**आज ईद-उल-अजहा की नमाज बाकर गंज स्थित ईदगाह, किला की जामा मस्जिद व दरगाह आला हजरत समेत शहर भर की सभी दरगाहों, खानकाहो और मस्जिदों में पुर अमन माहौल में अदा की गई। ईदगाह में मुफ्ती काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ़्ती असजद रजा कादरी (असजद मियां), जामा मस्जिद में मुफ़्ती खुर्शीद आलम व दरगाह की रजा मस्जिद में कारी रिजवान रजा ने नमाज अदा कराई। ईदगाह समेत सभी मस्जिदों में नमाज से पहले ईद-उल-अजहा की फजीलत और हजरत इब्राहीम व हजरत इस्माईल अल्हेअस्सलाम की कुबार्नी से सम्बंधित वाकया बयान किया। कहा कि अल्लाह की रजा व खुशनूदी हासिल करने के लिए जो मुसलमान साहिबे निसाब है वो अल्लाह की राह में कुबार्नी करे। नमाज के बाद खुतबा पढ़कर देश दुनिया मे अमन व खुशहाली की खुसूसी दुआ की गयी। इसके अलावा दरगाह ताजुशशरिया, खानकाह-ए-नियाजिया, दरगाह शाह शराफत अली मियां, दरगाह शाहदाना



वली, दरगाह वामीकिया निशातिया, दरगाह वली मियां, दरगाह बशीर मियां, दरगाह नासिर मियां,नूरानी मस्जिद,जहानी मस्जिद,आला हजरत मस्जिद, बीबी जी मस्जिद,कचहरी मस्जिद,पीराशाह मस्जिद,हरी मस्जिद,सुनहरी मस्जिद, हबीबिया मस्जिद, मुफ्ती ए आजम मस्जिद,मिर्जाई मस्जिद, 6 मीनार मस्जिद,कलंदर शाह मस्जिद,साबरी मस्जिद,मोती मस्जिद,नूरी मस्जिद चौकी चौराहा मस्जिद,नूरजहाँ मस्जिद समेत सभी छोटी बड़ी मस्जिदों में नमाज अदा की गई। दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि शहर में सबसे पहले दरगाह वली मियां की चाँद मस्जिद में सुबह 5 बजकर 45 मिनट पर और सबसे आखिर में दरगाह स्थित रजा मस्जिद में नमाज अदा की गई। यहाँ दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) खानदान के सभी बुजुर्गों ने नमाज अदा कर सभी को गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने इस मौके पर कहा कि हजरत इब्राहीम खलीलुल्लाह और हजरत इस्माइल जबीबुल्लाह ने अल्लाह के हुक़्म की तामील का जो नमूना पेश किया उसकी मिसाल नामुमकिन है। उम्मते मुस्लिमा पर अल्लाह ने कुरबानी लाजिम कर कयामत तक इस अजीम कुबार्नी को यादगार बना दिया। इस मौके पर मुफ्ती सलीम नूरी, नासिर कुरैशी,शाहिद नूरी,मंजूर खान,परवेज नूरी,अजमल नूरी,औरंगजेब नूरी,शान रजा, ताहिर अल्वी आदि ने भी सबको ईद की मुबारकबाद पेश की। नमाज के बाद जानवरों की कुबार्नी का सिलसिला शुरू हुआ जो तीन दिन तक चलेगा। ईदगाह में नमाज बाद जमात ए रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियां)ने भी सबको ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी

## दीपक (आशु)सक्सेना निवासी बरेली को अंतरराष्ट्रीय सनातन परिषद संगठन मे उत्तर भारत का बनाया गया संयोजक

समाज जागरण
संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

दीपक( आशु भाई) ने उत्तर भारत का संयोजक चुने जाने पर अंतरराष्ट्रिय सनातन परिषद के संस्थापक एंव राष्ट्रीय अध्यक्ष मा० मंयक श्रीवास्तव जी का साधुवाद किया और संस्थापक महोदय को विश्वास दिलाते हुए दीपक (आशु भाई) ने अपने वक्तव्य मे कहा कि संस्थापक महोदय ने मुझे सनातन धर्म संस्कृति कायम रखने और सनातन धर्म के अन्य संगठनो का एकीकरण कर सनातन धर्म को मजबूत करने के उद्देश्य से दायित्व सौंपा है जिसे मै पूरी जिम्मेदारी से पूरा करूंगा। हमने अपने संगठन सशक्त सनातन हिन्दू संघ को अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद मे विलय करके अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद के साथ मंच साझा किया और सनातन धर्म को मजबूत बनाने की पहल करी है मै अपने सनातन धर्म के खिलाफ हर उठने आवाज को उसी भाषा जबाब दूँगा जिस भाषा को गैर सनातनी उचित भाषा मे समझना चाहेंगे अब सनातन धर्म आतंकी जेहादी फतवा भाषा शैली के खिलाफ हर कानूनी भाषा मे धमार्देश जारी करा करेगा। अंतरराष्टीय सनातन परिषद सभी धर्मो का सम्मान करता है लेकिन अपने सनातन धर्म के खिलाफ साजिश रचने वालों पर कठोर कार्यवाही जरूर करेगा। लव जेहाद, गौकशी, मठ मंदिरो पर कब्जे जैसी घटनाओ को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद जल्दी ही क्रान्तिवीर सेना तैयार करेगा जो शासन प्रशासन को लव जेहादियो, गौकशी, सनातनियो का जबरन धर्म परिवर्तन करवाने वालो की जानकारी देगा। गैर सनातन धर्म विवाह पर भी अंकुश लगाया जायेगा। धार्मिक स्थल व शिक्षण संस्थानो के आस पास लगभग पांच सौ मीटर के दायरे से मांस-मदिरा गुटखा बीड़ी सिगरेट की दुकाने चिन्हित करके हटवायी जायेगी ताकि धार्मिक स्थलो की पवित्रता बनी रहे और शिक्षण संस्थानों मे पड़ने वाले छात्र-छात्राओं पर गलत प्रभाव न पडे। अंतर्राष्ट्रीय सनातन परिषद अपनी भारतीय सनातनी सभ्यता और संस्कृति की पहचान को पूरी दुनिया कायम रखने लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

**भारत माता की जय-गौमाता की जय।**




## नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी राजकुमार का कर्मचारियो ने किया स्वागत

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नजीबाबाद** आपको बता दे नगर पालिका परिषद नजीबाबाद मे नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी राजकुमार ने अपना कार्यकाल संभाला नजीबाबाद की नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी राजकुमार का नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक विपिन चौहान के नेतृत्व मे नगरपालिका के सभी कर्मचारियो ने गुलदस्ता भेंट कर हार्दिक स्वागत किया नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी चंदौसी से ट्रांसफर होकर नजीबाबाद आए हैं और नजीबाबाद के अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह चंदौसी के लिए ट्रांसफर हुए है बताया जाता है नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी राजकुमार अच्छे स्वभाव और व्यवहारिक अधिकारी है वह नगर पालिका परिषद से जुड़ी सभी कार्य को पूर्ण रूप से कराते है इस अवसर पर विभिन्न चौहान अफजाल अहमद हाजी इमाम अली पंकज शर्मा आदि नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित रहे



## माता चामुंडा देवी का पाठ प्रारंभ

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नगीना** क्षेत्र के गांव काला खेड़ी में प्राचीन शिव मंदिर पर हर वर्ष की भांति माता चामुंडा की पूजा अर्चना कर पंडित रामगोपाल भट्ट व पंडित विकास शर्मा', के सहयोग से प्रारंभ हुई जिसमें मुख्य यजमान के रूप में संदीप कुमार ने अपनी भूमिका निभाई इस मौके पर गांव के लोग महेश कुमार सेठ जी हेमराज सिंह तोल इंचार्ज राहुल कुमार एडवोकेट संजय कुमार उर्फ सुमन मुंशी जयपाल सिंह जयप्रकाश सिंह मुंशी ज्ञानचंद देवेंद्र सिंह राजकुमार उर्फ पप्पू राजवीर सिंह भूपेंद्र सिंह महेश कुमार मनोज कुमार मौजूद रहे पंडित राम गोपाल भट्ट ने बताया कि यह पाठ 7 जुलाई से प्रारंभ हुआ है यह पूजा आषाढ़ माह के गुप्त नवरात्रों में की जाती है इसका विशेष महत्व होता है यह गांव की सुख समृद्धि व खुशहाली तथा हर घर में शांति प्रदान करने के लिए की जाती है इस पूजा में गांव के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं तथा समय के अनुसार अपना अपना योगदान देते हैं जो 11 जुलाई को इसे पूर्णता प्रदान की जाएगी और फिर विशाल चामुंडा माता का यज्ञ होगा और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी गांव वालों का विशेष योगदान रहेगा।



## नगीना में शांतिपूर्ण ढंग से मना ईद-उल-अजहा का त्यौहार

**नगीनाः** नगीना क्षेत्रों केगाँवो में व नगीना नगर में बढ़ापुर रोड़ स्थित ईदगाह पर ईदुलअजहा की नमाज मौलवी खलिक कासमी ने आज सुबह 7बजे अदा कराई।ईदगाह पर हजारों की संख्या में लोगों ने ईदुलअजहा की नमाज अदा की। ईदगाह पर नगर पालिक की ओर से व अन्य राजनैतिक पार्टियों एवं पालिका चुनावों में अध्यक्ष पद की दावेदारी रखने वाले उम्मीदवारों ने भीअपने टैंट लगाकर नमाजियों का स्वागत किया । उधर जामा मस्जिद पर ईदुलअजहा की नमाज सुबह 7/30 बजे जामामस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मौ0अवैस अकरम ने ईदुलअजहा की नमाज अदा कराई। जामा मस्जिद में भी हजारों की संख्या में लोगों ने ईदुल अजहा की नमाज अदा की।त्याग और बलिदान का पर्व ईद-उल- -अजहा शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े बंदोवस्त रहे। अधिकांश जगहों पर दोनों समुदाय के लोगों ने मिल जुलकर पर्व का आनंद लिया। लोगों ने एक दूसरे को पर्व की मुबारकबाद भी दी। ईद-उल-अजहा का पर्व रविवार को हर्षोल्लास के साथ शांति व सौहार्द भरे माहौल में मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों में बकरीद की विशेष नमाज अकीदत के साथ अदा की व जीवन में उन्नति, खुशी, समृद्धि तथा देश में शांति की सलामती की दुआएं मांगी। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद भी दी। मौके पर लोगों ने सेवईयां खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा भी कराया। बड़े-बूढ़े सहित खासकर बकरीद को लेकर बच्चे अति उत्साहित थे। सुबह बकरीद की विशेष नमाज पढ़कर लोगों ने खुदा राह में बकरे व भेड़ आदि की कुबार्नी की। सुबह से ही लोग फिजां में इत्र की खुशबू बिखेरते मस्जिदों की ओर कूच करने लगे। खचाखच भरी मस्जिद में स्थान के अभाव में देर से पहुंचने वालों को दूसरी मस्जिदों में जाना पड़ा। परंपरा को निभाते हुए कई मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। नए वस्त्रों में सजे बच्चे, युवा व बुजुर्ग नये वस्त्रों में ईदगाह व मस्जिदों की ओर उत्साह के साथ जाते देखे गए। ईदगाहों पर बकरीद को लेकर प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती गई। विभिन्न स्थानों पर पुलिस के जवान तैनात किए गए। जगह-जगह दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी तथा चप्पे-चप्पे पर ड्रोन कैमरे की मदद से प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा अपनी निगाहें रखे हुए थे। ईदगाह में नमाज अता करने आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो इसे लेकर भी प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए थे उप जिलाधिकारी नगीना शैलेंद्र कुमार व क्षेत्राधिकारी सुमित शुक्ला और नगीना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा नगीना उप निरीक्षक मीर हसन उप निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा उप निरीक्षक कुलदीप राणा ये सभी तेजतर्रार ऑफिसर मौके स्थल पर मौजूद थे । वही ईदगाह पर एल आई यू नगीना प्रभारी अमित कुमार पहले से ही अपनी पैनी निगाह रखे हुए थे। कुछ पुलिसकर्मी भ्रमणशील देखे जा रह थे।

## रामलीला गौटिया स्थित नूरी रजा मस्जिद पर पुलिस प्रशासन एवं सिविल डिफेंस के वार्डेन्स मुस्तैद रहे

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

**बरेली।** जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा बरेली तथा उच्च अधिकारियों के आदेशों व निदेर्शों के क्रम में सिविल डिफेंस कोर अलखनाथ प्रभाग की वार्डेन पोस्ट शास्त्रीनगर के क्षेत्र अंतर्गत रामलीला गौटिया में स्थित नूरी रजा मज्जिद पर, ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज के वक्त पुलिस प्रशासन एवं सिविल डिफेंस के वार्डेन्स मुस्तैद रहे। सिविल डिफेंस कोर के डिप्टी पोस्ट वार्डेन सर्वेश कुमार मौर्य एवं सेक्टर वार्डेन पूरन लाल राजपूत ने मुस्तैदी से ड्यूटी की। ईद की नमाज सकुशल व शांति पूर्वक सम्पन्न हुई। इसके बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।



## ईद उल अजहा की खुशी व कन्हैयालाल का गम दोनो मनाएं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

बरेलीआज भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा बरेली के जिलाध्यक्ष परवेज मियां के निवास पर आज खुशी का पर्व ईद उल अजहा के मौके पर राजस्थान के उदयपुर में पिछले दिनों कन्हैया लाल की हत्या पर एक शोक सभा रखकर सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन व्रत रखकर उनकी आत्मा को शांति दे और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और परवेज मियां ने बताया इसका इस्लाम धर्म से कोई ताल्लुक नहीं है इस्लाम धर्म हमेशा मोहब्बत का संदेश देता है इस्लाम मोहब्बत की बुनियाद पर ही पूरी दुनिया में फैला है इस्लाम को बदनाम करने की उन लोगों की यह साजिश कामयाब नहीं होगी और हम राजस्थान सरकार और केंद्र सरकार से यह मांग करना चाहते हैं कि यह मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चला जल्द से जल्द कातिलो को सख्त सख्त फांसी की सजा दी जाए क्योंकि इन लोगों ने किसी का बेटा किसी का बाप और किसी का पति को छीना है हम सभी लोग आज यह मांग करते हैं कि इनको जल्द से जल्द सजा मिले ताकि आगे लोगों को यह ताकीद हो जिला महामंत्री निहाल खान जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर नबी रजा जिला उपाध्यक्ष सावेज रईस जिला मंत्री आसिम खान कार्यकारिणी सदस्य इफ्तिखार अहमद असलम खान भाजपा नेता शारिक. अकरम पठान. शोएब अली. रोहित. इमरान खान. शावेज खान. राहिल रजा. जमन खान आदि लोग मौजूद रहे।



# हाईटेंशन तार के संपर्क में आया बिचाली लदा ट्रैक्टर, ग्रामीणों के प्रयास से बड़ा हादसा टला

**समाज जागरण नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**



नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड के धमौल थाना क्षेत्र के जसत गांव में रविवार की शाम एक ट्रैक्टर ट्राली में आग लगने से अफरातफरी मच गई। बताया जाता है कि जसत गांव से ही एक व्यापारी बिचाली खरीद कर ले जा रहे थे। बिचाली लदा ट्रैक्टर सड़क से होकर गुजर रहा था। इसी बीच नीचे लटके बिजली प्रवाहित 11 हजार केवीए तार के संपर्क में आ गया। संपर्क में आते ही बिचाली में आग लग गई। धीरे- धीरे आग विकराल होती गई। आग की तेज लपटें देख ग्रामीण दौड़े। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तबतक पूरी बिचाली जलकर राख हो गई थी। हालांकि, ग्रामीणों की तत्परता से ट्रैक्टर किसी तरह बच गया। ग्रामीण जयराम यादव ने बताया कि गांव में सड़क किनारे काफी नीचे से तार गुजरी है। ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग से कई बार लटके तार को लेकर शिकायत की गई, फिर भी स्थिति यथावत है। उन्होंने बताया कि अगर लटके तार को ठीक नहीं किया गया, तो कभी भी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। गौरतलब है कि पकरीबरावां में कई जगहों पर तार लटका हुआ एवं जर्जर है। उससे ग्रामीण हमेशा भय में रहते हैं। विभाग को सूचना दिए जाने के बाद भी इस पर पहल नहीं किया जा रहा है। पोकसी महादलित टोला में बीच बस्ती में ट्रांसफार्मर लगा है। तार भी जर्जर है, जिससे हमेशा हादसे का डर लगा रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई मर्तबा हादसा हो चुका है, फिर भी विभाग नहीं जागा है।

# भीषण भूख,गरीबी एवं बेकारी की गिरफ्त में बिहार- धीरेन्द्र झा

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**




समस्तीपुर- बढ़ते महंगाई के दौर में बिहार भीषण भूख,गरीबी और बेकारी की गिरफ्त में है। सरकारी जमीन पर बसे दलित-गरीब को वासगीत पर्चा,आवास देने के बजाये बुलडोजर से झोपड़ी उजाड़ रही है। दलितों की वस्ती में पहुंच पथ के आभाव से वे गुलामी की जिंदगी जी रहे हैं। बिजली गरीबों का अधिकार है लेकिन सरकार गरीबों के घर से बिजली काट रही है। इसे लेकिन माले 2 सौ यूनिट बिजली गरीब परिवार को निः शुल्क देने को लेकर आंदोलन तेज करेगी। समस्तीपुर समेत संपूर्ण मिथिलांचल वर्षा के जल जमाव की गिरफ्त में रहता है। इसे लेकर सरकार मास्टर प्लान बनाने में विफल रही है। जल जमाव के खिलाफ माले संघर्ष तेज करेगी। समस्तीपुर में माले का जनाधार लगातार बढ़ रही है। इसे और आगे बढ़ाते हुए संगठित रूप देकर माले उक्त प्रश्नों पर निर्णायक संघर्ष की रूख अख्तियार करेगी। उक्त बातें भाकपा माले पोलिट ब्यूरो सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी का० धीरेन्द्र झा ने रविवार को शहर के मालगोदाम चौक स्थित जिला कार्यालय में जिला स्थाई समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा। जीबछ पासवान,अमित कुमार,सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, फूल बाबू सिंह, बंदना सिंह,मंजू प्रकाश,ललन कुमार आदि ने बैठक में अपने- अपने विचार व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव प्रो.उमेश कुमार ने की। वहीं 13 से 21 जुलाई तक खेग्रामस का विशेष सदस्यता अभियान चलाने,24 जुलाई को माले जिला कमिटी की बैठक करने,28 जुलाई को सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय कन्वेंशन करने,1 अगस्त को मजदूर संगठनों द्वारा जिला समाहरणालय पर प्रदर्शन करने,7 अगस्त को समाहरणालय पर महागठबंधन द्वारा प्रदर्शन करने,1 से 9 अगस्त तक के बीच बगड़ती कानून- व्यवस्था एवं किसान प्रश्नों को लेकर किसान महासभा द्वारा प्रखंडों पर प्रदर्शन करने,15 से 20 अगस्त के बीच माले का जिला सम्मेलन करने,21 अगस्त को ऐपवा का जिला सम्मेलन करने, 22 अगस्त को किसान महासभा द्वारा जिला समाहरणालय पर प्रदर्शन करने,15 से 20 फरवरी 2023 को पटना में माले के राष्ट्रीय महाधिवेशन को सफल बनाने समेत अन्य आंदोलनात्मक एवं सांगठनिक निर्णय लिया गया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए माले जिला सचिव प्रो.उमेश कुमार ने कहा कि सरायरंजन प्रखंड के बथुआ बुजुर्ग में मुसहर समुदाय के घर उजाड़ने एवं खानपुर के वर्मा विस्थापितों पर साजिशन हमला के खिलाफ प्रतिरोध सभा संगठित कर दोषियों पर कारबाई की मांग की जाएगी।

# बकरीद के मौके पर लोगों को दी बधाई

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर, संजय कुमार सिंह**



समस्तीपुर- ईद उल अजहा (बकरीद) के मौके पर राजद पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार राय ने धरमपुर, समस्तीपुर बाजार,चकनूर, बंदि, नीरपुर, जितवारपुर, मथुरापुर, मुक्तापुर, सारी तथा हकीमाबाद आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों को पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दिया। उन्होंने कहा कि भारत में त्योहारों एवं उत्सवों का सदियों से ही काफी महत्व रहा है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहां पर मनाए जाने वाले सभी त्योहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित कर लोगों में प्रेम,एकता और सद्भावना बढ़ाते हैं इन्होंने कहा की त्योहार हमें सारे भेदभाव भुलाकर आपसी सद्भाव के वातावरण में पर्व मनाने व गंगा-यमुनी तहजीब का सन्देश देती है। बकरीद त्याग, बलिदान,भाईचारे,शांति तथा सच्चाई की राह में अपना सब कुछ कुर्बान कर देने का संदेश देती है। निःसंदेह पर्व व त्योहारें देश की सांस्कृतिक धरोहर है। मौके पर समाजसेवी सह अधिवक्ता मो.शाहिद हुसैन,समाजसेवी मो. रूहुल्लाह खान गुड्डू , मन्नू पासवान,रामबली राय,विजय राय,अनिल राय,गणेश राय आदि मौजूद थे।

# युवक की गोली मारकर हत्या

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर, संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर-जिले के सरायरंजन थाना क्षेत्र के भगवतपुर घुसकी पेठिया में रविवार देर संध्या अपराधियों ने सब्जी खरीदने गए एक युवक को गोली मारकर जख्मी कर दिया। आनन-फानन में जख्मी युवक को सदर अस्पताल समस्तीपुर ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान स्थानीय निवासी शिबू पासवान के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि युवक सब्जी खरीदने पेठिया गया था। जहां जमीनी विवाद को लेकर चार की संख्या में आए अपराधियों ने उस पर गोली चलाई। जिसमें एक अपराधी भागने में सफल रहा। वहीं तीन अपराधियों को ग्रामीणों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# एकमा में रेलवे ओवरब्रिज का सांसद ने किया उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण छपरा (रुचि सिंह सेंगर)। पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा-सिवान रेल खंड पर एकम स्टेशन के पश्चिमी रेलवे गुमटी व आमडाढ़ी रेलवे क्रॉसिंग के मध्य आमडाढ़ी गांव के समीप नये नवनिर्मित रेल ओवरब्रिज का उद्घाटन शनिवार की शाम महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल द्वारा पूजा-अर्चना, नारियल फोड़ने के बाद फीता काटकर किया गया।

हालांकि कुछ दिन पहले केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी इसका औपचारिक उद्घाटन किया था। वहीं छपरा-सिवान नेशनल हाईवे 531 पर निमार्णाधीन आरओबी का पूर्ण रुप से निर्माण होने पर आज शनिवार को सांसद श्री सिग्रीवाल द्वारा किया गया है।

एकमा में आयोजित आरओबी के उद्घाटन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता एकमा नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह पप्पू व संचालन भाजपा नेता चैतेंद्रनाथ सिंह ने किया। इस अवसर पर आयोजित एक जन सभा को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिग्रीवाल ने कहा कि सड़क विकास की पहली सीढ़ी होती है। इस आरओबी के निर्माण में शुरूआत में कुछ तकनीकी परेशानियां थी। जिन्हें दूर कराकर निर्माण कार्य को पूर्ण कराया गया और आज इसका लोकार्पण भी कर दिया गया। आज से इस आरओबी से होकर वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है। इसकी लंबाई लगभग 885 मीटर है। जिसका निर्माण लगभग 22.02 करोड़ रुपये की धनराशि से हुई है।

इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री नितिन गटकरी सहित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति अपना आभार जताया।




इस अवसर पर जन सभा को संबोधित करने वालों व अंगवस्त्र से सम्मानित होने वाले लोगों मे भाजपा जिलाध्यक्ष रामदयाल शर्मा, जिला महामंत्री रामाशंकर शांडिल्य, उमेश तिवारी, प्रमोद सिग्रीवाल, मांझी पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, बंटी ओझा, धर्मेंद्र समाज, गौरव सिंह किशन, वीरेंद्र पांडेय, बलवंत जी, शिवनाथ बिंद, अखिलेश्वर प्रसाद भोलाजी, चंद्रशेखर सिंह, डॉ एस कुमार, अवधेश तिवारी, वृजमोहन सिंह, अजीत सिंह, मनोज पांडेय, बनियापुर के पूर्व प्रत्याशी वीरेंद्र ओझा, जितेंद्र सिंह, पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, सरपंच प्रतिनिधि अरविंद सिंह, भाजपा नेता जयकिशोर सिंह, अमरजीत सिंह, मंकेश्वर सिंह, चितरंजन सिंह के अलावा एकमा, मांझी, बनियापुर, जलालपुर क्षेत्र के भाजपा नेता व कार्यकर्ता सहित एनएचएआई के इंजिनियर्स मौजूद थे।

# मांझी में अपना किसान पार्टी की बैठक हुई आयोजित

**दैनिक समाज जागरण**



मांझी (सारण)। प्रखंड क्षेत्र के घोरहट पंचायत स्थित कामेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ राजा जी के आवास पर हरेंद्र महतो की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपना किसान पार्टी के नीति और सिद्धांतो पर चर्चा की गई। पार्टी के मुख्य एजेंडो भारतीय राष्ट्रीय नीति बनाना राष्ट्रीय जल प्रबंधन नीति बनाना फसल बीमा योजना तथा तमाम किसानों के लिए नियम बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयलाल प्रसाद सिंह कुशवाहा ने कहा कि हमारी पार्टी फरेबियों को चुनाव नही लड़ाएगी बल्कि खेत मे काम करनेवाले को चुनाव लड़ाएगी। किसानों के बीच मे रहने वाले ही चुनाव लड़ेंगे। क्योंकि अभी तक किसान के नाम पर सभी पार्टी सिर्फ वोट लेती आ रही है। परंतु केशर की खेती करनेवाले किसान भी आत्महत्या करता है यदि अपना किसान पार्टी की सरकार बनती है तो सबसे पहले कृषि नीति कानून बनाई जाएगी। जल प्रबंधन की नीति बनाई जाएगी। फसल बीमा सभी किसानों के लिए होगा। बैठक को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव योगेंद्र कुमार ठाकुर ,धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा,सुरेंद्र सिंह ,भृगुनाथ तिवारी ,मुकेश सिंह, नरेन्द्र कुमार मिश्रा ,अनिल सिंह कुशवाहा, राजकिशोर कुशवाहा, रवि रंजन साह ,डॉ बीरेंद्र प्रसाद, नितिन कुमार कुशवाहा ,मुनचुन सिंह आदि वक्ताओं ने सम्बोधित किया। बैठक में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# शिविर लगाकर 200 लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण कर वितरण की गई गई दवाएं

दैनिक समाज जागरण छपरा (प्रो. अजीत कुमार सिंह)। जिले के नगर पंचायत एकमा बाजार के वार्ड 4 में स्थित स्वयंसेवी संस्था जानकी एजुकेशनल एंड सोशल ट्रस्ट हंसराजपुर के सभागार में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा वितरण शिविर का आयोजन डॉ. सत्यदेव प्रसाद यादव के निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर में आंख, अस्थमा, हड्डी, नस, पेट, गला, मधुमेह व अन्य मौसमी बीमारियों की जांच डॉ. एसडीपी यादव, डॉ. केडी यादव, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. राजीव कुमार यादव, डॉ. शैलेश कुमार, डॉ. रवीन्द्र कुमार यादव, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. अमित कुमार महतो आदि विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद मरीजों के बीच मुफ्त में आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध करायी गईं। इसके पूर्व शिविर का उद्घाटन समाजसेवी व शिक्षक नेता अरविन्द कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित किया। श्री कुमार ने कहा कि समाज के प्रबुद्ध लोगों को जरूरतमंदों की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। जांच शिविर के सफल संचालन में ट्रस्ट के सचिव रंजीत कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष कुमार ऋषिकेश, ईश्वर दयाल सिंह, प्रमोद कुमार मिश्र, मनीष कुमार, दीप प्रकाश कुशवाहा, सुभाष पंडित, धनन्जय कुमार आदि का सराहनीय सहयोग रहा।




# 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।आज के युवाओं में ऐसा लग रहा है जैसे कि इनकी सोचने समझने की शक्ति क्षीण हो गयी है।तभी तो छोटी छोटी सी बातों को लेकर आत्मघाती कदम युवाओं के द्वारा उठाये जा रहे है।ऐसा ही एक मामला लांजी थाना अंतर्गत मनेरी फाटक रोड पर घटित हुआ जहाँ एक युवक ने घर में फांसी लगकर जान दे दी है।घटना रविवार का है। वार्ड क्रमांक 9 में रहने वाले संदीप मेश्राम उम्र 22 वर्ष का शव उसके कमरे में फंदे पर झूलता पाया गया। युवक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया अभी फिलहाल अज्ञात है।

प्राप्त जानकारी अनुसार संदीप अपने पिता के साथ रहता था। एक साल पहले ही संदीप की मां की मौत हो गई थी, तब से संदीप मानसिक तनाव में रहता था। कयास लगाए जा रहे हैं कि उसने मां के गुजरने से दुखी होकर आत्महत्या की होगी।

लांजी थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने बताया कि मौके से सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल लांजी भेज दिया है।

# 31 जुलाई को समारोह पूर्वक मनेगी कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती

दैनिक समाज जागरण मांझी (सारण)। प्रगतिशील साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संगठन "विकल्प" के तत्वाधान में हिन्दी साहित्य के अमर कथाकार एवं उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती दाऊदपुर के कोहरा बाजार स्थित आदर्श हाईस्कूल के प्रांगण में आगामी 31 जुलाई को समारोह पूर्वक मनाई जाएगी।उक्त जयंती समारोह को सफल बनाने को लेकर वरिष्ठ नागरिक के सभागार में बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता "विकल्प" सारण के जिलाध्यक्ष केदारनाथ शर्मा ने की। वहीं मुख्य रूप से इस बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षक नेता एवं "विकल्प" के बिहार राज्य प्रतिनिधि उदय शंकर गुड्डू ने बताया कि प्रेमचंद जयंती समारोह में अनेक शिक्षाविद्, प्रबुद्ध साहित्यकार, कथाकार एवं कला साहित्य से जुड़े रंगकर्मी के साथ ही भारी संख्या में छात्र नौजवान भी भाग लेंगे। जिसकी जोर-शोर से तैयारी हेतु सारण जिला इकाई के विकल्प से जुड़े सदस्यों को जुट जाने का आह्वान किया गया। मौके पर बैठक में सारण जिला इकाई "विकल्प" के जिला सचिव जलेश्वर पंडित, शहीद स्मारक समिति के सचिव सुमन कुमार, प्रबुद्ध चिंतक का.अरण तिवारी के साथ ही अन्य सदस्य भी शामिल थे।धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष शिवनाथ पुरी ने की।



# विभिन्न घटनाओं में चार महिला समेत 10 लोग घायल

दैनिक समाज जागरण छपरा (सारण)। एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घटित अलग-अलग स्थानों पर हुई वारदातों में चार महिला समेत 10 लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार सड़क हादसे में एकमा गांव के शैलेश प्रसाद व रसूलपुर गांव के कृष्णा प्रसाद घायल हो गए। वहीं आपसी विवाद में रामपुर विन्दालाल गांव की हीरा देवी, अतरसन गांव की सरिता देवी, रसूलपुर गांव के अखिलेश कुमार, बरेजा गांव के हरेराम यादव, सालिम पट्टी गांव की मीना देवी तथा भूमि विवाद में कटेया गांव के ललन सिंह व ललिता देवी पति-पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया गया। सभी घायलों का उपचार एकमा सीएचसी में कराया गया है।

इस संबंध में थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# पंवार समाज ने किया पौधरोपण

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**



बिरसा/बालाघाट।पंवार समाज द्वारा पर्यावरण को ध्यान मे रखते हुए समाज व देश हित वृक्षारोपण कर एक और सराहनीय कार्य किया है।इस कार्य को पोंडी सर्कल के पूर्व अध्यक्ष यशवंत शरणागत के मार्गदर्शन में किया गया जिन्होंने समाज के सामने प्रस्ताव रखा कि किसी शादी व्याह अथवा कोई भोज के अवसर या किसी बुजुर्ग के तेरहवीं कार्यक्रम पर दिवंगत की स्मृति मे पौधा रोपण करवाया जाय जिसको समाज ने सर्वसम्मति से यशवंत शरणागत के प्रस्ताव की सराहना किया।तत्पश्चात समाज की पहल पर वृक्षारोपण की शुरूआत विजय पटले के जन्म दिन पर पंवार मंगल भवन उकवा मे किया गया। अब एक और प्रयास कर समाज ज्यादा ज्यादा वृक्षारोपण कर देश के मुहिम को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। समाज का मानना है कि तेरहवीं के अवसर पर जो वस्तुएं दी जाती है उसके बदले में एक पौधा देकर दिवंगत की याद को अमिट करने का प्रयास है।

इस पहल की शुरूआत लिंगा निवासी स्व. अमरलाल कटरे की तेरहवीं कार्यक्रम पर की गई. जिसमें अमरलाल के दामाद महेश राना जेवनारा की प्रेरणा को स्वीकार करते हुए आये हुये महानुभावो को पौधा भेंट किया गया।जिसमें सर्व प्रथम पूजा करने आये पंडित श्री दुबे जी ग्राम पोंडी को आवला का पौधा देकर शुरूआत किया गया, साथ ही बाड़ी परिसृर मे लगभग 21 पौधे लगायें गये।

इस कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से यशवंत शरणागत पूर्व अध्यक्ष सर्कल पोंडी, दिलीप पटेल लिंगा, लोकेश राहंगडाले, चंद्रशेखर कटरे सचिव सर्कल लिंगा की उपस्थिति रही।साथ ही पुष्कर तुरकर, बोसचंद राहंगडाले, हरिनारायण राहंगडाले. भुवनलाल कटरे. योगेश शरणागत. डा. हनवत. भीमराज राहंगडाले. चोभूराम चौधरी. एवं समस्त कटरे परिवार जिन्होंने इस पहल पर अपनी सहमति देकर व्यवस्था बनाई.

साथ ही ग्राम एवं क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक एवं समस्त समाज ने इस पहल की सराहना किया।

# आरजेडी के पूर्व पर्यटन मंत्री सुरेश पासवान की पुत्रवधू हुई बीजेपी में शामिल।

दैनिक समाज जागरण देवघर ( सुधांशु शेखर) देवघर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होने वाला है, हर आम और खास व्यक्ति इस कार्यक्रम का गवाह बनना चाहता है। लेकिन देवघर में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के आवास पर ऐसी तस्वीर सामने आई है, जो काफी चर्चा में है। झारखंड के पूर्व पर्यटन मंत्री की पुत्रवधू विनीता देवी आज सांसद निशिकांत दुबे के आवास पहुंचीं। जहां पर निशिकांत दुबे ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। गौरवतल है कि विनीता देवी पूर्व पर्यटन मंत्री सुरेश पासवान की पुत्रवधू है और मुखिया भी रह चुकी हैं। पूर्व मंत्री सुरेश 55 आरजेडी से ताल्लुक रखते हैं। इससे पहले भी विजेता देवी द्वारा भाजपा का दामन थामने की अटकलें चल रही थी।



विनीता देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा का दामन थामा है। और प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी में उनका सहयोग करेंगे और उनके स्वागत की तैयारी कर रही है। वहीं पूर्व मंत्री सुरेश पासवान मीडिया के सवालों से बचते नजर आए।

सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन से पहले वैसे तमाम कार्यकताओं महिला एवं पुरुष बीजेपी में शामिल हो रहे हैं जिन्हें लगता है कि भाजपा में ही सबसे ज्यादा सम्मान है। सभी प्रधानमंत्री के स्वागत की तैयारी में जुटे हुए हैं। विनीता देवी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया है। इस तस्वीर के सामने आने से सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में हलचल उठ गई है।

वही कोकरी बांक पंचायत के पूर्व मुखिया संजू मुर्मू ने भी विनीता देवी के साथ भाजपा की सदस्यता को ग्रहण किया। संजू मुर्मू भी झामुमो के पूर्व सदस्य रह चुकी है।

# पुलिस ने दो लोगों को भेजा जेल

दैनिक समाज जागरण एकमा (सारण)। थाना क्षेत्र के एकमा हाई स्कूल के समीप से शादी करने की नियत से एक विवाहिता का नाटकीय ढ़ंग से अपहरण करने के आरोपित छपरा शहर के करीम चक खनुआ मोहल्ला निवासी मोहम्मद पप्पू को एकमा थाना के सहायक पुलिस अवर निरीक्षक दिनेश शर्मा ने गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। वहीं दूसरी ओर एकमा पुलिस ने परसागढ़ बाजार में हंगामा कर रहे पियक्कड़ ददन महतो को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है पुलिस ने दोनों आरोपितों को जेल भेज दी है।



# बालाघाट, कटंगी एवं लांजी में गणना पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।नगरीय निकाय निर्वाचन के दूसरे चरण में 13 जुलाई को नगर पालिका बालाघाट, नगर पंचायत कटंगी एवं नगर पंचायत लांजी में पार्षदों के निर्वाचन के लिए मतदान कराया जायेगा। नगरीय निकाय निर्वाचन में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) से मतदान कराया जायेगा। मतदाताओं द्वारा डाले गये मतों की गणना 20 जुलाई को की जायेगी। मतगणना के लिए 10 जुलाई को बालाघाट, कटंगी एवं लांजी में गणना पर्यवेक्षकों एवं गणना सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया। चुनाव प्रेक्षक शरद कुमार श्रोत्रिय ने कटंगी में गणना पर्यवेक्षकों एवं गणना सहायकों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण में बताई जा रही बातों को सुना और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों से कहा कि वे मतगणना के दौरान अपना काम जिम्मेदारी के साथ करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। मतगणना के दौरान मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।



# किसान चौपाल सह नुक्कड़ नाटक का आयोजन

समस्तीपुर-जिले के विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत कृषि भवन महिषी में खरीफ किसान चौपाल सह नुक्कड़ नाटक का आयोजन कृषि विभाग निदेशक बामेती पटना के पत्रांक 162 एवं जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा समस्तीपुर के ज्ञापांक 358 के आलोक में किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत महिषी के सभी कृषक,कर्मी एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। मौके पर कृषि समन्वयक मुरारी सिंह, किसान सलाहकार रंजीत कुमार,विकास कुमार,रूमी हबीबा,शशि रंजन,अमरेश कुमार,राम भजन मिश्र,नरेंद्र कुमार, योगेंद्र पासवान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# रांची को दिए जाने वाले योजनाओं के सौगात के लिए प्रधानमंत्री जी का आभार ।संजय सेठ*

**दैनिक समाज जागरण रांची** / झारखण्ड 4 दशक से बहुप्रतीक्षित रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण अनमोल सौगात। रांची स्टेशन के री-डेवलपमेंट से बढ़ेगा हमारा मान। रांची में चल रहा प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा झारखंड में 12 जुलाई को देवघर एयरपोर्ट के उद्घाटन के क्रम में किया जा रहा शिलान्यास कार्यक्रम, झारखंड की जनता को प्रधानमंत्री जी के द्वारा दिया गया अनमोल उपहार है। यह योजनाएं, इस राज्य की जनता को दी गई दी जाने वाली वो उपहार है, जिसकी प्रतिक्षा राज्य की जनता को बरसों से थी। उक्त बातें सांसद संजय सेठ ने आज एक प्रेस वार्ता कर जानकारी दी सांसद सेठ ने कहा

यह मेरा सौभाग्य है कि इनमें 1000 करोड़ से अधिक की योजनाएं रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए है। सबसे महत्वपूर्ण रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण है। इसकी प्रतीक्षा बीते चार दशक से क्षेत्र की जनता कर रही थी। खुद मैंने अपने राजनैतिक जीवन में रातू रोड को जाम मुक्त बनाने के लिए कई आंदोलनों में हिस्सा लिया। कई आंदोलन किए ताकि रातू रोड जाम मुक्त हो सके। इस जाम के कारण रातू रोड से लोग गुजरना पसंद नहीं करते और फिर राजनैतिक जीवन यात्रा के क्रम में जब मैं सांसद बना तो मैंने प्राथमिकता के आधार पर इस क्षेत्र में काम करना शुरू किया। यह मेरी प्राथमिक प्राथमिकताओं में शामिल रहा। मेरे लिए तो रातू रोड में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण एक बड़े सपने का पूरा होने जैसा है। वह सपना, जिसे चार दशक से मैं देख रहा था और मेरे साथ-साथ रांची की जनता भी देख रही थी। इस योजना की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है की आम जनता को बिना नुकसान पहुंचाए, यह योजना पूर्ण की जाएगी। नीचे की सड़क भी चौड़ी होगी, ऊपर एलिवेटेड सड़क का भी निर्माण होगा। यानी यह योजना रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक योजना होगी।

मैं धन्यवाद करता हूं आदरणीय नितिन गडकरी जी का जिन्होंने सपनों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और माननीय प्रधानमंत्री जी का जो इसका शिलान्यास करने जा रहे हैं। रांची रेलवे स्टेशन, कई दशक पुराना रेलवे स्टेशन है। झारखंड की राजधानी का रेलवे स्टेशन है। निश्चित रूप से अब तक इसके समग्र विकास पर ध्यान नहीं दिया गया, रांची रेलवे स्टेशन आधुनिक स्टेशन हो, यहां तमाम प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हो सके, इसके लिए री डेवलपमेंट का कार्य होना है, उस कार्य का शिलान्यास प्रधानमंत्री जी करने वाले हैं। यह हम सब के लिए गौरव की बात है क्योंकि राजधानी का रेलवे स्टेशन जितना अच्छा होगा, आने वाले यात्रियों के नजर में राजधानी की उतनी ही अच्छी छवि बनेगी। एक और महत्वपूर्ण योजना का शिलान्यास होने वाला है और वह है रांची गुमला रोड पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण। यह सड़क झारखंड की राजधानी रांची को छत्तीसगढ़ उड़ीसा समेत कई राज्यों से जोड़ती है। इतना ही नहीं कई राज्यों को एक दूसरे से जोड़ने में इस रास्ते की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है।

# भद्रकाली शीतलनाथ जैन मंदिर के मंत्री सुनील

**दैनिक समाज जागरण इटखोरी**/चतरा राज्य के माननीय मंत्री सत्यानन्द भोगता इटखोरी चौक स्थित भद्रकाली शीतलनाथ जैन मंदिर के मंत्री स्व. सुनील जैन के घर पहुँच कर उनके परिजनों से मुलाकात की और उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उनके आत्मा की शांति की कामना की और बेहद दुःख जताते हुए कहा कि सुनील जैन जी बहुत ही मृदुभाषी व सरल स्वभाव के धनी व्यक्ति थे। सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेते थे। उनके सामाजिक कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता है। ज्ञात हो कि आज रविवार को भद्रकाली शीतलनाथ जैन मंदिर के मंत्री सुनील कुमार जैन का असामयिक निधन हो गया।*



# बैंक अधिकारी बन कर रहे थे फिसिंग, साइबर सेल ने मारा छापा, तीन साइबर क्रिमिनल गिरफ्तार,

दैनिक समाज जागरण जामताड़ाः-झारखण्ड बैंक अधिकारी बन कर रहे थे फिसिंग, साइबर सेल ने मारा छापा, तीन साइबर क्रिमिनल गिरफ्तार, चार फरार, करमाटांड़ थाना क्षेत्र का मामला।

22 may 2022:Layout 1 7/11/2022 12:58 AM Page 6



## तालाब अतिक्रमण कारियों को तहसील प्रशासन ने जारी की नोटिस

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी शुकुल बाजार हाईटेक तालाब अतिक्रमण मामले में एक बार फिर चचाओं का बाजार गर्म हो चुका है। मुसाफिर खाना तहसील प्रशासन ने तालाब की भूमि पर अतिक्रमण कारियों को नोटिस जारी कर दी है नोटिस जारी होने के बाद अतिक्रमण कारियों में हड़कंप मचा हुआ है सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही अमेठी जिला प्रशासन तालाब को अतिक्रमण मुक्त करा सकता है। क्षेत्रीय लोगों की माने तो तालाब पर कई भू माफियाओं का अवैध अतिक्रमण है जिसको ले कर कई बार जांच हुई लेकिन निष्पक्ष जांच तब संभव हुई जब अमेठी जिला प्रशासन ने संज्ञान मे लिया और मुसाफिर खाना एसडीएम सविता यादव के निर्देश पर 16 सदस्य की टीम गठित हुई और 16 सदस्य टीम ने बकायदा पैमाइश करते हुए अपनी जांच रिपोर्ट प्रशासन को भेजी जिसके बाद अमेठी प्रशासन ने नोटिस जारी करते हुए लोगों को जुमार्ने की राशि और तालाब की जमीन से अतिक्रमण हटाने की चेतवानी दी बताते चले कि शुकुल बाजार कस्बे में सड़क से सटे सुरक्षित भूमि तालाब की कीमत कई करोड़ रूपए आकी की जा रही है जिसके चलते भू माफियाओं ने तालाब की जमीन पर अतिक्रमण कर रखा है। क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही तालाब की जमीन अतिक्रमण मुक्त होगी।

## महिला प्रधान को दंबगो ने पीटा

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी दंबगों द्वारा डोंगल देने का दबाब बनाने पर वर्तमान प्रधान रजामंद न होने पर दंबगों ने प्रधान व उसके पति को जमकर पीटा। जहां पीड़ित प्रधान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत मऊ अतवारा निवासी रामलली जोकि वर्तमान समय में ग्राम प्रधान भी है जब बीती शाम दरवाजे पर गांव के ही कुछ दंबग लोग आए और गली गलौज करने लगे तो प्रधान ने इसका विरोध किया पत्पश्चात दोनों व्यक्तियों ने महिला प्रधान का बाल पकड़ कर घसीटने लगे जब बहस सुनकर प्रधान पति भी वहां पहुंचे तो जबरन डोंगल मांगने लगे तथा महिला प्रधान द्वारा डोंगल ना देने पर दोनों को जमकर मारा पीटा । जहां शोर सुनकर ग्रामीणों के आने पर किसी तरह दोनों की जान बची। वहीं पीड़ित महिला प्रधान ने बताया कि इस बार हुए पंचायत चुनाव में जब मै निवार्चित हुई हूँ तब से डोंगल को लेकर आए दिन उक्त व्यक्तियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है।

## किराना दुकानों पर बेच रहे दबाएं

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी के विकास खंड भादर में किराने की दुकान पर प्रतिबंधित दबाइयां धड़ल्ले से बेची जा रही है। क्षेत्र के रामगंज , ढेमा , दुगार्पुर , सोनारी , भादर , छोडा , हारीपुर सहित गांवो व कस्बों में किराना व्यवसायी अंग्रेजी दवाओं को खुलेआम बेच रहे है क्षेत्र के लोगों ने किराने की दुकानों पर बिक रही अंग्रेजी दवाइयों पर प्रतिबन्ध लगवाएं जाने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है।

## क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी भेटुआ सरस्वती शिक्षा मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्राम भारती परतोष में कक्षा दो से लेकर 12 वीं तक की बालिकाओं द्वारा क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की शिक्षिका नेहा सिंह के निर्देशन में बलिकाओं में अपने अपने क्राफ्ट डिजाइन को तैयार किया गया। प्रधानाचार्य गुलाब शंकर तिवारी वरिष्ठ आचार्य चन्द्र देव शर्मा , नीलम मिश्रा द्वारा इस प्रतियोगिता का अवलोकन किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बलिकाओं को प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर चयनित किया गया सभी नामों की घोषणा सोमवार को वंदना सभा में की जाएगी व पुरस्कृत किया गया

## हौदेश्वरनाथ धाम : सावन मेले की रहेगी चुस्त व्यवस्था

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ : बाबा हौदेश्वरनाथ धाम पर 14 जुलाई से एक महीने का सावन मेला शुरू हो रहा है जो 12 अगस्त तक चलेगा। मेले में शिव के अभिषेक के लिए कांवरियों की भीड़ होती है। कांवरियों की सुरक्षा को लेकर कमेटी ने बैठक कर रणनीति तय की।हथिगवां के बाबा हौदेश्वरनाथ धाम पर रविवार को मेला प्रबंधक जुगनू विश्वकर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें गंगा घाट से लेकर मंदिर और मेला परिसर की सफाई, दुकानों के व्यवस्थापन, शिव भक्तों के वाहनों को सुरक्षित रखने के लिए स्टैन्ड, स्वास्थ्य शिविर, पेयजल, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम के साथ ही गंगा में डूबने से बचाने को गोताखोरों एवं नाविकों की व्यवस्था किए जाने पर आम सहमति बनी। मेले की देखरेख के लिए पुलिस के साथ ही मेला मजिस्ट्रेट को भी आमंत्रित किए जाने की बात कही। सावन मेले में आने वाली सड़कों के किनारों पर किसी तरह का अतिक्रमण न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन से सहयोग मांगा। बैठक में सचिव विनय कुमार ओझा, कोषाध्यक्ष देवदत्त, राम कृपाल बेलौरा, रमाकांत शुक्ला, पप्पू सिंह, बालेश्वर तिवारी, राही सिंह, राकेश सिंह, मेवा, साजन, राहुल, दीपक आदि मौजूद रहे।



## अलग-अलग सड़क हादसों में हुए 5 लोग घायल

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ः कुंडा के भदरी गांव निवासी दीपक (25) पुत्र धुन्नीलाल बाइक से घर जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। पंचपेड़वा जमेठी गांव निवासी बचऊ यादव (35) पुत्र हरीलाल बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। बाघराय के रामगढ़ बनोही गांव निवासी कीर्ति मिश्रा (26) पत्नी दिलीप मिश्र सड़क हादसे में घायल हो गई। उमरी कोटिला गांव निवासी पिंकी लाल (30) पुत्र राम औतार अपने साथी अक्षय कुमार (26) पुत्र अमृतलाल के साथ बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को इलाज को सीएचसी भेजा है।

**योगस्थः कुरुकर्माणि संगं त्यक्त्वा धनंजय।**
**सिद्धय सिद्धयोःसमो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।।**

हमारे व्यवहारिक जीवन में योग का क्या साधन है अथवा व्यवहारिक जीवन में योग को कैसे जोड़ें ? इसका श्रेष्ठ उत्तर केवल गीता के इन सूत्रों के अलावा कहीं और नहीं मिल सकता है।

गुफा और कन्दराओं में बैठकर की जाने वाली साधना ही योग नहीं है। हम अपने जीवन में, अपने कर्मों को कितनी श्रेष्ठता के साथ करते हैं, कितनी स्वच्छता के साथ करते हैं, बस यही तो योग है। गीता जी तो कहती हैं कि किसी वस्तु की प्राप्ति पर आपको अभिमान ना हो और किसी के छूट जाने पर दुःख भी न हो।

सफलता मिले तो भी नजर जमीन पर रहे और असफलता मिले तो पैरों के नीचे से जमीन काँपने न लग जाये। बस दोंनो परिस्थितियों में एक सा भाव ही तो योग है। स्वभाव का समभाव में स्थित हो जाना ही तो योग है।

समत्वं योग उच्यते
संजीव कृष्ण ठाकुर जी

## ! जानें गाड़ी चलाते समय कौन-सा नियम तोड़ने पर कितने का कटता है चालान

**समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़**

यातायात विभाग द्वारा बनाए ग्रये नये ट्रैफिक नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है। नए मोटर व्हीकल एक्ट के मुताबिक अगर वाहन चलाते समय आपके पास आरसी, इंश्योरेंस सर्टिफिकेट, पॉल्यूशन, ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) और परमिट सर्टिफिकेट नहीं है या कोई अन्य ट्रैफिक नियम न फॉलो करने पर वाहन मालिक को भारी भरकम चालान का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए आज आपको इस ऑर्टिकल के माध्यम से बताने जा रहे हैं ट्रैफिक नियम तोड़ने पर कटने वाले चालान के जुमार्ना के बारे में।

***ट्रैफिक रूल तोड़ने पर इतने का कटता है चालान***

बिना आरसी के गाड़ी चलाने पर 10,000 रुपये तक का जुमार्ना
नशे में गाड़ी चलाने पर 10,000 रुपये का जुमार्ना और 6 महीने तक की जेल
दूसरी बार नशे में गाड़ी चलाते पकड़े जाने पर 15 हजार रुपये का जुमार्ना और दो साल की जेल
बिना ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी चलाने पर 5000 रुपये का जुमार्ना
बिना इंश्योरेंस गाड़ी चलाने पर 5000 रुपये का जुमार्ना और तीन महीने की जेल
जुवेनाइल के गाड़ी चलाते पड़ने जाने पर अभिभावकों पर 25000 रुपये का जुमार्ना
बिना हेलमेट बाइक चलाने पर 1000 रुपये रुपये का जुमार्ना
ओवरस्पीडिंग पर 2000 रुपये तक का जुमार्ना
बिना सीट बेल्ट लगाए गाड़ी चलाने पर 1000 रुपये का जुमार्ना

## शांति पूर्वक ईद उल अजहा की नमाज हुआ संपन्न

**समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**



ईद उल अजहा की नमाज ईदगाहों नमाज सुरु होने से पहले ही अमेठी पुलिस अधीक्षक इलामारन ने जायस ईदगाह पहुंचकर लिया पूरा जायजा और सभीअधिकारियों को दिया निर्देश सुरक्षा को लेकर कहीं से भी चूक नहीं होनी चाहिए

जायस में अकीदत के साथ अदा हुई ईद-उल-अजहा की नमाज ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज पढ़ने पहुचे नमाजी बकरीद के मेले में दिखी रौनक आए हुए आसपास के गांव के बच्चे वह नौजवान महिलाएं भरपूर लिया आनंद

अमेठी जनपद के जायस में अकीदत के साथ अदा हुई ईद उल-अजहा की नमाज ईदगाहों व मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़। ईद उल अजहा की नमाज के बाद मांगी गई दुनिया में अमनो अमान की दुआं। ईद उल अजहा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई

ईद उल अजहा की नमाज के बाद मस्जिद के इमाम ने कुबार्नी की अहमियत के बारे में बताया और रमजान की फजीलत पर रोशनी डाली बतादे कि शहर के मुस्लिम इलाके ईद में गुलजार हो जाते हैं। और ईदगाह व मस्जिदें नमाजियों की भीड़ नजर आई। ईद की नमाज की अलग ही अहमियत होती है

जायस की जामामस्जिद, के साथ साथ ईदगाहों व मस्जिद ,मोहल्ले बाली मस्जिद,आदि मुस्लिम इलाकों में ईद-उल अजहा की नमाज ईदगाहों व मस्जिदों में बड़ी अकीदत के साथ पढ़ी गई नमाज से पूर्व उलेमाओं ने कुबार्नी की अहमियत के बारे में बताया। ईद उल अजहा की नमाज के बाद दुनिया में अमनो अमान की दुआं की गई मस्जिदों के बाहर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा एसडीएम तिलोई फाल्गुनी सिंह क्षेत्राधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह व जायस थाना प्रभारी राकेश सिंह चौकी इंचार्ज तनुज व जिले के भारी सुरक्षा बल जायस में रहा मौजूद

सारे नमाजियों ने नमाज को ईदगाहों व मस्जिदों के अंदर पढ़ा कुछ नमाजी जगह न होने के वजह से बाहर नमाज अदा की

बकरा ईद की नमाज खत्म होने के बाद मुस्लिम ताकरीबत अध्यक्ष हाजी इशरत हुसैन एडवोकेट ने आए हुए क्षेत्र के एसडीएम तिलोई फाल्गुनी सिंह व क्षेत्राधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह जायस नगर पालिका परिषद अध्यक्ष महेश प्रताप सोनकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामनारायण कनौजिया व समस्त सम्मानित जनता को ईद उल जुहा का मुबारकबाद दिया और लोगों से अपील की अमन और शांति बनाए रखें

## करंट की चपेट में आने से पान किसान की दर्दनाक मौत।

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़**

मामला पट्टी। तहसील का है , खेत की सिंचाई कर रहा पान किसान करंट की चपेट में आ गया। जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया । पीएम के बाद शव पहुंचा घर तो परिजन अंतिम संस्कार के लिए ले कर रवाना हो गए हैं। पट्टी तहसील क्षेत्र के सेतापुर गांव निवासी शशीकांत चौरसिया पुत्र रामबरन चौरसिया उम्र लगभग 40 वर्ष शनिवार को सुबह 7:30 बजे के आसपास पान के खेत की सिंचाई करने गया था। इस दौरान टुल्लू में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई । जो एक पैर से दिव्यांग थे मृतक की एक बेटी संजना जिसकी उम्र लगभग 12 वर्ष और एक बेटा सागर उम्र 9 वर्ष है। पत्नी विमला एक हाथ से दिव्यांग हैं जिनकी उम्र 37 वर्ष बताई जा रही है। ग्राम प्रधान पति सीतापुर सुरेश चौरसिया का कहना है कि शशिकांत चौरसिया पान के खेत की सिंचाई कर रहा था वह टुल्लू लेकर पानी में गिर गया जिसमें करंट प्रवाहित था करंट की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई है। युवक को करंट लगने की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली आनन-फानन में लेकर सीएससी अमरगढ़ पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखने के बाद जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ के लिए रेफर कर दिया जिला चिकित्सालय पहुंचने पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है दोपहर बाद मृतक के निजी निवास ग्राम सेतापुर से इब्राहिमपुर घाट पर अंतिम संस्कार करने के लिए परिजन व रिश्तेदार रवाना हो गए।

## *क्लींजिंग थेरेपी पर निःशुल्क सेमिनार का हुआ आयोजन*

***खाओ पियो मस्त रहो क्लींज करो स्वस्थ रहो-डा पीयूष सक्सेना***
***अपना इलाज अपने हाथ -डा यश पाल गुप्ता***
***क्लींजिंग थेरेपी स्वस्थ राष्ट्र की दिशा में एक सार्थक कदम -केके अरोड़ा***




गाजियाबाद,रविवार,10 जुलाई, 2022 को अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान द्वारा किलींजिंग थेरेपी व योग द्वारा दवामुक्त जीवन की संकल्पना पर आधारित निःशुल्क सेमिनार का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर, नेहरू नगर में डॉ पीयूष सक्सेना पी.एच डी.(नेचुरोपैथी) अमेरिका, प्रणेता किलीजिंग थेरेपी,सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (रिलायंस इंडस्ट्रीज) के सानिध्य में एवं सूत्रधार डॉ. यशपाल गुप्ता विशेषज्ञ किलींजिंग थेरेपी व कोर्डिनेटर उ.भारत) के नेतृत्व में किया गया।

सत्र का शुभारंभ योगी चरत कुमार जी ने ओ३म्‌ की ध्वनि और गायत्री मंत्र से किया।

डा. यशपाल गुप्ता जी ने बताया कि किलींजिंग थेरेपी एक ऐसी विधा है जिससे ह्रदय रोग,जोड़ों का दर्द,लिवर व किडनी सम्बंधित 90% स्वास्थ्य समस्याओं और गंभीर रोगों का 100% इलाज हो जाता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।

डा पीयूष सक्सेना ने बताया कि क्लींजिंग थेरेपी की प्रासंगिक विधियों,नुस्खों को स्वयं पर,अपने माता पिता,पत्नी और पुत्र-पुत्री पर आजमाया है और उनके फायदों को जांचा परखा है। उन्होंने आगे कहा कि वे कोई फीस,डोनेशन आदि नहीं लेते और ना ही किसी कंपनी के उत्पादों का प्रचार प्रसार करते हैं।क्लींजिंग थेरेपी के प्रचार प्रसार से जनहित व आत्मसंतुष्टि ही उनका मुख्य ध्येय है।उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह हम टू व्हीलर,फॉर व्हीलर की सर्विस कराते हैं और सर्विस के बाद व्हीकल नए की तरह चलता है उसी सिद्धांथ पर हम शरीर पर कार्य कर रहे हैं।जीवन में यदि हम आंतरिक अंगों को क्लीन करते हैं तो 90% बीमारी से बचे रहते हैं।इससे एनर्जी लेवल बढ़ेगा,नींद अच्छी आएगी,आंखों के नीचे झाइयां चली जाएंगी,हिमोग्लोबिन का लेवल ठीक होगा,कमर दर्द, गुर्दे की पथरी गल कर निकल जाएगी,महिलाओं की पीसीओएस आदि समस्याएं ठीक होंगी। संस्थान के अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार अरोड़ा ने डा सक्सेना का परिचय देने के साथ कहा कि क्लींजिंग थेरेपी के जनक डॉ. पीयूष सक्सेना के सान्निध्य में नेचुरोपैथी के कैम्प लगाए जाते हैं जिसमें विभिन्न रोगों से बचाव तथा उपचार की प्रक्रिया में बिना दवाई के हम अपने शरीर को रोगमुक्त कर सकते हैं। इसमें 28 प्रकार के क्लींजिंग आदि की प्रक्रिया द्वारा उपचार किया जाता है।इस थैरेपी के नियमित अभ्यास से धीरे धीरे दवाइयों की निर्भरता कम होती जाती है और शरीर पूरी तरह रोगमुक्त हो जाता है।क्लींजिंग थेरेपी स्वस्थ राष्ट्र की दिशा में एक सार्थक कदम है।

मीडिया प्रभारी प्रवीण आर्य ने बताया कि शीघ्र ही संस्थान क्लींजिंग थेरेपी का एक दिन का शिविर डा सक्सेना के सानिध्य में लगाएगा।

महामंत्री डीएन शर्मा जी ने दूर दूर से पधारे योग शिक्षकों,साधकों का समय से पहुंचने पर आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री प्रदीप गुप्ता,व्यवस्थापक शिशु मंदिर,सुभाष गर्ग,मनमोहन वोहरा आदि मौजूद रहे।

संस्थान की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्रीमती प्रमिला सिंह, वीना वोहरा एवं सीमा गोयल ने वैदिक प्रार्थना शांतिपाठ से सत्र को संपन्न किया।

## भारत जापान मैत्री के शिल्पकार और दूरदृष्टि वाले राजनेता शिंजो आबे - मृत्युंजय दीक्षित

**अखिलेश सिंह** जापान के सबसे शक्तिशाली ,प्रभावशाली, दूरदर्शीतथा लोकप्रिय नेता पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की 8 जुलाई को नारा शहर में एक चुनावी जनसभा में तेत्सुया यामागामी नामक एक (41 वर्षीय) एक युवक ने गोली मारकर हत्या कर दी जिसके कारण पूरा जापान ही नहीं अपितु पूरा वैश्विक जगत भी शोक में डूब गया है । सभी हैरान तथा स्तब्ध हैं ।

पूर्व पीएम शिंजोआबे पूरी दुनिया में चीन के विस्तारवाद के खिलाफ एक तगड़ी मुहिम चला रहे थे। शिंजोआबे जापान के ऐसे प्रधानमंत्री थे जो 8 वर्ष तक जापान के प्रधानमंत्री रहे तथा उन्होंने वहां की लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनैतिक स्थिरता कायम की और जापान में काफी बदलाव करते हुए विकास को नयी गति देने का काम भी किया। आज जापान की विश्व जगत में जो धाक जमी है उसके कारण चीन उनसे चिढ़ा हुआ था। जैसे ही शिंजो पर हमले का समाचार चीनी मीडिया ने ही प्रोपेगैंडा शुरू कर दिया और सोशल मीडिया में चीनी लोग खुशी मनाने लगे ।

जापान के पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या काफी हैरान करने वाली है क्योंकि जापान में कभी चुनावी हिंसा या इस प्रकार की वारदातें नहीं होती है और वहां पर अमेरिका की तरह हथियार भी आसानी से नहीं खरीदे जा सकते हैं। । जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे भारत- जापान मित्रता के प्रबल पक्षधर थे। शिंजोआबे एक ऐसे दूरदर्शी नेता नेता थे जिन्होंने हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते आक्रामक रवैये को समय रहते पहचान कर अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया व भारत के साथ मिलकर क्वाड गठबंधन बनाया था। एशिया प्रशांत क्षेत्र की भू - राजनैतिक परिस्थितियों में भी उन्होंने अपनी गहरी छाप छोड़ी है जिसका असर काफी समय तक दिखायी पड़ेगा। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री की निर्मम हत्या से भारत ने भी अपना एक परम मित्र खो दिया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे की मित्रता किसी से छिपी नहीं है। आज जापान भारत के विकास में पूर्ण सहयोग कर रहा है तथा अनेकानेक योजनाओं -परियोजनाओं में वह भारी निवेश भी कर रहा है। सौर ऊर्जा से लेकर मेट्रो और बुलेट ट्रेन परियोजनाओं में जापान का निवेश है। आत्मनिर्भर भारत अभियान में भी जापान महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। आज भारत में चीनी कम्पनियों के व्यापार में आ रही गिरावट है के लिए भी चीन परोक्ष रूप से जापान को ही जिम्मेदार मान रहा था।

शिंजोआबे जापान में राष्ट्रवादी छवि के नेता थे यही कारण है कि उनकी भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गहरी मैत्री हो गयी थी। मोदी जी से मैत्री के कारण ही शिंजोआबे ने सबसे अधिक बार भारत की यात्रा की और मित्रता ओ एक मुकाम तक पहुंचाया। प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी गहरी मैत्री के ही कारण 2014 में विकास परियोजनाओं पर समझौते हुए भारत -जापान के बीच बुलेट ट्रेन समझौता हुआ इसके तहत भारत को 88 हजार करोड़.रूपए महज 0.1 फीसदी ब्याज पर देना तय हुआ। हिंद प्रशांत क्षेत्र में भी साझेदारी बढ़ी और 2016 में असैन्य परमाणु समणैता हुआ यह इसलिए भी महत्वपूर्ण था क्योंकि पहले जापान ने कभी भारत को परमाणु शक्ति के तौर पर मान्यता नहीं दी थी। 2007 में स्वर्गीय शिंजोआबे ने प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए भारत यात्रा की और संसद में भाषण देते हुए भारत- जापान मैत्री को अहम बताते हुए इन सम्बंधों को ह्वदो सागरों का मिलनह्ल बताया। विदेश नीति के विशेषज्ञों के अनुसार इस भाषण ने भारत -जापान को अधिक पास लाने की नींव रखी । शिंजोआबे 2014 के गणतंत्र दिवस परेड पर वे मुख्य अतिथि भी रहे।

शिंजोआबे भारत से विषष लगाव रखते थे। वह एक ऐसे जापानी प्रधानमंत्री थे जिन्होंने सबसे अधिक 5 बार भारत का दौरा किया था। वह पहली बार 2006 -07 में भारत आये । उसके बाद 2012 से 20 के मध्य अपने दूसरे कार्यकाल में शिंजोआबे 2014, 15 और सितंबर 2017 में भारत आये। भारत के प्रति शिंजो आबे का प्यार ही था जिसके कारण भारत ने उन्हें 2021 में अपने नागरिक सम्मान पद्मविभूषण से सम्मानित किया था।

जापानी प्रधानमंत्री शिंजोआबे का काशी से भी लगाव था, पीएम नरेंद्र मोदी उन्हें अपने साथ काशी लेकर गये जहां पर वह गंगा आरती में शामिल हुए और पूजा की थाली हाथ में लेकर आरती उतारी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शिंजोआबे ने काशी को क्योटो बनाने का साझा संकल्प लिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रीमद्भगवद् गीता भेंट की थी। स्मरणीय रहेगा कि काशी में आज जो रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर बनकर पूरा हो चुका है उसके निर्माण में जापान का ही सहयोग रहा है।

सितंबर 2017 में वह गुजरात आये और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अहमदाबाद में रोड शो किया और भारत -जापान वार्ता में भाग लिया। अहमदाबाद यात्रा में शिंजोआबे ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ साबरमती आश्रम में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी दी थी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिंजो आबे के कार्यकाल में जब जापान गये तब वहां पर भी उनका भव्य स्वागत किया गया । जापान यात्रा के दौरान दोनों मित्रों ने एक साथ बुलेट ट्रेन में यात्रा भी की। स्वर्गीय शिंजोआबे भारत को सुपर पॉवर के रूप में देखना चाहते थे और वह भारत को सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट के लिए भी पक्षधर थे। स्वतंत्र भारत की यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक के रूप में उन्होंने सुनिश्चित किया कि अगर नया भारत अपने विकास की गति को तेज करना चाहता है तो जापान साथ मौजूद रहेगा।

शिंजोआबे की लोकप्रियता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि फोर्ब्स पत्रिका ने उन्हें 2018 में दुनिया का 38वां सबसे ताकतवर व्यक्ति माना। राजनीति में उतरने से पहले उन्होंने फिल्मों में भी काम किया था। उनका जन्म एक राजनैतिक परिवार में ही हुआ था और उनके परिवार से पहले भी जापान को दो प्रधानमंत्री मिल चुके थे।

आबे जापान के पहले प्रधानमंत्री हुए जिन्होंने बदलती दुनिया में बदलने की हिम्मत की और चीन के खतरे को महसूस किया । चीन की आक्रामक नीतियों और उत्तर कोरिया जैसे पड़ोसी को ध्यान में रखते हुए आबे ने फिर से जापान की सैन्य ताकत को पटरी पर लाने का प्रयास किया ।

आज शिंजोओबे भले ही हम सभी लोगों के बीच न हों लेकिन उनकी दूरदर्शी नीतियां आगे आने वाले नेताओं को मार्ग दिखाती रहेंगी । विभिन्न मंचों पर भारत भी अपनी विकास यात्रा में उनके योगदान को याद रखेगा। इस जघन्य हत्या के दूरगामी राजनीतिक परिणाम भी होंगे जिसका असर भविष्य में दिखाई पड़ेगा।

## जिले भर में परंपरागत ढ़ंग से मनी बकरीद, की गई अमन-चैन की दुआएं

**दैनिक समाज जागरण**



छपरा/एकमा/बनियापुर (सारण)। जिले भर में परंपरागत ढ़ंग से शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरणमें रविवार को बकरीद मनाई गई। इस दौरान अमन-चैन की दुआएं मांगी गई। नगर पंचायत बाजार समेत ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार पारंपरिक श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह होते ही नमाजी निर्धारित समय के पूर्व ही ईदगाहों व मस्जिदों में पहुंच गए तथा नमाज अदा कर अल्लाह-त-आला से देश में अमन-चैन व आपसी भाईचारा बनाए रखने की दुआ मांगी।

वहीं नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की दिली मुबारकबाद दी। इधर ईदगाहों व मस्जिदों पर नमाजियों को बकरीद की मुबारकबाद देने के लिए हिंदू समाज के लोग भी पहुंचे व गले मिल कर मुबारकबाद दी। जगह-जगह नमाज स्थल पर लगे मेलों में बच्चों ने खूब खरीदारी की।

इस बीच शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन दल बल के साथ तैनात रहा। नमाज अदा करने के बाद बकरों की कुबार्नी दी गई और गोश्त का पारंपरिक तरीके से बंटवारा कर खाने-खिलाने का क्रम दिनभर चलता रहा।

एकमा के अलावा चनचौरा, कटोखर, परसागढ़, महम्मदपुर, रसूलपुर, चकमीरा, रामपुर, कर्णपुरा, योगियां आदि स्थानों पर स्थित ईदगाह व जामा मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। इन इलाको में बकरीद सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया।

हमारे बनियापुर संवाददाता के अनुसार बनियापुर थाना क्षेत्र मे सभी ईदगाहों व कई जमा मस्जिदों में ईदुल जोहा के मुबारक मौके पर हर्षोउल्लास के साथ नामाजे आदा की गयी। जहां पैगम्बरपुर बारह गांवा ईदगाह में दर्जनों गांवों के लोगों ने सामूहिक बकरीद की नमाज अदा किया। साथ ही सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दिया।इस मौके पर हिंदुस्तान के मशहूर शायर हाजी मौलाना सुहैल पैगम्बरपुरी ने कहा कि आज कोरोना महामारी के लम्बे समय के बाद हमे बकरीद का सामूहिक नमाज पढ़ने का मौका मिला है।अल्लाह का शुक्र आदा करते उन्होंने देश मे प्रेम सौहार्द बनाए रखने की दोवाए किया।वही मौलाना शमसुल होदा ने बकरीद (ईदुल जोहा ) का सभी को मुबारक बाद दिया,मौलाना सरदार अहमद कादरी ने कहा कि कुबार्नी त्याग बलिदान का संदेश देता है,अपने अहम,अहकार का त्याग कर आपसी प्रेम भाईचारे को बढ़ावा देना इस महा पर्व का संदेश है।जहा सटुआ,बनियापुर मिस्कारी टोला मानोपाली सहाबुद्दीन भिट्ठी,मरीचा पीठौरी सुहई शाहपुर धवरी आदि सभी मुस्लिम बहुल गांवो मे हर्षोउल्लास के माहौल मे ईदुल अजहा की नमाज पढ़ी गयी।वही सेवाईया,मिठाइया एक दूसरे को खिलकर ईद का मुबारकबाद किया गया।वही पर्व की महता को देखे कुबार्नी कर पर्व को मनाया गया।जहा सभी ईदगाहो गांवो मे स्थानीय प्रशासन द्वारा फ्लैगमार्च करते शांति सदभावपूर्ण माहौल पर्व सम्पन्न कराया गया।

## संबंध विच्छेद

प्रार्थी नसीरून निशा पत्नी स्व० फरीदूददीन निवासी ग्राम मोहम्मदपुर त्रिलोक उर्फ त्रिलोका वाला पोस्ट झिलमिला थाना नगीना जिला बिजनौर मेरा पुत्र जुबेर मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार गाली गलौज मारपीट करता है नशेड़ी हो गया है मेरे कहने में नहीं है घर का सामान बेच देता है मैंने इससे तंग आकर अपने संबंध समाप्त कर लिए और अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है हमारा जुबेर व उसकी पत्नी शबनम से कोई संबंध वास्ता नहीं है इनके किसी भी कृत्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# घाघरा की कटान में दो स्टड कटकर समाप्त अन्य तीन का कटान जारी

दैनिक समाज जागरण गौतम सिंह चौहान

रेउसा।घाघरा नदी की कटान में बढ़हिंन पुरवा शेखूपर के पास परियोजना द्वारा कटान रोकने के लिए बनाए जा रहे स्टड में दो स्टड पूरे कटकर समाप्त हो गए वहीं तीन स्टडों कटान जारी है। क्षेत्र में मंगलवार की सुबह से घाघरा शारदा नदियों के जलस्तर में वृद्धि देखने को मिली इसके साथ ही कटान तेज गति से हो रहा है।गौलोक कोडर के पासिन पुरवा गांव को कटान से बचाने के लिए कटान रोधी निर्माण कार्य के चार बंबू कैरेट नदियों की धाराओं में समा गए।



करीब एक दर्जन किसानों के खेतों की भूमि का कटान हो रहा है। घाघरा नदी पासिन पुरवा की तरफ तेजी से बढ़ रही है।गांव के साठ घरों पर खतरा मंडरा रहा है।नदी से गांव की दूरी महज तीस मीटर ही बची हुई है।वहीं बढ़हिंन पुरवा,कम्हरिया शेखूपुर गांव को कटान से बचाने के लिए परियोजना द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य के एक 21 और 22 नम्बरे स्टड पूरा कटकर नदी में समा गया वहीं 14,15 व 16 नम्बर स्टड आधे कटकर नदी में समा गए हैं।ग्रामीणों शिवाकांत, मंटोरी,हरिलाल, सुशील,श्यामू, मथुरा प्रसाद अवस्थी आदि ग्रामीणों के ने बताया कि कार्य अधूरा होने के चलते शारदा नदी में कट रहे हैं।स्टडों के बीच लगाए जा रहे परक्यूपाइन में झाड़ पर्याप्त मात्रा में नहीं डाली जा रही है।कुछ परक्यूपाइन तो बिन झाड़ भरे ही खाली डाल दिए गए हैं जिसके चलते नदी की तेज धार के सामने स्टड नहीं टिक पा रहे हैं।कम्हरिया शेखूपुर गांव में किया जा रहा परियोजना का कार्य विगत तीन दिनों से बन्द है।जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश में व्याप्त है अगर इसी तरह से निर्माण कार्य किया गया तो आने वाले समय में गांव को कटान से बचाना बड़ा मुश्किल होगा।पासिन पुरवा के पंडित, कल्लू, छोटे, मनोज, बडकन्ने,मुन्ना सहित करीब एक दर्जन किसानों की क्रषि योग्य भूमि का कटान हो रहा है।
इस बारे में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कोई स्टड नहीं कटा है परियोजना प्रभावी ढंग से काम कर रही है किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत,, परिवारीजन काफी अधिक दुखी व परेशान।

जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गिरदा के मजरा सिद्धनपुरवा में अवधराम उम्र 55 वर्ष पुत्र कुंजी की बृहस्पतिवार की रात में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई,, ग्राम प्रधान गिर्दा से बातचीत के दौरान ज्ञात हुआ कि ग्राम सभा में गोमती पुत्र बिंद्रा आदि के यहां अवैध कच्ची शराब बिक्री की जाती है,, अवध राम ने कल वही कच्ची शराब काफी अधिक मात्रा में पी लिया था और शराब विक्रेता के घर ही उसकी तबीयत बुरी तरीके से खराब हो गई थी जिसके बाद उन्हीं लोगों ने मृतक अवध राम को लाकर उसके घर पर डाल दिया। हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही हो सकेगी। आनन-फानन में सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई,, जिस पर थाना खैरीघाट की चौकी वैवाही के उप निरीक्षक अरविंद कुमार मिश्रा मय हमराह टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है,, पुलिस ने आवश्यक छानबीन करते हुए बताया है कि मृत्यु के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।



# बूथ सशक्तिकरण को लेकर सांसद राजेश वर्मा ने बूथों पर किया समीक्षात्मक बैठक।

दैनिक समाज जागरण गौतम सिंह चौहान

सीतापुर संसदीय क्षेत्र में 120 बूथों पर भाजपा या तो हारी है या कम वोटों से जीती है। प्रधानमंत्री के निदेर्शानुसार सेवता विधानसभा में 24 बूथों पर सांसद को बूथ सशक्तिकरण के लिए कहा गया है। जिस के क्रम में सांसद ने धंधार,सोनरख पुरैना, सिरकुंडा, रामपुर मथुरा, कालिकन, बरूई बरुवा,राजापुर इसरौली के बूथों पर जनसंवाद किया। सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि बूथ कमजोर होने के बावजूद भी हमने चुनाव जीता है 2024 भी जीतेंगे आप लोग भी भाजपा को वोट दो।हमारी सरकार जाति पांति की राजनीति नही करती हैं सभी को राशन,आवास,पेंशन,सम्मान निधि समेत कई योजनाएं मिलती हैं।आप लोग भी लाभ लेने के साथ साथ भाजपा को वोट भी दे। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, ब्लाक प्रमुख कुंवर सवितेंद्र प्रताप सिंह (मंझिले भैया), प्रधान श्री प्रकाश वर्मा,संतोष सिंह,प्रधान रामसेवक वर्मा, चरण सिंह,केशवराम अवस्थी, लक्ष्मी नारायण मौर्य, मंजू सिंह,समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बच्चे को सकुशल उनके परिजनों को किया सुपुर्द, अपनों से मिलकर बच्चे के चेहरे पर लौटी मुस्कानः-

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत अभियान चलाकर गुमशुदा लड़के/लड़कियों की शीघ्र बरामदगी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के क्रम में गुमशुदा बच्चे को थाना परसपुर पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर लिया गया। आज दिनांक 10.07.2022 को थाना परसपुर क्षेत्र के रहने वाले एक युवक द्वारा थाना परसपुर में सूचना दी गयी की उनका 2 वर्षीय बच्चा घर से कही चला गया है और अभी तक घर वापस नही आया है। सूचना पर थाना परसपुर व मिशन शक्ति टीम ने तत्काल खोजबीन कर बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजन को सुपुर्द किया गया। अपनो से मिलकर बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लौटी तथा परिजनो ने गोण्डा पुलिस को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। उक्त सराहनीय कार्य की आम जनमानस में भी काफी सराहना की जा रही है।

# वाहन चोर गिरोह के 04 सदस्य गिरफ्तार, चोरी की 08 मोटरसाईकिलें व 01 अदद अवैध तमंचा कारतूस बरामदः-

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों व शातिर वाहन चोरो के विरूद्ध अभियान चलाकर उनकी गिरफ्तारी कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को दिए थे।
उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना इटियाथोक पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के 04 सदस्यों-01. राजेन्द्र कुमार गौतम, 02.रंजीत मौर्या, 03. सत्यकुमार सोनकर, 04. अकबर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही से चोरी की 08 अदद मोटरसाईकिलों को बरामद कर लिया गया। जामातलाशी के दौरान अभियुक्त राजेन्द्र कुमार गौतम के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ पर अभियुक्तों ने बरामद मोटसाईकिलों के सम्बन्ध में बताया कि ये मोटरसाईकिलें जनपद गोण्डा, लखनऊ व सुल्तानपुर से चोरी की गयी है। अभियुक्तों ने बताया कि इन मोटरसाईकिलों की नम्बर प्लेटों को बदलकर अपने साथी अकबर कबाड़ी को बेच कर आर्थिक लाभ कमाते है तथा इन्ही मोटरसाईकिलों से लूटपाट की घटना को भी अंजाम दिया करते है। अभियुक्तगणो के विरूद्ध थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

# *पेशी के दौरान पुलिस अभिरक्षा से हत्याभियुक्त को षड्यंत्र के तहत फरार कराने का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध तमंचा कारतूस बरामदः-

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को दिये थे।
उक्त निर्देश के अनुक्रम मे थाना को0 नगर पुलिस ने पेशी के दौरान पुलिस अभिरक्षा से अभियुक्त श्यामू कोरी को षड्यंत्र के तहत फरार कराने के आरोपी अभियुक्त वैभव त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त श्यामू कोरी को पेशी के दौरान पुलिस अभिरक्षा से फरार कराया था तथा थाना मनकापुर में श्यामू कोरी की हुई पुलिस उठाकर फरार हो गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।




# 1000 लीटर कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार मौके से 10000 लीटर लहन भी बरामद

## खैरी घाट पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारी

बहराइच' कच्ची शराब का निर्माण करते समय पुलिस ने दो अभियुक्तों को 1000 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार करते हुए 10000 लीटर लहन भी बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार के निर्देशन में खैरीघाट पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक निखिल श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सोती नाला के निकट शराब का निर्माण करते दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में विश्राम पुत्र शिवराम और राकेश पुत्र पृथ्वीराज निवासी गण गोंडियन पुरवा पुरवा, थाना ईसानगर जनपद खीरी शामिल है। पुलिस ने मामले में मुअस 330/ 22 धारा 60 आबकारी अधि ूध्नियम व 272 के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों को जेल रवाना कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध शराब बनाने की जानकारी मिल रही थी। इस पर पुलिस को निर्देशित कर उनकी गिरफ्तारी की गई आगे भी अवैध शराब के विरुद्ध जिले में अभियान चलाया जाता रहेगा।

# जोश ओ खरोश के साथ मनाया गया बकरीद का पर्व

समाज जागरण हरदोई । पाली नगर और क्षेत्र में बकरीद का पर्व खासे जोश ओ खरोश के साथ मनाया जा रहा हैं, पाली नगर की ईदगाह मस्जिद में नगर सहित आसपास क्षेत्र के नमाजी एकत्र हुए और खुदा से मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके बाद एक दूसरे को गले लगकर बकरीद की मुबारकबाद दी। पाली नगर की ईदगाह मस्जिद में सीओ हेमंत उपाध्याय व थानाध्यक्ष सुनील दत्त कौल भी पुलिस बल के साथ पूरी तरह मुस्तैद दिखे । इस दौरान हजारो की संख्या में एकत्र हुए नमाजियों ने बकरीद के मौके पर खुदा से मुल्क और नगर में तरक्की व खुशहाली की दुआ की। पेश इमाम जामा मस्जिद मोहम्मद असलम खान कादरी ने कहा कि अमन ओ सुकून के साथ नमाजियों ने बकरीद के मौके पर ईदगाह परिसर में नमाज अदा की, और उसके बाद कुबार्नी की गई। उन्होंने कहा कि प्रशासन के निदेर्शों का मुस्लिम समुदाय ने पूरी तरह पालन किया है, और हमेशा मुस्लिम समाज प्रशासन का सहयोग करता रहेगा। पाली नगर के पूर्व चेयरमैन रिजवान खान ने सभी को बकरीद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि बकरीद का पर्व रमजान के पवित्र महीने की समाप्ति के लगभग 70 दिन बाद मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हजरत इब्राहिम अपने पुत्र हजरत इस्माइल को इसी दिन अल्लाह के हुक्म पर अल्लाह की राह में कुर्बान करने जा रहे थे, लेकिन खुदा ने उनके पुत्र को जिंदगी बख्श दी । तभी से बकरीद पर कुबार्नी की परंपरा चली आ रही है। फिलहाल मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे के घरों में जाकर भी बकरीद की मुबारकबाद दी और सेवई का लुफ्त लिया।



# सर्प के काटने से किसान की हुई मौत

समाज जागरण हरदोई । पाली थाना क्षेत्र के खनिकलापुर गांव में एक ग्रामीण को घर में सोते समय सर्प ने काट लिया,जिससे उसकी तबियत बिगड़ने लगी, आनन फानन परिजन उसे लेकर अस्पताल आये, जहां डॉक्टरों ने उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए रेफर कर दिया । बताते हैं कि सर्पदंश के शिकार व्यक्ति को लेकर परिजन लखनऊ ले जाना चाहते थे, घर से पैसे लेने आते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पाली थाना क्षेत्र के खनिकलापुर गांव के रामजी ( 38 ) पुत्र कांता प्रसाद पाठक खेती-किसानी का काम करते थे। वह अपने घर में सो रहे थे, तभी सर्प ने काट लिया। जिससे रामजी की तबियत बिगड़ने लगी, परिजन रामजी को लेकर आनन फानन अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उनकी बिगड़ती हालत को देखते हुए तत्काल रेफर कर दिया। लेकिन परिजन रामजी को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ले जाने की तैयारी कर रहे थे, पैसे लेने वह घर आ रहे थे, तभी रास्ते में रामजी ने दम तोड़ दिया । मृतक रामजी की तीन बेटियां हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हैं । गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। फिलहाल सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया हैं।



# अब अंडर 16 के बेस्ट प्लेयर को भी मिलेगी स्कॉलरशिप

## स्कॉलरशिप की धनराशि बढ़कर हुई 51 सौ रुपए

### प्रत्येक माह बेस्ट परफॉरमेंस देने वाले खिलाड़ी को दी जाती है स्कॉलरशिप

समाज जागरण हरदोई।जिला क्रिकेट एसोसिएशन के` अध्यक्ष अचल अग्रवाल की ओर से प्रत्येक माह स्वे. मीनू अग्रवाल मासिक क्रिकेट स्कॉलरशिपे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले क्रिकेट खिलाड़ी को 4 हजार रुपए की स्कॉलरशिप दी जाती थीं, यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सूर्य प्रताप सिंह ने दी । उन्होंने बताया कि` अब स्कॉलरशिप में 1100 रुपये का इजाफा कर दिया गया है, अब हर महीने बेस्ट हर महीने 51सौ की स्कॉलरशिप दी जाएगी, उन्होने बताया कि एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने कहा कि अंडर 16 आयु वर्ग के खिलाड़ी को भी नए सीजन से 25 सौ रुपए स्कॉलरशिप दी जाएगी, यह स्कॉलरशिप उसे खिलाड़ी को दी जाएगी जो प्रत्येक माह में हुए मैचों में बेस्ट परफॉर्मर होगा, इसे` माह यह स्कॉलरशिप बल्लेबाजे आकाश त्रिपाठी को दी गई, जिन्होंने 10 जून से 10 जुलाई खेले हुए 3 मैचों में शानदार 2 शतक व एक अर्धशतक जड़ते हुए 294 रन बनाए । उन्हें जिला क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से 51सौ रुपये की स्कॉलरशिप एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अर्जित मित्तल के द्वारा रविवार को` प्रदान की गई। यह स्कॉलरशिप एसोसिएशन के मैचों में हर महीने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को प्रदान की जाएगी। इसे मौके पर सुमित बंसल, हर्ष अग्रवाल, शिवम कपूर राघव मित्तल व सत्यम आदि मौजूद रहे।

# चोरी के माल के साथ 02 शातिर चोर गिरफ्तारः-

दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 देहात पुलिस ने 02 शातिर चोरों-01.शिवकुमार तिवारी, 02. रामधन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया। उक्त अभियुक्तगणों ने दिनांक 28/29.06.2022 की रात्रि वादी राजन पाण्डेय पुत्र कमलेश कुमार पाण्डेय के घर में चोरी की थी। जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा थाना को0 देहात में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को0 देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।




# शांति पूर्वक अदा हुई ईद उल अजहा की नमाज और प्रभारी निरीक्षक चंद्रप्रकाश त्रिवेदी की चप्पे चप्पे पर रही पैनी नजर

दैनिक समाज जागरण गौतम सिंह चौहान

रामपुर मथुरा/सीतापुर मुस्लिम समुदाय के बड़े पर्व में से एक पर्व बकराईद होता है ,जिसमे मुसलमान अपने अल्लाह को राजी करने के लिए कुबार्नी करते है।और ईदगाह नमाज अदा करने के लिए जाते है।कस्बा रामपुर मथुरा में ईदगाह मस्जिद में शांति पूर्वक नमाज ए इदुल अजहा अदा की गई।और हजारों मुसलमानो ने हिंदुस्तान की कामयाबी के लिए अल्लाह से दुआ की। सरकार के दिशा निर्देशनुशार सभी निदेर्शों का पालन किया ।किसी भी तरीका का कोई उत्पाद न हो इसको ध्यान में रखते हुए थाना रामपुर मथुरा की पुलिस ने गांव गाव जाकर जायजा लिया और लोगो से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।थाना प्रभारी चंद्रप्रकाश त्रिवेदी व मय पुलिस फोर्स के साथ ईदगाह मस्जिद के परिसर में मौजूद रहे।तमाम मुसलमानो ने नमाज के बाद पुलिस फोर्स को बकरा ईद की मुबारकबाद दी।



# राष्ट्रीय स्टंट लिफ्टिंग एसोसिएशन की वाइस प्रेसिडेंट बनी पूनम तिवारी

## दूरभाष हुआ सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों का लगा तांता

अखिलेश सिंह हरदोई।राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन की जनरल कार्यकारणी की मीटिंग राजस्थान स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्ववधान में ९३ँ जुलाई 2022 को उदयपुर में संपन्न हुई। राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग की कार्यकारणी में हरदोई जनपद को गौरांवित होने का मौका मिला। पूनम तिवारी को राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग फेडरेशन के वाइस प्रेसिडेंट सर्वसम्मत से चुना गया। इस मौके पर इस मौके पर राजस्थान प्रमोद सरगर ,वाइस प्रेसिडेंट असम कैलाश शर्मा ,जनरल सेक्रेटरी पश्चिम बंगाल बाबुल विकास, कोषाध्यक्ष पश्चिम बंगाल मनोज कांत दास, टेक्निकल डायरेक्टर पश्चिम बंगाल मनोज कुमार के अलावा त्रिपुरा से तपन कुमार ,सिक्किम से प्रेमा दोरजी भूतियार मौजूद रहे। सभी ने उत्तर प्रदेश से पूनम तिवारी को वाइस प्रेसिडेंट बनाए जाने पर बधाई दी। उ०प्र० राज्य स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में हार्दिक खुशी हुई। उत्तर प्रदेश राज्य संत लिफ्टिंग के पदाधिकारियों युवा सदस्यों के द्वारा उन्हें दूरभाष व सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई देने वालों का तांता लगा है।




# राष्ट्र सेविका समिति ने मनाया संकल्प दिवस

अखिलेश सिंह हरदोई । नगर में राष्ट्र सेविका समिति द्वारा नगरपालिका हाल में संकल्प दिवस मनाया गय। राष्ट्रीय स्वयं सेवक की आद्य प्रमुख संचालिका स्व. लक्ष्मीबाई केलकर मौसी जी के जन्मदिवस को समर्पित इस कार्यक्रम का आरंभ भारत माता, मौसी जी व ताईजी आप्टे जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ ।तत्पश्चात दीप प्रज्वलन किया गया।
इस अवसर पर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक शिव स्वरूप ने उपस्थित सेविकाओं को उद्बोधित किया। उन्होंने मौसी जी के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार मौसी जी ने छोटी उम्र में विधवा होते हुए भी अपने ६ बच्चों का लालन पालन किया। बाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार जी की प्रेरणा से उन्होंने १९३६ में संघ के प्रथम अनुषांगिक संगठन राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना की। 1945 में राष्ट्र सेविका समिति का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। देश की स्वतन्त्रता एवं विभाजन से एक दिन पूर्व वे कराची में थीं। उन्होंने सेविकाओं से हर परिस्थिति का मुकाबला करने और अपनी पवित्रता बनाये रखने को कहा। उन्होंने हिन्दू परिवारों के सुरक्षित भारत पहुँचने के प्रबन्ध भी किये।उन्होंने स्त्रियों के लिए जीजाबाई के मातृत्व, अहल्याबाई के कर्तृत्व तथा लक्ष्मीबाई के नेतृत्व को आदर्श मानती थीं। उनके जीवन पर स्वामी विवेकानंद और भगिनी निवेदिता के विचारों से बहहुत प्रभावित थीं. उन्होंने अपने जीवनकाल में बाल मन्दिर, भजन मण्डली, योगाभ्यास केन्द्र, बालिका छात्रावास आदि अनेक प्रकल्प प्रारम्भ किये। वे रामायण पर बहुत सुन्दर प्रवचन देतीं थीं। उनसे होने वाली आय से उन्होंने अनेक स्थानों पर समिति के कार्यालय बनवाये। उद्बोधन के अंत में मुख्य वक्ता ने कहा कि उनके त्यागमयी व राष्ट्र को समर्पित चरित्र से आज हर सेविका को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है.
राष्ट्र सेविका समिति की डॉ भावना मोहन ने बताया कि आदरणीय मौसीजी के जन्मदिन को संकल्प दिवस के रूप में प्रथम बार मनाया जा रहा है। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी की मालती दीदी के साथ नगर की मूवी मिश्रा, सीमा मिश्रा, नीतू चंद्रा, अपराजिता,अनामिका और कई गणमान्य महिलाएं मौजूद थी। गणवेश में सुसज्जित राष्ट्र सेविका समिति की बहने भारी संख्या में मौजूद रहीं।कार्यक्रम का मार्गदर्शन जिला प्रचारक इन्द्रपाल ने किया।



# आल अधिकारी कर्मचारी शिक्षक विकास परिषद की टीम ने काशीराम पार्क में वृक्षारोपण किया

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव

बांदा - ऑल अधिकारी कर्मचारी शिक्षक विकास परिषद की टीम द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम मान्यवर कांशी राम पार्क नरैनी रोड बांदा में किया गया जिसमें अनेक सम्मानित सदस्य गणों ने एवं बच्चों ने सहभाग किया मुन्नीलाल वर्मा प्रशासनिक अधिकारी एवं राष्ट्रीय को टीम सदस्य सत्यस्वरूप डीके वर्मा डॉ अवधेश कुमार प्रधानाचार्य डीके प्रवक्ता महेश साहिल मंडल अध्यक्ष संजीव मोहन जिला प्रभारी नत्थू लाल कुलदीप क्रांतिकारी जी विजय धुरिया बुधराज वर्मा आराधना विमल उपाध्यक्ष एवं अनेक बच्चे इस कार्यक्रम में शामिल हुए पौधों के महत्व के बारे में सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सभी ने सहमति जताई जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार राजा ने पेड़ों का महत्व बताते हुए अपने विचार रखें कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं आज के बढ़ते तापमान भू जल संकट प्राकृतिक आपदा सूखा पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए पेड़ों का होना अति महत्वपूर्ण है इसलिए सभी को आगे बढ़कर पेड़ पौधों की रक्षा करनी होगी अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे तभी हमारा जीवन सुरक्षित रह सकेगा आने वाले प्राकृतिक संकटों से बचा जा सकेगा ।

# *थाना जायस पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार*

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.07.2022 को उ0नि0 तनुज कुमार पाल प्रभारी चौकी सैदाना मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 180/22 धारा 306 भादवि में वांछित अभियुक्त 1.रामू पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम मौलवीकलां थाना जायस जनपद अमेठी को पन्नू का पुरवा के पास से समय करीब

# *खैरीगढ गांव के पास खेतों में जंगली हाथियों ने मचाया जमकर उत्पात*

## हाथियों की चिंघाड़ सुनकर गांव से खेत की ओर दौडे किसानों ने हाथी भगाया

समाज जागरण ब्यूरो प्रमुख लखीमपुर/प्रभाकर गीता त्रिपाठी

खैरीगढ खीरी--तहसील निघासन के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खैरीगढ़ के निकटवर्ती खेतों में आज रात जंगली हाथियों ने गन्ने की फसल पर धावा बोल दिया और जमकर करीब तीन घंटे तक उत्पात मचाया हाथियों की चिंघाड़ सुनकर खेत की रखवाली कर रहे किसान और ग्रामीण व्यक्ति भी काफी लोग खेतों की तरफ दौडे वहां जाकर देखा हाथियों ने गन्ने की फसल काफी नष्ट कर चुके थे इसकी। खबर किसानों ने वनविभाग के अधिकारियों को भी जिसे मौके पर जाकर देखा और नुकसान का आकलन कर मुआवजा देने की बात कही खैरीगढ के बघौडिया फार्म पर कल रात जंगल से सटे खेतों में जंगली हाथियों ने गन्ने की फसल नष्ट कर दिया हाथियों की चिंघाड़ सुन खेत की रखवाली कर रहे किसान जग्गी,विरजू, रामविलास,मचान छोड़कर भाग खड़े हुए तभी ग्रामीण भी खेतों की तरह दौड़े और हाथियों को भगाया जिनकी संख्या करीब दो दर्जन थे जिन्हें भगाने में काफी समय लगा जमील अहमद की तीन एकड़ गन्ने की फसल नष्ट गये गोला, मशाला,आग जलाकर,वन कर्मियों के सहयोग से काफी देर बाद खेतों से बाहर हाथियों को भगाया गया किसानों ने बताया कि अक्सर हाथी फसलों को नुक्सान पहुंचाया करते है लेकिन वन विभाग इसकी रोकथाम के लिए कोई ठोस उपाय नहीं करते वेलरायां रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी विमलेश कुमार ने बताया कि जिन किसानों की फसल का नुकसान हुआ है वह सभी वनविभाग के नाम प्रार्थना पत्र आकर दे मौका मुआयना कर नियमानुसार उनके नुक्सान का मुआवजा दिलाया जाएगा



# ईद उल अजहा की नवाज जामा मस्जिद ईदगाह पर शान्ति पूर्ण ढंग से मनाई गई

## *मितौली पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल्ल और थाना प्रभारी सुनीत कुमार भी ईदगाह पर मौजूद रहे*

समाज जागरण ब्यूरो प्रमुख लखीमपुर/प्रभाकर गीता त्रिपाठी

मितौली खीरी --जनपद लखीमपुर खीरी के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र मितौली में पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल्ल एवं थाना प्रभारी मितौली सुनीत कुमार अपने पुलिस बल सहयोगी साथियों के साथ जामा मस्जिद ईदगाह मितौली मे उपस्थित रहे जहां पर ईद उलं अजहा की नमाज शान्ति पूर्ण ढंग से सकुशल मनाई गई जहां पर थानाध्यक्ष मितौली ने बेहद सक्रियता के साथ अपने कार्यो को अंजाम दिया हर तरफ सुरक्षा और चारों ओर नजर रखी जामा मस्जिद ईदगाह में अकलियत के लोगो को नवाज अदा करते समय सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से अपने कर्तव्य निष्ठा के साथ ड्यूटी करते हुए जिससे शान्ति व्यवस्था में कोई बांधा न उत्पन्न हो और ईदगाह की नवाज को अपने देख देख में सम्पन्न कराया जिसके बाद सभी ईद उलं अजहा की मुबारकबाद भी दी



## जनपद में बड़े धूमधाम से मनाया गया ईद उल अजहा का त्यौहारे

# ईदगाह में नमाजियों ने अल्लाह ताला से मुल्क सलामती की मांगी दुआएं, चप्पे-चप्पे पर रही प्रशासन की नजर

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव

बाँदा - जनपदे में आज ईद उल अजहा का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया गया साथ ही बड़ी संख्या में हिंदू भाइयों ने ईदगाह पहुंच कर मुस्लिम भाइयों को बकरीद की शुभकामनाएं दी एवं भाईचारे की मिसाल पेश की वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा ईद की नमाज के दौरान ड्रोन कैमरे के माध्यम से जगह-जगह निगरानी की जा रही थी पैगंबरे इस्लाम हजरत इब्राहीम द्वारा दी गई कुबार्नी की याद पर ईदुज्जुहा का पर्व विशेष नमाज अदा कर मेल-मिलाप व भाई चारे के साथ मनाया गया। ईदगाह में बकरीद की विशेष नमाज अदा हुई। जिसमें मुल्क की सलामती, भाईचारे की दुआएं की गई। बाद में अल्लाह की राह पर कुबार्नी का दौर शुरू हुआ। घरों में सेवइयां सहित अन्य पकवान बने और देर रात तक एक-दूसरे के यहां जाकर बधाईयां देने का सिलसिला चलता रहा। ईदुज्जुहा पर्व को लेकर मुस्लिम इलाकों में एक दिन पहले से ही चहलकदमी शुरू हो गई थी। रविवारे को सभी इस्लामी लिबास में ईदगाह व मस्जिदों में पहुंचकर बकरीद की विशेष नमाज अता की। ईदगाह में हजारों की संख्या में नमाजियों ने अल्लाह ताला से मुल्क की सलामती, शांति व सद्भाव की दुआएं मांगी। इसके अलावा शेख सरवर साहब की मस्जिद, कोतवाली रोड स्थित मरकज, हाथी खाना मस्जिद, पीरा वाली मस्जिद, मस्जिद गौसिया, मस्जिद ऊंट मोहाल, मस्जिद बोड़े, क्योटरा ईदगाह, मस्जिद गुलाब बाग, मस्जिद खुटला में अलग-अलग समय पर बकरीद की विशेष नमाज अता की गई। शांति व सद्भाव बना रहे इसके लिए प्रशासन ने ईदगाह सहित सभी मस्जिदों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। नमाज के बाद बड़ी संख्या में हिंदू भाई ईदगाह पहुंचकर गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। प्रशासनिक अमला पूरी मुस्तैदी से जुटा रहा।बकरीद पर हिंदू-मुस्लिम भाईचारा की मिशाल एक बार फिर गहराती दिखाई पड़ी।ऐसी मान्यता है कि हैसियत के अनुसार ईद और बकरीद में गरीबों को जकात बांटनी चाहिए। तभी तो नमाज के बाद सभी ने गरीबों को पैसा, अन्न आदि वितरित किया।
वही सपा के जिला अध्यक्ष के साथ सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे लोगो को बकरीद की बधाई दी। ईदगाह से निकलने वाले नमाजियों को गले लगा कर बधाई देते नजर आए। वही एसपी अभिनंदन बताया की आज बकरीद का त्यौहार है। शहर की सभी मस्जिदों में पुलिस बल मौजूद है।पूरे जिले को कई सेक्टर में बटा गया है। जहा पुलिस और मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगी हुई है। सभी जगह नमाज हो चुकी है। जितने भी संवेदन शील इलाके थे उनकी मैपिंग करके फ्लैग मार्च किया गया है। साथ संवेदन शील इलाको में ड्रोन का भी स्तेमाल किया जा रहा है। सदी ड्रेस में भी पुलिस को लगाया गया है।



22 may 2022:Layout 1 7/11/2022 12:59 AM Page 8



## मुफ्त नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार /बिहटा**

अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के द्वारा माँ वन देवी महा धाम नेत्र जांच शिविर का आयोजन बिहटा नगर परिषद के भावी अध्यक्ष कुमार अमिताभ मोनू के द्वारा आज बिहटा के अम्हारा मे राजेंद्र पुस्तकालय के पास किया गया, जिसमे सैकड़ो लोगों ने इस स्वास्थ्य जांच शिविर का



लाभ उठाया, वहा लोगों पे पूछने पे की ये शिविर के माध्यम से जिस तरह से आँखो का इलाज हर माध्यम से बारीकी से हो रहा है उसपे लोगों ने बोला की हमलोगो को पहली बार ये सुविधा आसानी से उपलब्ध हो पा रहा है !जांच के बाद जिनको आँख मे समस्या है और चस्मा चाहिए उनको चस्मा भी उपलबध कराया जायेगा ! !जिन मरीजों को मोतियाबिंद की बीमारी होगी उन मरीजों को मुफ्त मे बस के द्वारा उनका पटना में निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जायेगा ! !

वही कुमार अमिताभ मोनू आज समाज मे अपनी पहचान के मोहताज नहीं है, सामाजिक पुरुष के नाम से वो खुद जाने जाते है, उनका कहना है की हमसे पहले भी जितना हो पाया है मदद हमने की है वजह कोई भी हो, और आगे भी यह मदद हमेशा जारी रहेगी

## भिखारी ठाकुर को पढ़े बिना अधूरा है कलाकारों का अध्ययन :-अमिय कश्यप

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर- भोजपुरी के शेक्सपियर कहे जाने वाले लोक नाटककार भिखारी ठाकुर ने विश्व में भोजपुरी भाषा के माध्यम से बिहार को प्रतिष्ठा दिलाई। अपना पूरा जीवन तंगहाली में व्यतीत करने के बावजूद अपनी साहित्यिक साधना पर कोई आँच नहीं आने दिया। अतः इतिहास में उनका नाम स्वर्णकारों में अंकित है।ये बातें बिहार सिने आर्टिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सह मशहूर फिल्म



अभिनेता अमिय कश्यप ने बेगूसराय जिले में भिखारी ठाकुर के 52 वें पुण्यस्मृति दिवस पर मंसूरचक प्रखंड क्षेत्र के हवासपुर गाँव स्थित मानकी संगीत कला केंद्र के सभागार में रविवार को कही। उन्होंने कहा कि देश और खासकर के बिहार के कलाकारों का अध्ययन भिखारी ठाकुर को पढ़े बिना अधूरा है।कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र के निदेशक अजय अनंत ने की।उक्त अवसर पर संस्था द्वारा भिखारी ठाकुर के जीवन पर आधारित पुस्तक से उपस्थित लोगों को सम्मानित भी किया गया। अजय अनंत ने कहा कि भिखारी ठाकुर के दिखाए मार्ग पर चलकर ही यहाँ के कलाकार आगे बढ़ सकते हैं। मौके पर प्रीति प्रिया,गायत्री कुमारी, स्मिता भारती,रुचि प्रिया, रागिनी,खुशबू कुमारी, खुशी झा,नेहा भारती, रूपम कुमारी,शेखर सुमन,राज प्रियदर्शी, अनुरंजन कुमार,सोनू कुमार,मोनू कुमार, शुभाशीष,चंदन कुमार, गुलशन सहित संगीत के दर्जनों बच्चे उपस्थित थे।बच्चों ने भिखारी ठाकुर की रचनाओं का सस्वर गायन भी किया।

## प्रधानमंत्री ने आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर लोगों को बधाई दी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। श्री मोदी ने पूर्व-प्रसारित ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम का एक अंश भी साझा किया है, जिसमें उन्होंने वारकरी परंपरा और पंढरपुर की दिव्यता के बारे में चर्चा की थी।"

**प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया;**

"आषाढ़ी एकादशी के पावन अवसर पर बधाई। भगवान विट्ठल का आशीर्वाद हम पर बना रहे और हमारे समाज में खुशी की भावना बढ़ती रहे। पूर्व-प्रसारित #मन की बात का एक अंश साझा कर रहा हूं, जिसमें हमने वारकरी परंपरा और पंढरपुर की दिव्यता के बारे में बात की थी।"

प्रधानमंत्री ने आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर लोगों को बधाई दी

ढङ्ग२३ीडिल्लः 10 खवछ 2022 9:01अट् ८ ढक्ह ऊँ

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। श्री मोदी ने पूर्व-प्रसारित ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम का एक अंश भी साझा किया है, जिसमें उन्होंने वारकरी परंपरा और पंढरपुर की दिव्यता के बारे में चर्चा की थी।"

**प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया;**

"आषाढ़ी एकादशी के पावन अवसर पर बधाई। भगवान विट्ठल का आशीर्वाद हम पर बना रहे और हमारे समाज में खुशी की भावना बढ़ती

## अभाविप ने स्थापना दिवस के अवसर पर एमजेके कॉलेज के प्रांगण में किया पौधारोपण।

**समाज जागरण समीर कुमार**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेतिया द्वारा आज विद्यार्थी परिषद के 74वे स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर महारानी जानकी कुँवर महाविद्यालय के प्राँगण में नगर मंत्री अभिजीत राय के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। चम्पारण विभाग के विभाग संयोजक सुजीत मिश्रा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेन्द केशरी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद दलगत राजनीति से ऊपर उठकर छात्र हित का कार्य करती है एवम आज विद्यार्थी परिषद 74 साल की हो चुकी है इस द्वारान विद्यार्थी परिषद ने धारा 370,चिकेन नेक ,शिक्षा का व्यवसायीकरण रोकने ,बंगलदेशी घुसपैठ सम्बन्धी एवम अन्य राष्ट्रीय मुद्दे पर सराहनीय कार्य किया है जो एक छात्र संगठन के लिये गर्व की बात है।जिला संयोजक विशाल झा एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहित कुमार व सुशांत सिंह ने कहा कि हमारी शुभकामना है कि विद्यार्थी परिषद ऐसे ही छात्रों के बीच राष्ट्रवाद एवम देशभक्ति की भावना का प्रचार-प्रसार करती रहे। नगर मंत्री अभिजीत राय ने कहा कि आज के दिन छात्र इसे राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मना रहे है एवम अपने स्थापना काल से ही जिस प्रकार से विद्यार्थी परिषद छात्रों की एक मजबूत आवाज बन



के उभरी है यह हमारी सबसे बड़ी सफलता है इसके लिये हम छात्रों को धन्यबाद देते है कि आपलोग विद्यार्थी परिषद पर भरोसा करते है और आप लोग के कारन ही आज विद्यार्थी परिषद दुनिया की सबसे बड़ी छात्र संगठन है।नगर सह अनमोल तिवारी, नितेश कुमार, जिला सोशल मीडिया संयोजक व सह संयोजक क्रमशः लवकुश कुशवाहा व प्रीतम मिश्रा तथा नगर कोषाध्यक्ष आदर्श कुमार ने कहा कि 9 जुलाई से 15 जुलाई तक विद्यार्थी परिषद पूरे जिले में अधिक से अधिक से अधिक वृक्ष लगाएगी एवम लोगो को भी पर्यावरण के प्रति जिलेवासियों को जागरूक करेगी।इस अवसर पर प्रो. सुरेंद्र राय, डॉ. अनुराधा पाठक व रसायनशास्त्र विभाग के अविनाश कुमार, कर्मचारी सुरेश मेहता , रिशिक चौरसिया, चंदन सैनी नितेश अनमोल ,दिव्यांशु श्रीवास्तव नितेश ,लवकुश अनमोल ,आदर्श राजपूत सुशांत यादव समेत अन्य लोगो ने कॉलेज में वृक्षारोपण भी किया।

## ग्राम पंचायत राज छतौना पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि तनवीर आलम ने पंचायत वासियों को बकराईद पर दिली मुबारकबाद

**दैनिक समाज जागरण**
**अररिया सरफराज आलम**

ग्राम पंचायत राज छतौना पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि तनवीर आलम ने पंचायत वासियों को बकराईद पर दिली मुबारकबाद दिया और कहां छातियोंना पंचायत जो गंगा जमुना तहजीब के नक्शे कदम पर चलने वाला पंचायत है और हम सभी यहां भाई भाई हैं ओर हर वर्ग के लोगों को लेकर चलते हैं और हमेशा चलते रहेंगे और उनके सेवा के लिए हम हमेशा से प्रतिबंध ओर उनके विकास हित के लिए रहेंगे और हमेशा प्रयास करेंगे कि पंचायत के गरीब मजदुर को सरकारी सारे योजना का लाभ मिले जैसे 100 दिन का गारंटी रोजगार का लाभ मिले बे रोजगार युवाओ को वी रोजगार उपलब्ध कराई जाये रोजगार बेरोजगारों के लिए पशु लोन यदि बिजनेस लोन जो मुख्यमंत्री बिहार श्री नीतीश कुमार जी का यह पहल है की गरीबी दूर किया जाए हर गरीब छोटे-बड़े अपने बिजनेस छोटा या बड़ा करके अपना जीवन और अपने बच्चे भरण पोषण कर सके जिसके लिए श्री नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बिहार ने गरीब मजदूरों किसानों के हित के लिए कई योजना बहाल किए हैं जिनका लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है

## कोठिया,डूमरियाही ईदगाह पर नमाजियों की सुरक्षा में तैनात पुलिस पदाधिकारी.

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता – अमोद कुमार श्रीवास्तव,**

खजौलीः थाना क्षेत्र में रविवार को ईद उल अजहा यानी ( बकरीद) पर्व शांति पूर्ण माहौल में बड़ी धूमधाम से मुश्लिम समुदाय के लोगो द्वारा मनाया गया.इस पर्व को लेकर रसीदपुर,डूमरियाही,कोठिया,कजियाही,सुक्की,कंहौली,खजौली गाँव,भकुआ,चंद्रडीह, दोस्तपुर, ईनरवा,पाली मोहन,भलनी गांव सहित अन्य जगहों के इस्लाम धर्म के लोग सुवह साफ - पाक होकर नए कपड़े पहनकर ईदगाह में पहुँच कर नमाज पढ़कर अल्लाह ताला से दुआएं मांगी.वही नमाज अदा के बाद मुश्लिम समुदाय के लोग एक दूसरे से गले मिलकर आपसी भाईचारा संम्बंध स्थापित कर मुबारकबाद दी. वही नमाज अदा के बाद मुश्लिम समुदाय के लोग बकरे की कुवार्नी दी . इस बकरीद पर्व के दौरान थानाध्यक्ष अजित प्रसाद सिंह, बीडीओ मनीष कुमार, सीओ मनीष कुमार,राजस्व पदाधिकारी विकेश कुमार, एसआई सुरेश प्रसाद सिंह,रामकुमार सहित दर्जनों पुलिस बल के साथ सभी ईदगाहों पर नमाज के वक्त पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किया गया था.वही बीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सभी ईदगाह परिसर में नमाजी को नमाज के दौरान पुलिस पदाधिकारी सहित पुलिस बल को तैनाती की गयी थी.वही सीओ मनीष कुमार ने कहा कि बकरीद पर्व शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई.इस पर्व के मौके पर प्रमुख कुमारी उषा, उप प्रमुख ,जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह,जितेंद्र कुमार भारती ने बकरीद पर्व पर मुश्लिम समुदाय के लोगो से मिलकर बधाई देते हुए अमन चैन की कामना की.इस मौके पर एएसआई चरित्र राम,मदन उरांव,इंद्रदेव सिंह,कविता माटे,बीएमपी सशस्त्र पुलिस बल एव ग्रामीण पुलिस मौजूद थे.



रसीदपुर,डूमरियाही,कोठिया,कजियाही,सुक्की,कंहौली,खजौली गाँव,भकुआ,चंद्रडीह, दोस्तपुर, ईनरवा,पाली मोहन,भलनी गांव सहित अन्य जगहों के इस्लाम धर्म के लोग सुवह साफ - पाक होकर नए कपड़े पहनकर ईदगाह में पहुँच कर नमाज पढ़कर अल्लाह ताला से दुआएं मांगी.वही नमाज अदा के बाद मुश्लिम समुदाय के लोग एक दूसरे से गले मिलकर आपसी भाईचारा संम्बंध स्थापित कर मुबारकबाद दी. वही नमाज अदा के बाद मुश्लिम समुदाय के लोग बकरे की कुवार्नी दी . इस बकरीद पर्व के दौरान थानाध्यक्ष अजित प्रसाद सिंह, बीडीओ मनीष कुमार, सीओ मनीष कुमार,राजस्व पदाधिकारी विकेश कुमार, एसआई सुरेश प्रसाद सिंह,रामकुमार सहित दर्जनों पुलिस बल के साथ सभी ईदगाहों पर नमाज के वक्त पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किया गया था.वही बीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सभी ईदगाह परिसर में नमाजी को नमाज के दौरान पुलिस पदाधिकारी सहित पुलिस बल को तैनाती की गयी थी.वही सीओ मनीष कुमार ने कहा कि बकरीद पर्व शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई.इस पर्व के मौके पर प्रमुख कुमारी उषा, उप प्रमुख ,जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह,जितेंद्र कुमार भारती ने बकरीद पर्व पर मुश्लिम समुदाय के लोगो से मिलकर बधाई देते हुए अमन चैन की कामना की.इस मौके पर एएसआई चरित्र राम,मदन उरांव,इंद्रदेव सिंह,कविता माटे,बीएमपी सशस्त्र पुलिस बल एव ग्रामीण पुलिस मौजूद थे.

## बिरौल अकबरपुर बेंक में ईद उल अजहा की नमाज ईदगाह में अदा किया गया सुबह में नमाज अदा करने के लिए जुटी रही भीड़

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

बिरौल के अकबरपुर बेंक सहित संपूर्ण प्रखंड में रविवार को ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप कुर्बानियां दी गई। बकरीद के नमाज पढ़कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमन शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी।प्रखंड के अकबरपुर बेंक मोहम्मदिया ईदगाह, सुपौल बाजार रहमानिया, शेखपुरा इस्लामिया ईदगाह, बलिया ईदगाह, सहित अन्य ईदगाहों में बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद अमन शांति के लिए अल्लाह ताला से दुआएं मांगी और एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दिया। पर्व को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखा गया। नए कपड़े पहनकर लोग विभिन्न ईदगाह और मस्जिदों में जमा होने लगे थे। मौके पर अकबरपुर बेंक के ईदगाह में नमाज के दौरान संबोधित करते हुए इमाम मौलाना मोहम्मद इरफान ने कहा कि ईद उल अजहा बलिदान और संयम का दिन है। इस्लामी कैलेंडर के अंतिम माह जिलहिज्जा की दसवीं तारीख को यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कुबार्नी आत्मा को शुद्ध करने का एक उत्तम साधन है। उन्होंने कहा कि कुबार्नी में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दिखावे के लिए न हो। उन्होंने कहा कि हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे हजरत इस्माइल अलेही सलाम को कुबार्नी देने के लिए तैयार हो गए थे। अल्लाह को



यह अदा काफी पसंद आई। इसके बाद सभी लोगों ने त्याग एवं समर्पण के प्रतीक स्वरूप के अनुसार बकरे की कुबार्नी दी गई। उसके बाद देर शाम तक कुर्बानियों का सिलसिला चलता रहा। सभी धर्मों के लोगों ने इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर बधाई दी। घर-घर पकवान बने। एक दूसरे के घर जाकर लोगों ने पकवान भी बांटे। मौके पर लोगों ने कहा कि ईद उल अजहा एकता का संदेश देता है। एकता से बड़ी कोई दौलत नहीं है। इस दौरान गांव के गैर मुस्लिम सहित अन्य राजनीतिक दलों के लोगों ने भी सक्रियता दिखाई और मुस्लिम बस्तियों में जाकर एक दूसरे को बकरीद की बधाई दी। इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिरौल प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए थे। क्षेत्र के सभी ईदगाहों में बकरीद को लेकर जिला प्रशासन द्वारा नमाज के दौरान दंडाधिकारी तथा पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। सभी जगह शांतिपूर्ण रहा।बेंक, बलिया, हाटी, ऊछटी, सुपौल, शेखपुरा, नेवरी, बलहा, नौडेगा, डुमरी, गैयारी, समेत सभी मुस्लिम बहुल गांव में बकरीद पर्व मनाया गया। सुबह से ही ईदगाह और मस्जिद में नमाज अदा करने की भीड़ उमड़ी। नमाज अदा करने के उपरांत अमन और शांति के लिए अल्लाह से दुआ मांगी गई। त्याग और बलिदान का इस पर्व के दौरान मोबाइल और व्हाट्सएप के माध्यम से एक दूसरे को बधाई दी गई। हाफिज मोहम्मद शमशुल जुहा एवं हाफिज मोहम्मद गफ्फार ने बताया कि इस पर्व के दौरान खैरात भी बांटा गया। इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं सिविल अधिकारी भी सक्रिय रहे।

## खजौली के मटीहवा गाँव के पास धौरी नदी के पश्चिम किनारा साइड में कटाव निरोधक कार्य मे भारी अनियमितता को लेकर पंचायत के मुखिया सहित अन्य ग्रामीणों ने विरोध जताया.

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता – अमोद कुमार**

धौरी नदी के पश्चिम किनारा साईड मुश्लिम टोले के पास कटाव निरोधक कार्य में खानापूरी कर लाखो रुपये की बंदर बाट को लेकर फ्लड कंट्रोल विभाग झंझारपुर-2 के कार्यपालक अभियंता एव संवेदक के प्रति विरोध जताया. प्रखंड़ क्षेत्र के मटीहवा गांव के पास धौरी नदी के पश्चिम किनारा पर फ्लड कंट्रोल विभाग जयनगर डिवीजन के द्वारा लगभग 50 लाख रुपये की लागत से चलाये जा रहे कटाव निरोधक कार्य में विभाग के एस्टिमेट को दर किनार कर सिर्फ खानापूरी की जा रही है.इस अनियमितता को लेकर भकुआ पंचायत के मुखिया विनीता कुमारी,समाजसेवी अमरेश कुमार,मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार ठाकुर ने कटाव निरोधक स्थल पर पहुँच कर कटाव स्थल पर चल रहे कटाव निरोधक कार्य का जायजा लेने पर भारी अनियमितता पाया गया.मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि कटाव स्थल पर संवेदक द्वारा सखुआ लकड़ी पाइलिंग के बदले बॉस ,बल्ला लगाकर कही कही जियो पोली वैग में बालू के जगह मिट्टी भरकर किनारे में छोड़ दिया है.जब कि कटाव निरोधक कार्य मे नदी के किनारा में सखुआ पाइलिंग करके उसके अंदर जियो पोली वैग में बालू भरकर जियो पोली वैग को प्लास्टिक रस्सी से एक दूसरे को बांधकर नदी के किनारा में लगाना है. लेकिन विभाग के आलाधिकारी एव संवेदक की मिलीभगत से मानक के अनुरूप काम कर लाखों रुपये की बंदर बाट हो रही है.वही भकुआ पंचायत के मुखिया विनीता कुमारी ,समाजसेवी अमरेश कुमार सिंह, भकुआ नट टोली गांव के ग्रामीण मो. नोशद, मो. एहसान, मो. मुतर्जा,मो.तनवीर,मो.अरमान सहित दर्जनों लोग ने फ्लड कंट्रोल विभाग झंझारपुर- 2, के कार्यपालक अभियंता चेतावनी दी है कि कटाव निरोधक स्थल पर गुणवक्ता कार्य नही करने पर कार्य को बाधित करते



हुए विभाग के विरोध प्रदर्शन करने पर बाध्य होंगे. वही फ्लड कंट्रोल विभाग झंझारपुर- 2 के कार्यपालक अभियंता कुमद रंजन झा ने कहा कि कटाव निरोधक कार्य मे अनियमितता करने वाले संवेदक को भुगतान पर रोक लगगकर कर कानूनी करवाई की जाएगी.

## बिहार ग्राम रक्षा दल जिला- मधुबनी की बैठक राज मैदान, राजनगर के परिसर में हुई

**दैनिक समाज जागरण**
**मधुबनी / बिहार**

अध्यक्षता ग्राम रक्षा दल के जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव किए ' उक्त बैठक में बिहार ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत, दल के महामंत्री विजय कुमार साह, मीडिया प्रभारी रामसागर राय भी उपस्थित थे '

बैठक को संबोधित करते हुए बिहार ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत ने कहा कि मधुबनी कलेक्ट्रेट के सामने लोकतंत्र बचाओ आंदोलन 61वा दिन बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री रामप्रीत पासवान जी आंदोलन स्थल पर आकर बोले कि आंदोलन स्थगित कर दीजिए ' ग्राम रक्षा दल के प्रतिनिधि पटना चलिए, माननीय मुख्यमंत्री महोदय से वार्ता करवाने का जो वादा किए थे उस वादा को उन्होंने पूरा किए ' इसके लिए माननीय पीएचईडी मंत्री आदरणीय रामप्रीत पासवान जी के प्रति उपस्थित जवानों ने आभार प्रकट करते हुए हृदय से साधुवाद दिए, साथ ही माननीय मुख्यमंत्री महोदय आदरणीय नीतीश कुमार से जो सकारात्मक वार्ता हुई है इसके लिए भी माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए साधुवाद दिए '

श्री राऊत कहां की माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी से वार्ता बिल्कुल ही सफल रहा और सम्मानजनक वार्ता के बाद ग्राम रक्षा दल के जवानों के बीच एक आशा की किरण जगी है जो शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता ' दल के प्रदेश अध्यक्ष श्री राऊत ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि और निश्चित





ही ग्राम रक्षा दल के कल्याण हेतु माननीय मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा उचित कदम उठाया जाएगा, ऐसा श्री राऊत का दावा है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा ग्राम रक्षा दल के नौजवानों के प्रति कल्याण की घोषणा की जाती है तो हम भी दल के प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते घोषणा करेंगे कि सूबे बिहार के लाखों ग्राम रक्षा दल के जवान अपने अपने घरों में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी का फोटो लगाकर भगवान के तरह उन्हें पूजने का काम करें अब गेंद मुख्यमंत्री महोदय के पाले में है लाखों घरों में पूजा करवाना चाहते हैं यह माननीय मुख्यमंत्री महोदय के बुद्धि विवेक पर निर्भर करता है हम ग्राम रक्षा दल के लाखों नौजवान उनके घोषणा के प्रतीक्षा में है, इस बैठक में जिला सचिव गुप्ता राजा बाबू, जिला निरीक्षक राकेश पासवान, प्रखंड सचिव सरोज पासवान, प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र कुमार,अनिल पासवान, देवचंद्र प्रसाद, राम सोगारथ यादव, दिलीप कुमार राम, पवन कुमार यादव,अमरजीत कुमार राय, संतोष कुमार दास, सुनील कुमार पासवान, विनोद कुमार, सुमन कुमार महतो, लाल यादव, बबलू साफी, मदन कामत, मो0 गफूर अंसारी, हरीनाथ पासवान, शंभू पासवान, मोहम्मद गफूर, मिथुन मंडल, सुरेंद्र कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, मोहम्मद शमीम, राकेश कुमार, राम संजीवन मंडल, तेजी लाल यादव, राजेश कुमार, सुशील कुमार, जयप्रकाश, संजय पासवान, अमोल कुमार झा, ललन चौपाल, फेकन राम इत्यादि सैकड़ों की संख्या में ग्राम रक्षा दल के जवानों पर उपस्थित थे '

# प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती सम्मेलन को संबोधित किया

## "गुजरात अमृत काल के लक्ष्यों को प्राप्त करने के देश के संकल्प का नेतृत्व कर रहा है"

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्राकृतिक कृषि सम्मेलन को संबोधित किया। गुजरात के सूरत में आयोजित इस कॉन्क्लेव में हजारों किसानों और अन्य सभी हितधारकों की भागीदारी देखी जा रही है, जिन्होंने सूरत में प्राकृतिक खेती को एक सफलता की कहानी के रूप में अपनाया है। सम्मेलन में गुजरात के राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी शामिल हुए।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का कार्यक्रम इस बात का संकेत है कि कैसे गुजरात अमृत काल के लक्ष्यों को प्राप्त करने के देश के संकल्प का नेतृत्व कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, "हर पंचायत के 75 किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने में सूरत की सफलता पूरे देश के लिए एक मिसाल बनने जा रही है।" उन्होंने सरपंचों की भूमिका पर प्रकाश डाला और किसानों को खेती के प्राकृतिक तरीके की दिशा में आगे बढ़ने के लिए बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लआजादी के 75 साल के निमित्त, देश ने ऐसे अनेक लक्ष्यों पर काम करना शुरू किया है, जो आने वाले समय में बड़े बदलावों का आधार बनेंगे। अमृतकाल में देश की गति-प्रगति का आधार सबका प्रयास की वो भावना है, जो हमारी इस विकास यात्रा का नेतृत्व कर रही है।" इसीलिए उन्होंने कहा कि गरीबों और वंचितों के कल्याणकारी परियोजनाओं में ग्राम पंचायतों को अहम भूमिका दी गई है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों ने प्रत्येक पंचायत से 75 किसानों को चुनने में ठोस भूमिका निभाई और प्रशिक्षण के साथ-साथ अन्य संसाधनों की उपलब्धता में उनकी मदद की। इससे 550 पंचायतों के 40 हजार से अधिक किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ गए हैं। यह एक अच्छी शुरूआत है और बहुत उत्साहजनक है। प्राकृतिक खेती का सूरत मॉडल पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब लोगों की भागीदारी के बल पर बड़ी परियोजनाएं शुरू की जाती हैं तो उनकी सफलता देश के लोगों द्वारा ही सुनिश्चित की जाती है। श्री मोदी ने जल जीवन मिशन का उदाहरण दिया जहां लोगों को परियोजना में महत्वपूर्ण भूमिका दी गई थी। इसी तरह "डिजिटल इंडिया मिशन की असाधारण सफलता भी उन लोगों को देश का जवाब है जो कहते थे गांव में बदलाव लाना आसान नहीं है। हमारे गांवों ने दिखा दिया है कि गांव न केवल बदलाव ला सकते हैं, बल्कि बदलाव का नेतृत्व भी कर सकते हैं।" प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्राकृतिक खेती को लेकर जन आंदोलन (जन आंदोलन) भी आने वाले दिनों में एक बड़ी सफलता होगी। उन्होंने कहा कि जो किसान इस आंदोलन से जल्दी जुड़



जाएंगे उन्हें बहुत फायदा होगा।

प्रधानमंत्री ने जोर देते हुए कहा, "हमारा जीवन, हमारा स्वास्थ्य, हमारा समाज सबके आधार में हमारी कृषि व्यवस्था ही है। भारत तो स्वभाव और संस्कृति से कृषि आधारित देश ही रहा है। इसलिए, जैसे-जैसे हमारा किसान आगे बढ़ेगा, जैसे-जैसे हमारी कृषि उन्नत और समृद्ध होगी, वैसे-वैसे हमारा देश आगे बढ़ेगा।ह्व उन्होंने किसानों को याद दिलाया कि प्राकृतिक खेती समृद्धि का साधन होने के साथ-साथ हमारी धरती मां का सम्मान और सेवा भी है। उन्होंने कहा, ह्लजब आप प्राकृतिक खेती करते हैं तो आप धरती माता की सेवा करते हैं, मिट्टी की क्वालिटी, उसकी उत्पादकता की रक्षा करते हैं। जब आप प्राकृतिक खेती करते हैं तो आप प्रकृति और पर्यावरण की सेवा करते हैं। जब आप प्राकृतिक खेती से जुड़ते हैं तो आपको गौमाता की सेवा का सौभाग्य भी मिलता है।ह्व

प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया एक स्थायी जीवन-शैली के बारे में बात कर रही है। उन्होंने कहा, "यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां भारत ने सदियों से दुनिया का नेतृत्व किया है, इसलिए अब समय आ गया है कि हम प्राकृतिक खेती के रास्ते पर आगे बढ़ें और उभर रहे वैश्विक अवसरों का पूरा फायदा उठाएं।" श्री मोदी ने पारंपरिक खेती के लिए संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान करने वाली 'परंपरागत कृषि विकास योजना' जैसी योजनाओं के रूप में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों के बारे में भी बताया। लाखों किसानों के लाभ के लिए योजना के तहत पूरे देश में 30 हजार क्लस्टर बनाए गए हैं। 10 लाख हेक्टेयर को 'परंपरागत कृषि विकास योजना' के तहत कवर किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती को नमामि गंगे परियोजना से जोड़ा गया है क्योंकि गंगा नदी के किनारे प्राकृतिक कृषि गलियारा बनाने के लिए एक अलग अभियान चलाया गया है।

प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती की उपज के प्रमाणीकरण के लिए गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली की भी जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रमाणित उत्पादों की अच्छी कीमत मिलती है जब किसान उन्हें निर्यात करते हैं।

शास्त्रों में छिपे प्राकृतिक कृषि ज्ञान और भारत की लोकप्रिय संस्कृति को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों और विशेषज्ञों से प्राचीन ज्ञान पर शोध करने का अनुरोध किया और कहा कि आधुनिक समय की मांगों के अनुसार इसे किसानों तक कैसे पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि प्रत्येक पंचायत में 75 किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती की शुरूआत होने के बाद जल्द ही यह कई गुना बढ़ जाएगी, क्योंकि इस रासायनिक मुक्त प्राकृतिक उत्पाद की मांग बढ़ना तय है। आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में, प्रधानमंत्री ने मार्च, 2022 में गुजरात पंचायत महासम्मेलन में अपने संबोधन में प्रत्येक गांव में कम से कम 75 किसानों को खेती के प्राकृतिक तरीके को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया था। प्रधानमंत्री के इस दृष्टिकोण से निर्देशित, सूरत जिले ने प्राकृतिक खेती को अपनाने में किसानों की मदद करने के उद्देश्य से जिले में किसान समूहों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों, कृषि उत्पाद विपणन समितियों (एपीएमसी), सहकारी समितियों, बैंकों आदि जैसे विभिन्न हितधारकों और संस्थानों को संवेदनशील तथा प्रेरित करने के लिए एक ठोस और समन्वित प्रयास किया। नतीजतन, प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 75 किसानों की पहचान की गई और उन्हें प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित तथा प्रशिक्षित किया गया। किसानों को 90 विभिन्न समूहों में प्रशिक्षित किया गया जिसके परिणामस्वरूप जिले भर के 41,000 से अधिक किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज जयपुर में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 30वीं बैठक की अध्यक्षता की

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज जयपुर में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 30वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री जय राम ठाकुर,दिल्ली के उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना, लद्दाख के उपराज्यपाल श्री राधा कृष्ण माथुर, चंडीगढ़ के प्रशासक श्री बनवारीलाल पुरोहित, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया, पंजाब के वित्त मंत्री श्री हरपाल सिंह चीमा और सदस्य राज्यों के वरिष्ठ मंत्रियों ने भाग लिया। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव,अंतर्राज्य परिषद सचिवालय की सचिव,उत्तरी क्षेत्र में सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव और राज्यों तथा केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

श्री अमित शाह ने कहा कि देश के विकास में क्षेत्रीय परिषदों का एक लंबा इतिहास रहा है। ये परिषदें केंद्र तथा राज्य के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध, विवादित अंतर्राज्यीय मुद्दों का आम सहमति से समाधान निकालने, राज्यों के बीच क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने और देशभर में लागू किये जाने वाले साझा राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर विचार विमर्श का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देश में 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी का इस बात पर जोर रहा है कि क्षेत्रीय परिषद की बैठकें नियमित हों, परिणामलक्षी हों और लंबित मुद्दों का समाधान निकाल लिया जाए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अंतर्राज्यीय परिषद और केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार के सभी मंत्रालयों एवं राज्य सरकारों के साथ मिलकर इसे गति देने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2006 से 2013 के बीच क्षेत्रीय परिषद की 6 और इसकी स्थायी समिति की

22 may 2022:Layout 1 7/11/2022 12:59 AM Page 9



## अतिक्रमणकारियों के घरों पर चला प्रशासन का बुल्डोजर, हटाया गया अवैध कब्जा

**समाज जागरण नवादा(आर्यन मोहन)**

नवादाः जिले के नरहट प्रखण्ड के भीमबिगहा गांव में शनिवार को अतिक्रमणकारियों के घरों पर प्रशासन का बुल्डोजर चला। सर्वसाधारण की भूमि पर अवैध रूप से किया गया निर्माण कार्य को तोड़ दिया गया। सीओ रजनी कुमारी और पुलिस बलों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। सीओ ने बताया कि ग्रामीण की शिकायत मिली थी कि गांव के नवल सिंह, भोला सिंह, चंदमौली सिंह, मिथलेश सिंह, नरेश सिंह, नवलकिशोर सिंह और मोहन सिंह सर्वसाधारण की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर घर आदि का निर्माण कर रखे हैं, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो गया है। शिकायत के आलोक में भूमि की मापी करा अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेज कर सर्वसाधारण की भूमि को खाली करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन तय समय के अनुसार अतिक्रमणकारियों द्वारा जमीन को खाली नही किया गया। जिसके बाद प्रशासन द्वारा शनिवार को बुल्डोजर ( जेसीबी मशीन) से अतिक्रमण वाले जमीन पर बने मकान को तोड़ दिया गया। बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र के सड़क किनारे भी लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिसको प्रशासन द्वारा हटाने की जरूरत है। प्रशासन द्वारा अवैध रूप से जमीन पर कब्जा जमाने पर बुल्डोजर से तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलाने से वैसे लोगों में हड़कम्प मच गया है।




## जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा बकरीद पर्व

**समाज जागरण नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**

नवादा जिले में कुबार्नी का पर्व शांति के माहौल में उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही इस्माल धर्मावलंबियों में पर्व को लेकर उत्साह देखा गया। लोगों ने घरों, मस्जिदों में नमाज पढ़ी। सुबह 9 बजे ईदगाह में सामूहिक नमाज पढ़ी गई। लोग गले मिलकर एक दूसरे को बकरीद की बधाई और शुभकामनाएं दी। पर्व को लेकर मौलाना अख्तर बताते हैं कि पर्व-त्योहार आपस में भाईचारगी, मेल मिलाप को बढ़ाता है। गिले शिकवे दूर करता है। हर धर्म का यही संदेश होता है। धर्म-मजहब को मनाने वाले हैं तो यह समझें कि पैदा करने वाले ईश्वर-अल्लाह ही हैं। सब कुछ उन्हीं की मर्जी से चलती है।



इधर, पर्व में किसी प्रकार का खलल न पड़े इसके लिए संवेदनशील 230 स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बलों की तैनाती की गई है।
वरीय अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं। कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

## जहानाबाद में आदि शक्ति ऑटोमोबाइल का किया गया शुभारंभ।

**दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से बरुण कुमार**

जहानाबाद आदि शक्ति ऑटोमोबाइल का वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी संतोष श्रीवास्तव के द्वारा फीता काटकर किया गया शुभारंभ।जो मलाहचक बाल्टी फैक्ट्री मोड़ के पास है जहां नई से नई लेकर पुराने मोटरसाइकिल बाइक बुलेट अपाचे पल्सर प्लैटिना ग्लैमर मोटर बाइक से लेकर हर सभी प्रकार की कार,स्कॉर्पियो, ट्रक इत्यादि शहर वासियों को उचित मूल्य पर यहां से खरीद सकते हैं। जोकि इस सुविधा के लिए अब पटना नहीं जाना पड़ेगा। आदि शक्ति ऑटोमोबाइल का संचालन प्रवीण शर्मा ने कहा कि अब शहर वासियों के लिए पुराने से लेकर न्यू मोटर बाइक खरीदने के लिए पटना नहीं जाकर जहानाबाद से ही खरीद सकते हैं। और हमारे यहां कम से कम रेट में कस्टमर को दिया जाएगा ऑटोमोबाइल उद्घाटन समारोह में हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, रामकृष्ण परमहंस के डायरेक्टर भोला शर्मा, राजीव रंजन मुखिया, गोपाल शर्मा, हरि नारायण द्विवेदी एवं अन्य लोग उपस्थित हुए।



## रेल मंत्री को पत्र भेज नवादा से पावापुरी (बिहार शरीफ) वाया वारिसलीगंज रेल मार्ग जोड़ने की मांग

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज बाजार के व्यवसाइयों ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर नवादा से पावापुरी (बिहार शरीफ) वाया वारिसलीगंज रेल मार्ग से जोड़ने की मांग किया है। कपड़ा व्यवसाई प्रवीण कुमार, विकास कुमार, मोबाइल फोन एजेंसी के पपु सुल्तानिया, दिनेश सुल्तानिया, इंगलेश प्रसाद, पंकज कमलिया आदि के द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में कहा गया है कि केजी रेलखंड का दोहरीकरण का कार्य प्रगति पर है। जबकि विधुतीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। वारिसलीगंज रेलवे स्टेशन परिसर में जंगशन बनाने को पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। जैन धर्मावलंबियों का तीर्थ स्थान पावापुरी को गया से आसानी से जोड़ा जा सकता है। फलतः नवादा से वारिसलीगंज की दूरी महज 20 किलोमीटर है। वारिसलीगंज से पावापुरी रेल लाइन जोडने में काफी कम पुल पुलिया निर्माण करने होंगे। व्यवसाइयों ने कहा है कि उक्त रेल मार्ग के निर्माण से पावापुरी से लच्छूआड़ जाने वाले जैनियों को वारिसलीगंज उतर कर पकरीबरावां से सड़क मार्ग होकर आसानी से जाया जा सकता है।

## बकरीद का त्योहार शांतिपूर्वक सम्पन्न।

नारदीगंज,नवादाः- प्रखंड क्षेत्र के गांवों में रविवार को त्याग और बलिदान का त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम भाइयों ने नारदीगंज बाजार स्थित जामा मस्जिद के अलावा हरनारायण पुर,चिरैयाँ, पेश समेत अन्य गांवों स्थित ईदगाह व मस्जिदों में सामूहिक नमाज अता कर अमन-चैन की दुआ मांगी। इस मौके पर अहले सुबह से ही पुलिस-प्रशासन व दंडाधिकारी सामूहिक नमाज अता सम्पन्न होने तक मस्जिद के इर्द-गिर्द मुस्तैद रहे। कोरोना संक्रमण के कारण दो वर्षों के बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों में सामूहिक नमाज पढ़ने को ले काफी उत्साह देखा गया। सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए नारदीगंज थाना क्षेत्र के चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल प्रतिनियुक्त रहें।

## रजौर गांव में चौपाल का हुआ आयोजन।

नारदीगंज,नवादाः- प्रखंड के परमा पंचायत के रजौर गांव में रविवार को ग्रामीणों के बीच चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डीएम के निदेर्शानुसार गांव में चौपाल का आयोजन हुआ है। विद्यालय प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने सभी आसाक्षर महिलाओं को हौसला अफजाई करते हुए साक्षर होने के लिए जागरूक की। और सभी असाक्षर महिलाओं को साक्षर होने के लिए संकल्प दिलाई। इस दौरान महिलाओं ने साक्षर होने का आश्वासन दिया।आयोजित कार्यक्रम उत्क्रमित मध्य विद्यालय रजौर में जागरूकता अभियान के तहत गांव में चौपाल का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिक्षक सुरेश कुमार चौहान, वार्ड सदस्य रिंकू देवी,शिक्षा समिति

## जवाहर नवोदय विद्यालय रेवार में छठी में नामांकन की प्रक्रिया शुरू, 80 छात्र परीक्षा में हुए हैं सफल

### जवाहर नवोदय विद्यालय रेवार मे नामंकन शुरू,80छात्र परिझा मे हुए सफल।

**समाज जागरण**
**नवादा (आर्यन मोहन)**

नवादा जिले के रेवार स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नामांकन के पूर्व आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। 80 छात्र सफल हुए हैं, जिनके नामांकन के लिए प्रक्रिया शुरू की गई है।
जानकारी देते हुए विद्यालय के शिक्षक सह मीडिया प्रभारी हरेंद्र कुमार ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में कुल 80 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। परीक्षा परिणाम जवाहर नवोदय विद्यालय समिति एवं जवाहर नवोदय विद्यालय रेवार की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सफल अभ्यर्थी यहां से अपना परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।
उन्होंने बताया कि नामांकन के लिए सफल अभ्यार्थियों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं चिकित्सीय परीक्षण 22 एवं 23 जुलाई को विद्यालय के प्रशासनिक भवन में किया जाएगा। अभ्यर्थी अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि नामांकन संबंधित सभी प्रपत्र जवाहर नवोदय विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, जहां से डाउनलोड कर सभी दस्तावेजों के साथ पहुंच अभ्यर्थी नामांकन ले सकेंगे।




## वारिसलीगंज में शांति एवं सौहार्दपूर्ण बातावरण में मनी बकरीदे

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज बाजार समेत प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य गांवों में रविवार को इस्लाम धर्माबलम्बियों का त्योहार ईद-उल-अजहा ( बकरीद) धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुसलमानों ने वारिसलीगंज बाजार के बड़ी एवं छोटी मस्जिद समेत नेवाजगढ़, मिल्की, सफीगंज, मोसमा, बाघी बरडीहा, मकनपुर, रहीमगंज आदि गांव स्थित ईदगाह व मस्जिदों में सामूहिक नमाज अता कर अल्हा से अमन-चैन की दुआ अर्ज किया। रविवार की अह सुबह से ही नियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस-प्रशासन सामूहिक नमाज अता सम्पन्न होने तक मस्जिद के इर्द-गिर्द मुस्तैद रहे। जबकि जिले से आई पुलिस टीम सम्पूर्ण बाजार में फ्लैग मार्च कर शांतिपूर्ण बातावरण में त्योहार मनाने की अपील किया। कोविड 19 के संक्रमण के कारण पिछले दो वर्षों के बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों में सामूहिक नमाज पढ़ने को ले काफी उत्साह देखा गया। त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए चिन्हित व संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बलों की नियुक्ति देखी गई। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग अपनी हैसियत के अनुसार बकरे की कुबार्नी देकर उसके मिट को गरीबो व यतीमो के बीच वितरित किया। जबकि लोग अपने ईस्ट मित्रो को लच्छा व सुस्वादु पकवान खिलाया त्योहार की खुशियां बांटी। इस दौरान मुस्लिम मुहल्लों के रंग विरंगे कागजी फूलों एवं अन्य आकर्षक सामग्रियों से सजाया संवारा गया।



## वजीरगंज क्षेत्र के स्कूली बच्चो को दिया जा रहा आपदा प्रबन्धन विभाग से सुरक्षित तैराकी का प्रशिक्षण

**समाज जागरण**

वजीरगंज (गया) बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा जारी निर्देश के आलोक मे प्रखंड क्षेत्र के 6 - 18 वर्ष आयुवर्ग के बालको को समुदाय स्तर पर तैराकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसकी शुरूआत गत दिनों मंगलवार को कोल्हना गाँव स्थित एक निजी तालाब पर समारोह आयोजित कर की गई। प्रशिक्षण का उद्घाटन बीडीओ रवि शंकर कुमार व सीओ पुरूषोत्तम कुमार ने तालाब प्रवेश द्वार का फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित जनसमूह व बच्चों को संबोधित करते हुए सीओ ने कहा कि पानी में डूबने से होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा इस लाभकारी प्रशिक्षण की शुरूआत की गई है। प्रखंड मुख्यालय से पांच किलोमीटर की दूरी तक अभी स्कूली बच्चों का चयन बीईओ के माध्यम से की गई है। कुल पांच बैच में चलने वाले प्रशिक्षण में 150 किशोरों को 12-12 2 दिनों तक नीमी पटना से आये प्रशिक्षित ट्रेनर तैराकी का गुर सीखा रहे है। फिलहाल पहली बैच 40बच्चो को तैराकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बैच की समाप्ती पर तैराकी का टेस्ट लिया जायगा, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार व मेडल देकर सम्मानित करते हुए सभी को प्रमाण पत्र दिया जायगा। इस कार्यक्रम के संचालन हेतु सबसे साफ -सुथरा तालाब का चयन किया गया है। आस-पास के अन्य सरकारी तालाबों से बेहतर यहां का पानी एवं वातावरण है, इसलिये इसका चयन किया गया है। इस तालाब के मालिक शेखर जी जो न्यूजीलैंड में रहते हैं उन्होंने भी हर्ष पूर्वक इसकी सहमति दी है। आवश्यकतानुसार अन्य क्षेत्रों में भी तालाबों का चयन कर उसके पांच किलोमीटर के पोषक क्षेत्र के बच्चों को प्रशिक्षित किया जायगा।



## नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ सह राधा कृष्णा प्राण प्रतिष्ठा का श्रद्धापूर्वक हुआ समापन।

**समाज जागरण**

नारदीगंज,नवादाः-प्रखंड के नारदीगंज पंचायत की नारदीगंज अंदर बाजार में आयोजित नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ सह राधा कृष्णा प्राण प्रतिष्ठा रविवार को हवन पूजा के साथ पूणार्हुति हो गया। कार्यक्रम का आयोजन नारदीगंज अंदर बाजार स्थित ठाकुर बाड़ी में हुआ। सुबह होते ही श्रद्धालुओं व ग्रामीणों ने हवन पूजा की तैयारी करना शुरू कर दिये। उसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चारण कर हवन पूजा श्रद्धापूर्वक की गई। हवन पूजा के बाद भंडारे का आयोजन हुआ।जो देर रात तक चलता रहा। मंदिर के पुजारी पंडित त्रिपुरारी पांडेय ने बताया नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ सह राधा कृष्णा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर परिसर में दो जुलाई को अखंड कीर्तन किया गया था,उसके बाद चार जुलाई को कलश यात्रा,पांच जुलाई को मंडप प्रवेश,छह जुलाई को अग्नि मंथन,सात जुलाई को भगवान का अधिवास व पूजा ,आठ जुलाई को भगवान राधा कृष्णा की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा भक्ति भाव के साथ हुआ।उसके बाद नौ जुलाई को रामर्चा पूजा विधिवत की गई। कथा समाप्ति के बाद दस जुलाई को हवन भंडारा के साथ पूणार्हूति के साथ आयोजित नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ सह राधा कृष्णा प्राण प्रतिष्ठा का समापन हो गया। पूणार्हुति के बाद हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ इससे पूर्व कई श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप में परिक्रमा व पूजा अर्चना कर सुख शांति और समृद्धि की कामना किया। यज्ञकार्य पंडित सत्यदेव पांडेय के देखरेख में हुआ।वही मुख्य पुरोहित के रूप में पंडित मनोज पांडेय, सहयोगी अशोक पांडेय, नागेन्द्र पांडेय समेत अन्य विद्वान ब्राह्मण के द्वारा कार्यक्रम किया गया। मुख्य यजमान में ललन सिंह व उनकी धर्मपत्नी मधु देवी व प्रवेश कुमार व उनकी धर्मपत्नी रेशमा देवी ने भूमिका को निभाने का कार्य किया। मान्यता है कि ठाकुर बाड़ी में सच्चे मन से पूजा अर्चना करने वाले याचक को मनोवांछित मुरादें भी पूरी होती है। इस पूजनोत्सव में बाजारवासियों में राजा ,रिसू,ननका, सेठू,शिवम,शुभम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।



## डीएम,एसपी के देख्ररेख में शांति पूर्ण संपन्न हुआ बकरीद।

**समाज जागरण**
**नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**

नवादा :ईद-उल-जुहा बकरीद का त्यौहार जिले में शांतिपूर्ण और सौहार्द वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण, सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी पुलिस अधिकारी भी अपने अपने प्रतिनिधि स्थल पर उपस्थित होकर विधि व्यवस्था संधारण किये।
आज जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह एवं डॉ गौरव मंगला पुलिस अधीक्षक ईद-उल-जुहा के अवसर पर नवादा मुस्लिम समुदाय के लोगों को बकरीद की बधाई देते हुए विधि व्यवस्था संधारण की समीक्षा किए।
जिले में 230 स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई। जिले के सभी मस्जिदों पर निर्धारित समय पर नमाज अदा की गई।लोग एक दूसरे को गले से गले मिलकर मुबारकबाद एवं शुभकामना दिए।
डीपीआरओ नवादा ने बताया कि , जिला में किसी प्रकार अप्रिय वारदात की सूचना नहीं है। सभी प्रखंडों एवं थाना से भी बकरीद का त्यौहार हर्षोल्लास पूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया।
समाहरणालय के सभागार में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित है जहां प्रतिनियुक्त दंडाधिकारीयों के द्वारा जिले के सभी क्षेत्रों से से पल-पल की सूचना ली गई। जिलाधिकारी भी लगातार कंट्रोल रूम से संयुक्त थे।
उमेश कुमार भारती अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर ,उपेंद्र प्रसाद एसडीपीओ नवादा सदर के द्वारा लगातार नगर परिषद क्षेत्रों एवं प्रखंडों में लगातार भ्रमण करते हुए विधि व्यवस्था संधारण करने में सतर्क और सजग रहे। आदित्य कुमार पीयूष अनुमंडल अधिकारी रजौली और संजय कुमार पांडेय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गस्ती करते रहे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक भी ईद-उल-जुहा त्योहार के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण करने के लिए पल-पल की सूचना कंट्रोल रूम एवं अनुमंडल अधिकारी से प्राप्त करते रहे। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में आधार भ्रमण करते हुए विधि व्यवस्था का सुधार रखिए। जिले में कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। इस बात की जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी है।



## जहानाबाद : जिले के निर्वाचन आईकॉन अमित ने युवाओं से किया आह्वान, स्वच्छता, शिक्षा के प्रति अलख जगाए

**दैनिक समाज जागरण**
**जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद : जिले के निर्वाचन आईकॉन एवं मगध प्रमंडल के यूथ एंबेसडर अमित कुमार ने रविवार को अपने कार्यालय युवा संवाद कक्ष में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को स्वच्छता शिक्षा एवं नशा मुक्त समाज में युवाओं की भूमिका को लेकर बैठक आयोजित किया गया।
जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को निर्वाचन आइकॉन अमित कुमार ने बताया कि प्रत्येक घर का एक युवा सकारात्मक सोच के साथ शिक्षा के प्रति अगर जागरूकता करें तो एक गांव में कम से कम एक सौ युवा तैयार हो जाएंगे और जिस गांव में एक सौ युवा तैयार हो जाएंगे उस गांव के प्रति कोई भी काम नामुमकिन नहीं होगा।
इसलिए हम युवाओं को कर्तव्य है। की स्वच्छ, सुंदर समाज के निर्माण में अपना योगदान दें ताकि हमारा गांव स्वच्छ एवं सुंदर बन सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम लोगों को धरातल पर काम करना होगा। तभी गांव पंचायत प्रखंड जिला एवं राज्य का नाम होगा।
अमित ने बताया कि प्रत्येक रविवार को गांव गांव के युवाओं से मिलकर उन्हें जागरूक करेंगे, ताकि हमारा जिला का नाम रौशन हो। जिला प्रशासन हम लोगों का साथ है। हम लोगों के काम करने की जरूरत है। अगर शिक्षा के प्रति लोग जागरूक होंगे तब स्वच्छता एवं नशा मुक्त खुद पर खुद हो जाएगा। इसके लिए हम सभी युवा अपने अपने ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करें और लोगों को भी जागरूक करें।
इस बैठक में नेहरू युवा केंद्र जहानाबाद के के पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक संजय पासवान जन एकता क्लब के सदस्य राहुल कुमार सूरज कुमार, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के द्वारा बनाए गए बाल सेना के सदस्य सूरज कुमार,बाबूलाल कुमार, विश्वकर्मा कुमार सहित दर्जनों युवा उपस्थित थे।




## कड़ाके की धूप और गर्मी से सूखने लगे है मकनपुर संपर्क पथ के किनारे सागवान का पौधा

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-कड़ाके की धूप और भीषण गर्मी से जहां किसान अपने धान का बिचड़ा बचाने की जद्दोजहद कर रहे हैं। वही कड़ाके की धूप को बर्दाश्त नहीं कर सड़क किनारे लगाया गया दर्जनों सागवान का पौधा बिन पानी सूखना शुरू हो गया है। हलांकि उक्त पौधा को लगे दो बर्ष बीत चुका है।
पिछले दो वर्षों से क्षेत्र में अच्छी बारिश होने के कारण धान की अच्छी फसल हो रही थी। लेकिन इस बार अब तक कमजोर मानसून के वजह से आषाढ़ महीना की अंतिम सप्ताह में भी अच्छी वर्षा नहीं होने से किसान सुखाड़ की आहट समझकर डरे सहमे हैं। लंबी अवधि के आगात किस्म की धान फसल के रोपनी का मुख्य महीना आषाढ़ होता है। और आषाढ़ माह समाप्ति की ओर है। बावजूद खेतो में पानी नहीं रहने के कारण क्षेत्र में धान रोपनी शुरू भी नहीं हो सकी है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार जुलाई के मध्य में बारिश होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जिसे लेकर क्षेत्र के किसान निजी पंप सेट के माध्यम से अपने बिचड़ा बचाने की जद्दोजहद में जुटे हुए हैं। दो सप्ताह से अधिक समय से भीषण गर्मी पड़ने, कड़ाके की धूप और बरसात नहीं होने के कारण मकनपुर गांव के संपर्क पथ के किनारे लगे सागवान के दर्जनों पौधे सहित कई नाजुक किस्म का अन्य पौधा सुख रहे हैं। कमलिया मिल से निकलकर मकनपुर गांव को जोड़ने वाली पथ में दो वर्ष पहले मनरेगा योजना के तहत कई प्रकार के वृक्ष लगाए गए हैं। जिस में सर्वाधिक सागवान का पौधा है। लेकिन लगाए गए पेड़ों को पानी नहीं मिलने के कारण भीषण गर्मी में दर्जनों सागवान के पौधे की पत्तियां जलकर तना भी सुखना शुरू हो गया है। मानसून के शुरूआत में ही कमजोर रहने से इस बार खरीफ फसलों को पानी की कमी झेलनी पड़ सकती है। हलांकि किसान बैकल्पिक व्यवस्था से धान की नर्सरी बचाने में परेशान है।



### भ्रष्टाचार का अनुठे नमूना है बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले के भ्रष्टाचारी व जिला प्रशासन।

## जिला पदाधिकारी पर लुटेरा वर्ग पड़ रहें हैं भारी, जाँच पर जाँच, जाँच रिपोर्टर में अनियमितताओं का खुलासा के बाबजूद भी वर्षो तक कार्रवाई नहीं

**समाज जागरण**
**अनिल कुमार मिश्र**

औरंगाबाद ( बिहार) 09 जुलाई 2022:- जिले के नवीनगर प्रखंड का महुआंव पंचायत का जाँच हेतू सीएम से पीएम तक अनेको पत्राचार किया गया ,अनेको बार जाँच हुआ, मनरेगा में लूट का जारी खेल को जाँच पदाधिकारी ने उजागर किया और कहाँ मनरेगा में वैसे लोगों को जॉब कार्ड बनाया गया है जो अपने दलहीज से कभी बाहर नहीं जाते है और आज की प्रवेश में सुखी संपन्न ,पक्का मकान वाले , करोड़पति के समकक्ष है ।
जाँच पर जाँच होता रहा,एक जाँच पदाधिकारी दूसरे जाँच पदाधिकारी के जाँच प्रति वेदन का समर्थन करते हुए सरकारी योजनाओं ब्यापत लूट व अनियमितता से संबंधित जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया, कार्रवाई की बात तो दूर रही, सरकार प्रायोजित योजनाओं के राशि का जारी लूट को आज तक रोकने का प्रयास तक भी नहीं किया गया. फलस्वरूप लूटेरे वर्ग का मनोबल बढ़ा हुआ है और सरेआम सरकार प्रायोजित योजनाओं की राशि को निर्वाधगति से लूटा जा रहा है ,जिसका ज्वलंत उदाहरण महुआंव पंचायत का वार्ड नम्बर-13 हैं, इस वाड़ में नल -जल योजना का किस तरह से सरकारी राशि को लूटा गया है इससे जिला पदाधिकारी भी अनभिज्ञ नहीं हैं। ज्ञात हो कि जनशिकायत/सूत्रों के अनुसार जिला पदाधिकारी के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने महुआंव पंचायत एवं महुआंव पंचायत का वार्ड नम्बर-13 में जांच कर प्रतिवेदन भी जिला पदाधिकारी को प्रस्तुत किया है। पुरे बिहार में नल -जल योजना में ऐसा अनियमितता और लूट का अनूठा उदाहरण मिलेगा या नहीं यह तो कह पाना मुश्किल होगा किन्तू जिस तरहम महुआंव पंचायत का वार्ड नम्बर-13 में नल -जल की राशि को नीजी हित में लूट हुआ है ऐसा बिहार में नहीं हुआ होगा। महुआंव पंचायत का वार्ड नम्बर-13 में नल- जल योजना के समरसेबल पम्प से खेतों की सिंचाई और पटवन तथा मछली पालन हो रहा है। जो जाँच में जाँच दल ने भी देखा है। तथ्य चाहें जो भी आखिर जिला पदाधिकारी सरकार प्रायोजित योजनाओं में लूट मचाने का मौका जाँच के नाम पर लगातार क्यों और कैसे देते आ रहे हैं यह लोगों की समझ से परे हो चुका है । महुआंव पंचायत के जनता ने शोशल मीड़िया व समाचार पत्र के माध्यम से औरंगाबाद जिले के जिला पदाधिकारी को उपरोक्त प्रकरण की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए मामले की जांच पत्रकारों के उपस्थित में स्वयं करने तथा दोषी पर विधि सम्मत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराकर सरकारी राशि का वसूली सुनिश्चित कराने तथा घटनाओं की पुनरावृत्ति पर रोक लगाने हेतू भ्रष्टाचारियों को समुचित सजा दिलाने की मांग किया है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बकरीद,लोगों ने मांगी अमन-चैन की दुआ

कौआकोल। कौआकोल प्रखण्ड में रविवार को हर्षोल्लास के साथ मुस्लिम समुदाय का पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) मनाई गई। प्रखण्ड मुख्यालय समेत सभी मस्जिदों एवं ईदगाहों में बकरीद की नमाज अता की गई एवं त्याग और बलिदान का त्योहार धूम-धाम से मनाया गया। ईदगाह में नमाज पढ़कर अमन,चैन एवं खुशहाली की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी और खुशियां बांटी। इस अवसर पर कई स्थानों पर गंगा जमुनी तहजीब भी देखने को मिली। नमाज अता होने के बाद मुस्लिम भाइयों को हिन्दुओं ने ईद की मुबारकबाद दी और गले मिले। इसके पूर्व रविवार को तय वक्त पर ईद-उल-अजहा की नमाज अता की गई। मुल्क में अमन एवं तरक्की एवं क्षेत्र में अच्छी बारिश होने की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोग अपने घर वापस लौटे एवं लजीज व्यंजनों का सभी ने खूब लुत्फ उठाया। लोग एक-दूसरे के घर जाते रहे और मुबारकबाद और मेहमानवाजी का सिलसिला दिन भर चलता रहा। वहीं बकरीद को लेकर प्रखण्ड में प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त थी। प्रखण्ड के संवेदनशील इलाकों में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों की मौजूदगी में काफी मात्रा में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। वहीं एसएसबी के जवान सड़कों पर पेट्रोलिंग करते नजर आए। कौआकोल सीओ अंजली कुमारी,राजस्व अधिकारी अविनाश कुमार,थानाध्यक्ष राजेश कुमार,अपर थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा,एसआई सुबोध सिंह,एएसआई मणिलाल मांझी,मोहम्मद फरमानुल्लाह समेत अन्य अधिकारी पर्व को लेकर चौकस रहे।



## स्वामी शांतानंद पब्लिक के 4 छात्राओं ने लहराया परचम

**समाज जागरण लखीसराय**

जिलें भर में विगत 5 वर्षों से प्रतियोगिता परीक्षाओं में रिजल्ट मेकर के रूप में अपनी पहचान बना चुके स्वामी शांतानंद पब्लिक स्कूल नौमा, हलसी(लखीसराय) में जवाहर नवोदय विद्यालय का परीक्षाफल प्रकाशित होने के बाद विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच खुशी का माहौल छा गया। वर्ग 6 में नामांकन के लिए आयोजित परीक्षा में कुल 4 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर इस विद्यालय को फिर से गौरवान्वित किया है ' कोविड-19 महामारी के कारण विद्यार्थियों को मात्र 6 महीने ऑफलाइन क्लास का समय मिला, इसी सीमित समय में इस तरह की सफलता विद्यार्थियों के कठिन मेहनत लगन तथा शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन एवं समर्पण को दशार्ता है। आशातीत सफलता प्राप्त होने के अवसर पर सफल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए निदेशक चंदन कुमार, प्राचार्य उज्जवल कुमार एवं शिक्षक(रजनीश कुमार,चंद्रभूषण,अमित,अविनाश,सत्यम और राकेश) ने उन्हें सफलता के लिए बधाई दी तथा जिन छात्र- छात्राओ को इस वर्ष सफलता नहीं मिली उन्हे आगामी वर्ष आने वाले प्रतियोगता परीक्षा में समर्पित भावना से तैयारी करने की सलाह दी ताकि अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन अच्छे शैक्षणिक संस्थानों में हो सके।
इस वर्ष के सफल विद्यार्थियों में चंदन कुमार, पिता रंजीत कुमार रंजीत(धीरा) क्रमांक - 1355795, जिज्ञासा कुमारी, पिता - दिवाकर कुमार सिंह( कोनाग), क्रमांक - 1355726, पूजा कोड़ा, पिता - नंदलाल कोड़ा ( चौखठ), क्रमांक - 1355681, गणेश कुमार, पिता - शंभू कुमार(भानपुरा) , क्रमांक - 1355684 शामिल हैं।

## मौलानगर ईदगाह में अदा की गई खास नमाज

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

रविवार को सूर्यगढ़ा प्रखंड समेत पूरे लखीसराय जिला में हर्षोल्लास के साथ मुस्लिम समुदाय के सबसे बड़े पर्वों में शुमार बकरीद पर्व को लेकर सूर्यगढ़ा प्रखंड क्षेत्र के मौला नगर ईदगाह में बकरीद के मौके पर हजारों लोगों के द्वारा बकरीद की खास नमाज अदा की गई काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक साथ बकरीद पर्व की खास नमाज की अदा एवं इस दौरान कई मुस्लिम भाइयों ने बताया कि हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अपने शहजादे हजरत इस्माइल अली इस्लाम को अल्लाह की बारगाह में कुबार्नी पेश की थी तथा उसी दौरान एक चमत्कार हुआ जहां अल्लाह ने इस्माइल की कुबार्नी की जगह एक बकरे की कुबार्नी कबूल फरमाया तथा उस समय से लेकर आज तक सभी



इस्लाम के अनुयाई जुम्मा यानी बकरे का ही कुबार्नी देते हैं बकरीद पर्व अमन चैन शांति का प्रतीक है जहां अल्लाह की बारगाह में जुम्मा की कुबार्नी पेश करते हैं जबकि वहीं दूसरी ओर बकरीद पर्व को लेकर लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा प्रखंड प्रशासन भी बेहद चौकस रहा मानिकपुर थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार अपने दल बल के साथ नमाज अदा की जाने वाली जगह पर बेहद मुस्तैद दिखे एवं बकरीद पर्व को लेकर मानिकपुर थाने की पुलिस कर्मियों के द्वारा सड़कों पर पुलिस वाहन के द्वारा गश्त लगाते देखा गया मानिकपुर थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में बकरीद पर्व को लेकर थाने के पुलिसकर्मियों को काफी चौकस व सजग हैं

## लगातार अभाविप के कार्यकताओं द्वारा रक्त दान किया गया जा रहा!

**भागलपुर समाज जागरण /राजीव पाण्डेय /शक्ति ठाकुर।**

भागलपुर के द्वारा जरूरतमंद परिवार को एसफएस कार्यकताओं ने रक्तदान कर पुरा किया, जिसमें मुख्य रूप में बिहार प्रान्त के प्रांत सह संगठन मंत्री उपस्थित रहें! प्रांत सह संगठन मंत्री श्री घीरज जी ने बताया कि रक्तदान जो कि एक ईश्वरीय कार्य होता है और ये कार्य लगातार स्टूडेंट फोर सेवा गतिविधि के द्वारा किया जा रहा है जो कि काफी सराहनीय है सभी कार्यकताओं को शुभकामनाएं और आगे भी निरंतर कार्य सेवा का का करते हैं सभी कार्यकताओं से उन्होंने आग्रह किया है! अभाविप नवगछिया इकाई के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह स्टूडेंट फोर सेवा के जिला संयोजक अनुज चौरसिया ने बताया



कि खगडा निवासी कुंदन सिंह जी के सोलह बर्षीय पुत्री का अचानक तबीयत खराब होने के कारण हीमोग्लोबिन तीन पॉइंट हो गया था तो प्रिंस जी के सुचना मिलने पर एसफएस कार्यकर्ता अश्विन महदत्तपुर निवासी जो कि आर्ट के क्षेत्र में काफी क्षेत्र का नाम रौशन किया है उनके माध्यम से बल्ड डोनेट कर मदद किया गया है! वही अभाविप कार्यकर्ता गौतम और एसफएस प्रमुख नवगछिया इकाई रघुवीर ने बताया कि इस प्रकार का जरूरत पडे तो निश्चित रूप से अभाविप कार्यकर्ता को सुचना करें यथासंभव मदद किया जाएगा! नहीं मौके पर प्रांत संगठन मंत्री श्री घीरज जी, अनुज चौरसिया, गौतम साहू, प्रिंस कुमार आदि सहयोग में उपस्थित रहें!

## बालू लदा ट्रैक्टर जब्त,चालक गिरफ्तार

कौआकोल। प्रखण्ड के सहायक थाना रूपौ की पुलिस ने रविवार को फुलडीह मोड़ से अवैध ढंग से खनन कर ले जा रहे एक बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर किया,वहीं मौके पर से चालक को भी गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी देते हुए कौआकोल सीओ अंजली कुमारी ने बताया कि फुलडीह मोड़ से बालू लदे ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार किए गए चालक व मनसागर गाँव निवासी सरोज मांझी,पिता- लटन मांझी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## 24 घंटे के अखंड राम आदमी को लेकर निकाली गई कलश शोभायात्रा

**समाज जागरण हलसी लखीसराय**

प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत हलसी पंचायत के बंडोल गांव में रविवार को 24 घंटे अखंड रामधुनी यज्ञ को लेकर 61 कुंवारी कन्याओं के द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया तथा यजमान नागेश्वर राम के नेतृत्व में निकाली गई तथा भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ बंडोल ग्राम एवं आसपास के गांव में भ्रमण करते हुए एवं माता के जयकारा लगाते हुए हलसी स्थित थाना के समीप



तालाब से कलश शोभायात्रा में शामिल कुमारी कन्या महिलाओं के द्वारा शुद्ध जल भर के कलश यात्रा का समापन बंडोल गांव स्थित यज्ञ स्थल पर कलश शोभा यात्रा का समापन किया गया ।कलश शोभायात्रा में सभी वर्गों के लोग भक्ति भाव से शामिल हुए शोभा यात्रा में शामिल ग्रामीणों ने बताया की बंडोल गांव में प्रत्येक वर्ष अखंड रामधुनी यज्ञ का आयोजन किया जाता है इसी कड़ी में रविवार को भव्य कलश यात्रा 61 कुंवारी कन्यायो के द्वारा कलश शोभायात्रा निकाला गया है ।

## विधायक अजीत शर्मा ने किया जहाँगीरपुर बैसी में कोसी के कटाव का जायजा, कहा झ्र बिहार सरकार के अधिकारी संवेदनहीन, कटाव पीडितों की नहीं ली अब तक सुध।

**भागलपुर :--- समाज जागरण /राजीव पाण्डेय /शक्ति ठाकुर ।**

कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता सह भागलपुर के नगर विधायक अजीत शर्मा ने शनिवार को भी अपने सहयोगियों के साथ कोसी नदी में हो रहे जहाँगीरपुर बैसी में हो रहे कटाव का जायजा लिया. उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपने ही हाथों से पाई -पाई जोड़कर बनाये पक्के के मकान को स्वयं अपने हाथों से तोड रहे हैं. क्योंकि पिछले एक सप्ताह से भी अधिक दिनों से कटाव में दर्जनों लोगों के घर नदी में समा गये. परन्तु अब तक बिहार सरकार के अधिकारियों ने कटाव से विस्थापित परिवारों की सुध लेना भी उचित नहीं समझा. जिस कारण कटाव से विस्थापित परिवार खुलेआसमान के नीचे भूखे -प्यासे रहने को विवश हैं. उन्होंने कहा कि फ्लड फायटिंग के नाम पर लूट फायटिंग हो रहा है. मौके पर कोई विभागीय अभियंता मौजूद नहीं थे. उन्होंने बताया कि यदि समय पर कटाव निरोधी कार्य जल संसाधन विभाग द्वारा करवाया गया होता तो जहाँगीरपुर बैसी में



कटाव का मंजर लोगों को नहीं झेलना पडता. उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री रामसूरत राय के निर्देश के बाद भी जहाँगीरपुर बैसी को बचाने का कार्य समय पर प्रारंभ नहीं किया गया .उन्होंने प्रभारी मंत्री रामसूरत राय से ततकाल इस्तीफा देने की मांग की. उन्होंने प्रेस प्रतिनिधियों को बताया कि डीएम भागलपुर से कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल मिलकर जहाँगीरपुर बैसी में ततकाल कटान से विस्थापित परिवारों के लिये भोजन, आवास, शौचालय व शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग की जायेगी तथा जल संसाधन मंत्री संजय झा से मिलकर जहाँगीरपुर बैसी में युद्धस्तर पर फ्लड फायटिंग कार्य करवा कर गाँव को बचाने की मांग की जायेगी. उन्होंने घोषणा किया कि आने वाले दिनों में गंगा व कोसी नदी के कटाव के स्थाई समाधान व विस्थापित परिवारों के पुनर्वास हेतु अनुमंडल मुख्यालय नवगछिया में महाधरना आयोजित कर आंदोलन का शंखनाद किया जायेगा. मौके पर अभय आनंद, विपिन बिहारी यादव, शीतल प्रसाद सिंह निषाद, जितेन्द्र प्रसाद सिंह, अजय कुमार सिंह, शंकर प्रसाद सिंह अशोक, मो मोजिउद्दीन सहित बडी संख्या में कांग्रेस जनों की मौजूदगी देखी गई.।

## कासिमपुर मे किसानों के उपर हुऐ लाठी चार्ज के विरोध मे राष्ट्रीय जनता दल के लोग पहुंचे कासिमपुर।

**भागलपुर :---समाज जागरण /राजीव पाण्डेय ।**

सुल्तानगंज प्रखंड के कासिमपुर गांव में रैयत किसानों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में राजद सहित महागठबंधन के नेता जांच करने पहुंचे कासिमपुर गांव।

बता दें पुल एप्रोच पथ में सरकार द्वारा निर्धारित तय राशि रैयत किसानों को अभी तक नहीं मिला,जब रैयत किसान अपना मुआवजा मांगने पहुंचे तो पुल निगम एवं प्रशासन के द्वारा लाठी चार्ज कर गलत तरीके से रैयतों पर मुकदमा कर परेशान किया जा रहा है ताकि रैयत किसान अपन नहीं मांगे, इसलिए बेवजह परेशान किया जाना राजद सहित महागठबंधन



परिवार इसका निंदा करते हैं।

इस मुद्दा को लेकर राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव,सी पी एम प्रदेश कमेटी के मेंबर अवधेश कुमार, राज्य सचिव मंडल सदस्य अरुण कुमार मिश्रा, पूर्व विधायक सुल्तानगंज फनीन्दर चौधरी,सी पी आई एम जिला सचिव दशरथ प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष सुल्तानगंज मोहम्मद मेराज, युवा प्रखंड अध्यक्ष सुल्तानगंज नटबिहारी मंडल,राजद नेता शिशिर सिंह, मुकेश ठाकुर जिला मिडिया प्रभारी मणजीत ठाकुर आदि मौजूद थे।

## एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत किरणपुर पंचायत ऋषि पहाड़पुर गांव के मध्य विद्यालय पहाड़पुर में रविवार को कृषि विभाग की ओर से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य शिविर में प्रचार प्रसार अभियान के तहत स्थानीय ग्रामीण किसानों




की मौजूदगी में डॉ अनिरुद्ध प्रसाद सिंह सहायक सरोज कुमार जेई अनिल कुमार के द्वारा गरीब पशुपालकों को पशुओं की बीमारी से संबंधित जानकारी और उसके सरल इलाज को लेकर विस्तृत पूर्वक जानकारी दी गई उक्त मौके पर स्थानीय मुखिया शैलेंद्र कुमार के साथ स्थानीय ग्रामीण किसान काफी संख्या में मौजूद रहे

## जल संकट को भागलपुर के हर वार्ड मे मिटाने को कृतसंकल्प हैं समाज सेवी।

**भागलपुर समाज जागरण राजीव पाण्डेय ।**

बिना जल जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, जल जीवन का आधार है। जल संकट को दूर करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है ।लेकिन इसके बावजूद भी शहर की मुख्य समस्याओं में से एक है पानी की समस्या। गर्मी आते ही भूमिगत जल स्तर नीचे चले जाने से जगह-जगह पानी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है। भागलपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 27 मायागंज में बोरिंग नही होने के कारण सैकड़ो घरों को पानी की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था,जब लोगों ने इसकी सूचना युवा समाजसेवी बिजय कुमार यादव को दी तो तत्काल मौके पर पहुँच कर उन्होंने अपने निजी कोष से बोरिंग का काम शुरू करवाया, जिसका शिलान्यास आज युवा समाजसेवी बिजय कुमार यादव द्वारा विधिवत नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर वार्ड 27 के पार्षद उमर चांद भी मौजूद रहे। बोरिंग का काम शुरू होते ही स्थानीय लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली साथ ही वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि या समाजसेवक द्वारा ऐसा कार्य नहीं किया गया जिससे इलाके के लोगों को पानी की समस्या ना हो, उन्होंने बिजय कुमार यादव जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की समाज में ऐसे लोगों की सख्त जरूरत है जो आमजनों की जरूरत को समझें और उसे पूरा करें।

समाजसेवी बिजय कुमार यादव ने बताया कि पूरे शहर में लोग पानी के लिए परेशान हैं और इस ओर किसी का भी ध्यान नहीं है,जिस कारण मैंने लोगों की जरूरत को देखते हुए अपने निजी कोष से कई स्थानों पर बोरिंग करवाकर घर-घर तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की है,अब यहां के लोग भी पानी के लिए परेशान नहीं होंगे और ना ही महिलाओं को पानी लाने के लिए दूर जाना होगा। उन्होंने बताया कि शहर के हर घर को पानी आसानी से मिले इसी संकल्प के साथ आगे भी कार्य करता रहूंगा।

इस अवसर पर मो. मतिन, उमेश साह, चंदन कुमार, उमर आजम, मो जूदाउद्दिन, अजय पासवान समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## आम आदमी पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के खाबा राजपुर पंचायत के वार्ड संख्या 7 में रोहित कुमार की अध्यक्षता एवं करण कुमार के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सदस्यता अभियान चलाया गया तथा पार्टी की सदस्यता अभियान को लेकर लखीसराय जिला प्रभारी नूतन पटेल के द्वारा स्थानीय ग्रामीण महिला एवं पुरुषों को आम आदमी पार्टी के संयोजक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के द्वारा दिल्ली और पंजाब



में पार्टी के द्वारा किए जा रहे बेहतर कार्यों को बताया गया तथा मौजूद महिला एवं पुरुष लोगों के द्वारा नूतन पटेल के द्वारा कही गई बातों को सुनकर सैकड़ों लोगों ने एक साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है बता दें कि आम आदमी पार्टी की ओर से लगातार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें लखीसराय जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लखीसराय जिला प्रभारी नूतन पटेल की अगुवाई में प्रतिदिन पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई जा रही है जिससे लखीसराय जिले में आम आदमी पार्टी में काफी मजबूती देखने को मिल रही है

## चैती दुर्गा पूजा समिति ने आईएएस सोनिका को किया सम्मानित।

**नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

दुर्गा पूजा समिति नवगछिया में आईएएस सुश्री सोनिका कुमारी का हुआ सम्मान समारोह चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संदीप कुमार गुप्ता ने किया. चैती दुर्गा मंदिर प्रांगण में स्थानीय लोगों को सुश्री सोनिका ने संबोधित भी किया. चैती दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा अंग वस्त्र फूल के बुके दे कर.

सम्मानित किया अध्यक्ष संदीप कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष अनूप भगत, सचिव अवनीश कुमार, सह सचिव रंजित



कुमार मौजूद थे. मंच संचालन श्री चंद्रगुप्त साह ने किया. अतिथि के रूप में बाबा गणिनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार भारती, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण भगत, निरंजन साह, पूर्णिया से रंजित, एवं सुश्री सोनिका कुमारी की नानी मां और ननिहाल के लोग भी मौजूद थे.।

## संगठन विस्तार को लेकर बैठक।

**गोपालपुर समाज जागरण पुरुषोत्तम ठाकुर।**

विकास पार्टी के द्वारा गोपालपुर प्रखंड अध्यक्ष मुकेश दास की अध्यक्षता में शिव पार्वती मंदिर रतनगंज के प्रांगण में संगठन विस्तार एवं मुख्य मुद्दे को लेकर बैठक किया गया

आज रविवार को श्री श्री 108 शिव पार्वती मंदिर रतनगंज के प्रांगण में लोक विकास पार्टी के द्वारा गोपालपुर प्रखंड अध्यक्ष मुकेश दास की अध्यक्षता में बैठक किया गया जिसमें लोक विकास पार्टी द्वारा यह शपथ लिया गया कि अत्यंत पिछड़ी जाति एवं जनजाति को बिहार सरकार द्वारा जो 10 डिसमिल जमीन छत दार मकान एवं 1 एकड़ भूमि जोत जमीन इन सभी व्यक्तियों को मुहैया किया जाए जिसके लिए लोक विकास पार्टी



के द्वारा बिहार सरकार से अनुरोध किया जाता है कि हर तरफ ध्यान में रखकर ताकि कोई भी व्यक्ति इस फॉर्म को पढ़कर अंचलाधिकारी एवं बिहार सरकार मनोनीत करें ताकि जितने भी निम्न वर्ग के व्यक्ति हैं उनको लाभ मिल सके इसके लिए बिहार सरकार का सदा आभारी रहेंगे तथा प्रखंड में पंचायत तक संगठन का विस्तार किया जाएगा जिसमें प्रखंड अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड अध्यक्ष तक का विस्तार किया जाएगा बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता उमेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष, जय किशोर शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, रिंकू पासवान प्रदेश उपाध्यक्ष, गोपाल शर्मा, रमन दास जिला उपाध्यक्ष, सिंटू कुमार युवा प्रखंड अध्यक्ष रंगरा, पिंटू कुमार पासवान, कपिल देव शर्मा ,माला देवी जिला अध्यक्ष महिला उपस्थित थे।

## स्कूटी और आइसक्रीम विक्रेता की हुई टक्कर

**समाज जागरण हलसी लखीसराय**

प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत लखीसराय सिकंदरा मुख्य मार्ग स्थित बाबा अजगैयाब नाथ के समीप स्कूटी और आइसक्रीम ठेला में हुई जोरदार टक्कर में आइस्क्रीम ठेला पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया एवं उसमें रखा गया पूरा आइसक्रीम सड़कों पर बिखर गया एवं साथ में आइसक्रीम विक्रेता की गाड़ी भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई किससे आइसक्रीम विक्रेता चालक काफी सदमे में है तथा इस संदर्भ में मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार कठौतिया गांव निवासी स्वर्गीय गुरुचरण पासवान के 19 वर्षीय पुत्र मोती पासवान स्कूटी से अपने गांव से हलसी की ओर जा रहा था जबकि वही आइसक्रीम ठेला चालक कैंदी गांव निवासी कामों साव के 33 वर्षीय पुत्र अनिल साव भी हलसी आईसक्रीम लाने जा रहा था तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही स्कूटी ने ठेले में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे आइस्क्रीम बेचने वाले का हजारों का नुकसान हो गया । स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा स्कूटी सवार चालक से आइसक्रीम विक्रेता की क्षतिपूर्ति हेतु स्थानीय लोगों की पहल पर चालक को मुआवजे के तौर पर राशि भी दी गई

## बभनगामा में बंद घर से डेढ़ लाख नकद व लाखों के आभूषण पर चोरों ने किया हाथ साफ।

**बिहपुर समाज जागरण पुरुषोत्तम ठाकुर।**

प्रखंड के बभनगामा वार्ड नंबर 11काजी टोला में एक बंद घर का ताला तोड़कर डेढ़ लाख नकद और लाखों के सोने व चांदी के आभूषण का चोरी कर लेने का मामला सामने आया हैं. मिली जानकारी के चोर ने दो रूम का ताला तोड़ा.एक कमरे से तो कुछ नही लिया.लेकिन दूसरे कमरे में रखे गोदरेज का लॉकर तोड़ नकदी व आभूषण पर हाथ साफ कर फरार हो गया.इस घर का गृहस्वामी मोहम्मद इम्तियाज आलम दुबई में रहता है और उसकी पत्नी रुमाना इम्तियाज अलीगढ़ में बच्चों के साथ रहती हैं.

उसका लड़का फराज आलम और लड़की यमुना अलीगढ़ में पढ़ाई कर रही हैं.इस घर का देखभाल का जिम्मा मामा मरहवा उर्फ मुख्तारुल



हुसैन करते हैं. आज सुबह उसने घर का ताला टूटा हुआ देखा तो सरपंच मोहम्मद असदुद्दीन उर्फ सुल्तान किंग को दिया.सरपंच ने पुलिस को सूचना दिया. सूचना मिलते थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह मौके पर पहुंच कर पड़ताल शुरू कर दिया. इधर मरहवा उर्फ मुख्तारुल हुसैन ने थाने में आवेदन दिया हैं. जिसमें अज्ञात चोर को नामजद किया हैं. उसने बताया की की चोर ने 8भर का बाला चार पीस ,3 भर का गले का सेट ,2 भर का चैन ,3भर का अंगूठी व वाली समेत तीन किलो चांदी और डेढ़ लाख लेकर भाग गया हैं.बिहपुर थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया केस दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही हैं और चोरों की पहचान के लिये हर एंगल पर पड़ताल किया जा रहा हैं.जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होगा.।

## छह वर्ष बाद भी नल जल का कार्य अधूरा जिलाअधिकारी से शिकायत

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर पंचायत की बाली ग्रामीण बिंदेश्वर सिंह ने गांव के वार्ड नंबर सात में छह वर्ष बाद भी नल जल का कार्य पूरा नहीं होने तथा नल जल की टंकी का फाउंडेशन आम रास्ता (गली) में बना देने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। इस आशय की शिकायत ग्रामीण विंदेश्वर सिंह ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर किया है। 24 जुलाई 2022 को डीएम को दिए आवेदन में कहा गया है कि वार्ड नंबर 7 में विगत 6 वर्षों से नल जल का कार्य अधूरा है। कहा गया है कि नल का जल के लिए छह वर्ष बाद भी टंकी नही लगा है। शिकायत बाद अब जब टंकी लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है तो टंकी का फाउंडेशन आम गली में बना दिया गया है। निमार्णाधीन नल जल टंकी का फाउंडेशन आम गली में बनाये जाने से ग्राम वासियों तथा वाहनों को आवाजाही में परेशानी उत्पन्न हो रही है। जबकि उक्त गली को 1990 में सरकारी योजनो जेआरवाई के तहत सोलिंग की गई थी। वहीं 2005 में विधायक मद से गली में पीसीसी का कार्य किया गया था। पुनः अब जब पांचवें वित्त आयोग की पंचायत मद की राशि से गांव की मुख्य गली का फेवर ब्लॉक सोलिंग का कार्य शुरू किया गया तब कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा रंगदारी मांगी गई। रंगदारी नहीं देने पर गली के सोलिंग को उखाड़ दिया गया है,और गली में दीवार बना दिया गया है। आवेदन में जिलाधिकारी से खुद स्थल निरीक्षण कर उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई है।

## बिजली की मार मचा हाहाकार।

**पीरपैंती :---समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय ।**

पीरपैंती गत 26 घंटे से शेरमारीबाजार ,लक्ष्मीपुर, रिफात पुर ,सिमानपुर, मेहरपुर ,खानपुर ,चांदपुर, नौवा टोली,जगदीशपुर, इत्यादि क्षेत्रों में बिजली के बिना हाहाकार मचा हुआ है। बिजली से आधारित उद्योग, घर के काम सभी प्रभावित हुए हैं। ऐसी सूचना है कि नए पुल के अंदर ग्राउंड वायर में ब्लास्ट कर जाने के कारण पूरा दक्षिणी क्षेत्र अंधेरे में डूबा हुआ है ,और आम जीवन परेशान हो गया है। पानी के लिए हाहाकार मचा हुए हैं ।कई घरों में तो सुबह से लोग स्नानभी नहीं किए हैं। बिजली विभाग के जेई के अनुसार काम युद्ध स्तर पर जारी है। बिजली का फॉल्ट पता लगाने का काम काम देर रात तक जारी था लेकिन सफलता नहीं मिली ।अभी के हालात यह है कि बिजली 4 ,5 मिनट के लिए आई। फिर चली गई ।संवाद प्रेषण तक बिजली आने के कोई आसार नजर नहीं आ रहा है। लेकिन काम युद्धस्तर पर जारी है आशा है देर रात तक बिजली बहाल हो जाएगी। अभी कुछ भी कहना मुश्किल है ।बिजली आने की संभावना कम ही नजर आ रही है।

## गोपालपुर : प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत 183 गर्भवती माताओं की जांच।

**गोपालपुर समाज जागरण /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुर में आज 183 गर्भवती माताओं की जांच कर आयरन व कैलशियम की दवा दी गई। रतनगंज गोपालपुर की अंजनी कुमारी को 6.8 ग्राम, रतनगंज की कंचन देवी को 6.6 ,नवटोलिया बोचाही की मौसम देवी को 6.6 ग्राम, गोसाईगाँव की सरिता कुमारी को 6.8 ग्राम हेमोग्लोबीन पाया गया है। सभी गर्भवती की जांच भागलपुर से आई डा. कुंदन रानी ने किया।

लैब टेकनीशियन सहित बडी संख्या में एएनएम वगैरह इसको सक्रिय योगदान दिया।

## बकरों की दी गई कुबार्नी, शांतिपूर्ण माहौल में मनी बकरीद, चप्पे-चप्पे पर थी पुलिस।

भागलपुर :---समाज जागरण /राजीव पाण्डेय /शक्ति ठाकुर /निभाष मोदी /पुरुषोत्तम ठाकुर ।पूरे जिला मे शांतिपूर्ण माहौल मे बकरीद का त्योहार मनाया गया ।सुबह से ही सभी घरों मे चहल-पहल देखी गई ।लोग अपने अपने घरों की साफ-सफाई करते हुए दिखे ।तत्पश्चात स्नान करने में भी सभी गांव और मुहल्ले में भीड देखी गई ।उसके बाद तैयार होकर नये-नये परिधान से सुसज्जित होकर इत्र वगैरह लगा कर सभी एक-दूसरे के साथ होकर ईदगाह की ओर बढे ।वहां लोगों ने नवाज अता की ।तत्पश्चात एक-दूसरे से गले मिलते और बधाई देते दिखे ।इन सभी कार्यक्रमों के समय पूरे दिन भागलपुर पुलिस चप्पे-चप्पे में सुरक्षा व्यवस्था में दिखे ।कही भी किसी भी प्रकार की कोई

## पुलिस छावनी मे तब्दील हुआ साधोपुर गांव ।

**समाज जागरण**

भागलपुर /नवगछिया मंडल व्यूरो (राजीब पाण्डेय )/शक्ति ठाकुर/पुरुषोत्तम ठाकुर । भागलपुर जिला के नवगछिया पुलिस जिला अंतर्गत रंगरा के साधोपुर गांव में ग्रामीणों ने पुलिस पर एक नाबालिग को गोली मार कर घायल कर देने का आरोप लगाते हुए हमला बोल दिया और बंधक बना लिया. जिसके बाद गांव पहुंची बड़ी संख्या में पुलिस बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हवाई फायरिंग की और गांव के कई महिलाओं को पुरूषों की पिटाई कर दी. इस घटना में रंगरा के थानाध्यक्ष माहताब खान समेत कई पुलिसकर्मी भी घायल हो गये. इधर कथित रूप से पुलिस की गोली से घायल हो गये स्व अरूण मंडल के पुत्र 14 वर्षीय राजीव कुमार को परिजनों ने इलाज के लिए नवगछिया अनुमंडल अस्पताल लाया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया.

राजीव कुमार के जांघ में गोली लगी है. इधर इस घटना में घायल पुलिस कर्मियों में रंगरा के थानेदार माहताब खान, पीएसआई शशि कुमार, एसडीपीओ का गार्ड शशि कुमार साह, सिपाही पवन कुमार यादव, हवलदार महेश कुमार राय, कैलाश यादव, अरूण कुमार, एमएन चौधरी, ललन राम, बीएमपी के तीन जवान, जिला पुलिस के तीन जवान व अन्य 26 पुलिसकर्मी और चौकीदार भी शामिल है. घायल एसडीपीओ के गार्ड शशि कुमार साह का इलाज नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में कराया गया है. जबकि 17 पुलिस कर्मियों का इलाज रंगरा सीएचसी में कराया गया है और अन्य कर्मियों का स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया है.

पुलिस का कहना है कि ग्रामीणों ने एक पुलिसकर्मी का कारतूस से भरे मैगजीन को तोड़ दिया. कुल 20 कारतूस में से पुलिस ने चार कारतूस एकत्र किया और 16 कारतूस गायब है. एसडीपीओ के गार्ड के पिस्टल को क्षतिग्रस्त कर दिया और रंगरा पुलिस के वाहन और पुलिस की नौ मोटरसाइकिल को भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है. घटना के क्रम में पुलिस की तरफ से कुल चार चक्र गोली चलाये जाने की बात कही जा रही है. पुलिस का दावा है कि पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ हवाई फायरिंग की गयी है. घटना के बाद नवगछिया के एसडीपीओ दिलीप



कुमार बड़ी संख्या में पुलिस बलों के साथ मौके पर कैंप कर रहे थे. साधोपुर गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है.

साधोपुर के ग्रामीणों का आरोप है कि दोपहर बाद रंगरा के थानाध्यक्ष माहताब खांन, पीएसआई शशि कुमार और अन्य पुलिसकर्मी एक हत्याकांड में आरोपी बरूण मंडल को गिरफ्तार करने के लिए गांव पहुंची थी. ग्रामीणों का कहना है कि वरूण मंडल लंबे समय से गांव नहीं आया है. पुलिस ने वरूण मंडल के भतीजे राजीव कुमार से बरूण का पता पूछने लगी. जिस पर ट्यूशन पढ़ने जा रहे राजीव ने जानकारी नहीं होने की बात कही. पुलिस ने राजीव के साथ सख्ती की लेकिन राजीव बार बार बरूण मंडल के संबंध में किसी भी तरह की जानकारी से इनकार कर रहा था. ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बाद रंगरा के थानाध्यक्ष माहताब खान गुस्से में आ गये और अपने पिस्तौल से राजीव के पैर में गोली मार दी. जिसके बाद पुलिस बलों को वहां पर ग्रामीणों ने बंधक बना लिया. ग्रामीणों का कहना है कि इसके बाद गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल आ गये और फिर गांव की कई महिलाओं और पुरूषों को लाठी डंडे से जबरदस्त पिटाई कर दी. गांव के कुछ लड़के तीन जिंदा कारतूस भी दिखा रहे थे. लड़कों का कहना है कि पुलिस ने जब उनलोगों पर हमला बोला तो उसी क्रम में उनलोगों का कारतूस जमीन पर गिर गया था, जिसे उसने उठा लिया है. ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने बेवजह इस तरह की कार्रवाई की है. रंगरा थाना के सभी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने की जरूरत है.

पुलिस स्तर से जानकारी मिली है कि प्रखंड में बकरीद को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया था. फ्लैग मार्च सधुवा से शुरू किया गया था. रंगरा, मुरली, बनिया होते हुए सघोपुर के रास्ते सभी पुलिसकर्मी जहांगीरपुर वैसी जाने वाले थे. पुलिस का कहना है कि फ्लैग मार्च के दौरान दोहरे हत्याकांड का इनामी अपराधी वरूण मंडल अपने घर में बैठा हुआ था. जब पुलिस करीब पहुंची तो पुलिस को देखते ही वरूण ने गोली चला दी. गोली की अवाज सुनते ही जब पुलिसकर्मी सल पर पहुंचे तो देखा कि राजीव कुमार को गोली लग गयी है. इसके बाद वहां के ग्रामीणों ने पुलिस पर की गोली मार कर घायल कर देने का आरोप लगाने लगे और पुलिस के साथ गाली गलौज करते हुए पुलिस पर हमला कर दिया और पुलिसकर्मियों को बंधक बना कर जम कर उपद्रव किया और कई पुलिस कर्मियों की पिटाई भी कर दी. इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की. जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गये.

22 may 2022:Layout 1 7/11/2022 12:59 AM Page 11



# जेपी काँलेज में शोक सभा आयोजित।

**नारायणपुर : -----समाज जागरण /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

प्रखंड के जेपी काँलेज नारायणपुर में शनिवार को प्राचार्य डा. राजवंश यादव की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई.जिसमें दर्शनशास्त्र विभाग के प्रोफेसर स्व. विनोदानंद झा,इतिहास विभाग स्व.डा. श्री कृष्ण मिश्र एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मी स्व. शंभु चौधरी के दिवंगत आत्मा की शांति को लेकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई.तथा उनके परिजनों के प्रति महाविद्यालय परिवार द्वारा संवेदना प्रकट की गई.मौके पर डा. आर.के. श्रीवास्तव, डा. जे सिंह, प्रो. शेलेंद्र, डा. महतो, डा. रीतिका, डा. राजीव, सुमन, उग्रमोहन,कुमोद,मिथिलेश,पवन आदि मौजूद थे.




# जेल के अंदर एक यूवक की गले में तोलिया का फंदा डालकर युवक ने किया आत्महत्या करने का प्रयास, इलाज के दौरान हुई मौत।

**भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /शक्ति ठाकुर।**

भागलपुर जिला के नवगछिया जेल में दो दिन पहले खरीक पुलिस के द्वारा नाबालिक बच्ची के अपहरण मामले में मरारडीह के रहने वाले सनी कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिसकी संदिग्ध अवस्था में आज मौत हो गई। सूत्रों की माने तो कैदी के द्वारा जेल में गले में तोलिया का फंदा डालकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसके बाद उसे जेल प्रशासन के द्वारा इलाज के लिए नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में ले जाया गया।



जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा अस्पताल भेज दिया गया है। जहां डॉक्टरों की टीम के द्वारा वीडियोग्राफी कराकर उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा। वही इस मसले पर जेल प्रशासन कुछ भी कहने से बच रही है। वही मृतक के परिजन भी अभी तक नहीं पहुंचे हैं। आखिर कैदी ने आत्महत्या क्यों की जांच के बाद ही सामने आ पाएगा।

# पुलिस गई अपराधी को पकड़ने ,पुलिस ने की फायरिंग, बच्चे को लगी गोली ,ग्रामीण सहित कई पुलिसवाले हुए घायल।

भागलपुर /नवगछिया समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर । भागलपुर जिला के नवगछिया पुलिस जिला के अंतर्गत रंगरा थाना क्षेत्र के साधोपुर गांव में हत्याकांड के अभियुक्त वरुण कुमार को पकड़ने गई पुलिस को जब अपराधी वरुण नहीं मिला तब उसके भतीजे 14 वर्षीय राजीव से रंगरा थाना प्रभारी महताब आलम ने वरुण के बारे में पूछा जिस पर युवक ने अपने चाचा का पता नहीं मालूम होने की बात कही ।जिस पर थाना प्रभारी के द्वारा गोली चला दी गई। जिसमें 14 वर्षीय युवक के पैर में गोली लगी है ।





वही ग्रामीणों ने पुलिस वालों को घेर कर जमकर पिटाई कर दी, जिसमें थाना प्रभारी महताब आलम का सर फूट गया ।वही पुलिस की कई गाड़ियों को ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त कर दिया घटना की सूचना के बाद काफी संख्या में पुलिस बल को घटनास्थल पर तैनात कर दिया गया है वही घायल युवक का बस इतना दोस था ।कि वह अपने अपराधी चाचा का पता नहीं जानता था ।और उसने पुलिस को पता नहीं बताया ।इसीलिए पुलिस ने उसे गोली मार दी वही अब देखने वाली बात है कि पुलिस के वरीय पदाधिकारी इस घटना के बाद किस प्रकार की कार्रवाई करते हैं।

# बकरीद को निकाला गया फ्लैग मार्च

**पूर्णिया/प्रवीण भदौरिया दैनिक समाज जागरण**

बकरीद को लेकर पूर्णिया पुलिस लाइन से फ्लैग मार्च निकाला गया। बकरीद पर्व में जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे एवं शहर शांत रहे जिसको लेकर पूर्णिया सदर एसडीएम राकेश कुमार रमन एवं सदर एसडीपीओ सुरेंद्र कुमार सरोज के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस लाइन से फ्लैग मार्च निकाला गया जो आरएन साव चौक होते हुए भट्टा बाजार, रजनी चौक, लाइन बाजार से पुनः पुलिस लाइन तक आई।



इस दौरान सभी शहरी क्षेत्र के थानाध्यक्ष के साथ-साथ भारी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहे, जिन्होंने आम लोगों से अपील किया कि भाईचारे एवं सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में बकरीद त्यौहार को मनाएं।

## अपराधियों ने बाइक सवार तीन लोगों को पीटा, पैसा भी छीना

**दैनिक समाज जागरण केशव कुमार सिंह**

औरंगाबाद। औरंगाबाद के ओबरा थाना क्षेत्र के छकन बिगहा गांव के समीप शनिवार की देर रात बाइक सवार तीन लोग उस वक्त घायल हो गए, जब सड़क पर 5 से 6 की संख्या में रहे लोगों ने लूटपाट की नियत से उनकी बाइक को जबरन रोकने की कोशिश की। घायलों में नौनेर के ओमप्रकाश, भोला कुमार व जगमल शामिल हैं।सभी लोगों को
रविवार की सुबह सदर अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे घायल के परिजनों ने बताया कि तीनों युवक कारा गांव में शटरिंग का काम करते हैं और सप्ताहिक हिसाब के बाद तीनो कारा से शनिवार की रात नौनेर लौट रहे थे। तभी छकन बिगहा के समीप 5 से 6 की संख्या में रहे लोगों ने सड़क पर खड़े होकर लूटपाट की नियत से बाइक को जबरन रुकवाने की कोशिश की।जब बाइक रोका तो उक्त लोगों ने नगदी रुपये छीनकर भाग गए।इधर पूछे जाने पर ओबरा थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक कोई लिखित शिकायत नही मिला है।फिर भी आगे की कार्रवाई की जा रही हैं।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**दैनिक समाज जागरण केशव कुमार सिंह**

औरंगाबाद में शनिवार की देर रात सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक बाल-बाल बच गया। हादसा औरंगाबाद - झारखंड के सीमा पर हरिहरगंज में हुआ। दरअसल, दोनों युवक के एक दोस्त को सांप ने डस लिया था। दोनों उसे ही लेकर बाइक से अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दोनों की मौत हो गई। जबकि सांप काटने से जख्मी युवक अस्पताल में भर्ती है।
मृतकों की पहचान झारखंड के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सिमरवार गांव के चंचल कुमार और छोटू कुमार के रूप में की गई है। मृतक दोनों युवक गांव के ही अपने दोस्त पंचम कुमार को अस्पताल ले जा रहे थे। शनिवार की देर रात सिमरवार गांव के पंचम कुमार को एक सांप ने डस लिया था। उसे उसके दो दोस्त चचंल और छोटू बाइक से लेकर निकले। अपनी बाइक

# श्रीगुरुपूर्णिमा महोत्सव की तैयारी नवगछिया में जोरों पर।

**नवगछिया :----समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /शक्ति ठाकुर।**

श्रीशिवशक्तियोगपीठ नवगछिया के तत्वावधान में आषाढ़ पूर्णिमा के मौके पर प्रति वर्ष मनाये जाने वाले विराट श्रीगुरुपूर्णिमा महोत्सव इस वर्ष नवगछिया में संतोष धर्मकांटा के नजदीक स्थित बनारसी लाल सराफ कॉमर्स कॉलेज में मनाया जायेगा। जहां इस कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर जारी हैं। इसके अलावा नवगछिया और भागलपुर शहर और एनएच तथा कई चौक चौराहों एवं अन्य जगहों पर इस कार्यक्रम से संबंधित होर्डिंग्स, बैनर और पोस्टरों को भी लगाया गया है। वहीं कार्यक्रम की सफलता को लेकर एनसीसी कैडेट्स की भी तैयारियां जारी हैं। साथ ही रविवार को एक आवश्यक बैठक भी आयोजित हुई।
यह जानकारी देते हुए श्रीगुरुपूर्णिमा महोत्सव आयोजन समिति के सचिव डॉ मृत्यंजय सिंह गंगा (सीनेट सदस्य तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय) ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे करेंगे।



कार्यक्रम की सफलता के लिए काफी लंबा चौड़ा पंडाल का निर्माण कार्य जारी है। जहां 12 जुलाई को गुरुदीक्षा और 13 जुलाई को श्रीगुरुपूर्णिमा महोत्सव के मौके पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पदुकालय, चिकित्सालय, जल, चाय, प्रसाद, महाप्रसाद भंडारा इत्यादि की भी तैयारियां चल रही हैं। सैकड़ों कार्यकर्ता गुरुपूर्णिमा प्रसादम की पैकिंग में लगे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस मौके पर कुचिपुड़ी की नन्ही नृत्यांगना सरस्वती एवं बनारस के कत्थक नृत्यकार मिथिलेश कुमार आयोजन में चार चांद लगायेंगे। वहीं मानस कोकिला कृष्णा मिश्रा एवं भजन सम्राट हिमांशु मोहन मिश्र उर्फ दीपक मिश्रा, सुरमणि शंकर मिश्र नाहर तथा कई नामचीन कलाकारों का जमघट भी लगेगा। जहां नवगछिया, भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया, खगड़िया, सहरसा, पटना, बेगूसराय, दरभंगा, मधेपुरा, अररिया, कहलगांव, पीरपैंती, बांका, दुमका, देवघर, रांची के अलावा दिल्ली, मुंबई, पूना, बेंगलुरु इत्यादि कई राज्यों से श्रद्धालु श्रीगुरुपूर्णिमा महोत्सव पर बरसने वाले अमृत रूपी आशीर्वाद को प्राप्त करेंगे।

# चंदेश्वरी सिंह बने जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष।

**नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

बिहार जनता दल यूनाइटेड अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह बरारी विधायक विजय सिंह निषाद ने प्रदेश कमेटी की सूची जारी कर दी है. इस बाबत पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रवि कुमार ने बताया कि जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष चंदेश्वरी प्रसाद सिंह निषाद को संगठन के प्रति उनकी कर्तव्य निष्ठता और समर्पण को देखते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है. वही चंदेश्वरी प्रसाद सिंह निषाद ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया है और कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का हर संभव प्रयास करेंगे. नीतीश कुमार अति पिछड़ों के मसीहा हैं.
नीतीश के शासनकाल में अतिपिछड़ों के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य किया गया है. बिहार में जब तक नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं तब तक



अति पिछड़ों को चिंता करने की जरूरत नहीं है. मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह कुशवाहा,बिहपुर विधानसभा के राज्य परिषद सदस्य बुलंजी चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सुबोध साह व जितेंद्र साहू, जिला महासचिव भवेश यादव, शिवशंकर चौधरी, पुष्पक सिंह व प्रिंस पटेल,अल्पसंख्यक के निवर्तमान जिलाध्यक्ष शाहिद रजा,व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हिमांशु भगत, विधायक प्रतिनिधि त्रिपुरारी कुमार भारती, अतिपिछड़ा के. जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह निषाद, नवगछिया प्रखंड अध्यक्ष मुरारी मंडल,खरीक प्रखंड अध्यक्ष ललन महतो,बिहपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोज लाल, नारायणपुर प्रखंड अध्यक्ष अनिल पटेल,इस्माइलपुर प्रखंड अध्यक्ष चंद्रिका मंडल, गोपालपुर प्रखंड अध्यक्ष साकेत बिहारी, नगर परिषद अध्यक्ष ज्ञानसक सिंह, नवीन निश्चल, छात्र जदयू के यूनिवर्सिटी अध्यक्ष अमन कुमार आनंद, रूपक पटेल व अन्य ने बधाई दी है.।

# ईद-उल अजहा पर हर्ष -व उल्लास के साथ ईदगाह में नमाज अदा की

**पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया**

बकरीद पर्व को लेकर पूर्णिया जिला के बायसी प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों मे और आसपास के गांव के तमाम ईदगाह और मस्जिदों में ईद-उल अजहा की नमाज अदा की गई। गांव और शहरों मे सुबह से ही बकरीद को लेकर लोगो मे काफी चहल-पहल देखनो को मिली, सभी ईदगाह और मस्जिद मे सुबह से ही ईद पढ़ने के लिए लोगो की भीर जूटने लग गई थी, लोगो ने बड़े हर्ष व उल्ला के साथ बकरीद की नमाज अदा की जमान ईदगाह और मस्जिद के ऐलावे कई दरगाह में भी बकरीद की नमाज अदा की गई। ईद की नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी और स्वस्थ रखने की दुआए की।
पिछले कई सालों से करोना को लेकर बकरीद की नमाज अदा नहीं की गई थी लेकिन इस बार लोगों ने एक दूसरे के साथ मिलकर हजारों की संख्या में नमाज में शामिल हुए और नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। वही बकरीद को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। लोगों ने आपसी भाईचारे का संदेश भी दिया इस दौरान सभी मस्जिदों में काफी संख्या में लोग जुटे हुए थे।



नमाजियों ने देश में अमन व चैन और शांति की दुआए मांगी साथ ही सभी को संदेश दिया की कुबार्नी के जानवरों के अवशेष को इधर उधर ना फेंके बल्की गड्ढा खोद कर गाढ़ दे।सभी लोग आपसी भाई चारों को बनाए रखें। वही मुस्लिम गुरू-धर्मों ने कहा कि दूसरे धर्म के भावनाओं का ख्याल रखते हुए त्यौहार को शान्तिपूर्ण तरिके से मनाए।

# बनमनखी से पूर्णिया के बीच विद्युत इंजन ट्रैन का किया गया प्रथम ट्रॉयल

**पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया**

सहरसा से पहली बार ट्राइल के लिए पूर्णिया जिला के बनमनखी जंक्शन स्टेशन पहुचे विद्युत इंजन ट्रेन का बनमनखी वासियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।इस मौके पर मौजूद भाजपा नेता अमितेश कुमार सिंह,संतोष चौरसिया द्वारा लोको पायलट सुभाष कुमार,सहायक लोको पायलट अभिनव कुमार एवं मुख्य लोको निरीक्षक को माला पहना कर स्वागत किया गया।ततपश्चात बनमनखी जंक्शन स्टेशन पर मौजूद विद्युत इंजन ट्रेन को सजा-धजा कर बनमनखी से पूर्णिया के बीच प्रथम ट्राइल के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया.जैसे ही ट्रायल इंजन ने सीटी बजा कर चलना प्रारंभ किया उपस्थित लोगों ने ताली बजाकर स्वागत किया तथा बाबा विश्वकर्मा की जय का उद्घोष किया गया।इस बाबत जानकारी साझा करते हुए बनमनखी विधायक सह कृषि उद्योग विकास समिति के सभापति कृष्ण कुमार ऋषि ने कहा कि इस ट्राइल के बाद बहुत जल्द हिं क्षेत्र वासी इलेक्ट्रिक इंजन वाली ट्रेन से यात्रा करेंगे।चुकी सहरसा से पूर्णिया रेलवे के बीच में इलेक्ट्रिक फिकेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है.जिसके मदेनजर रविवार को मुख्य लोको निरीक्षक के द्वारा सहरसा



स्टेशन के ट्रैक पर वैधानिक तरीके से पूजा करके नारियल तोडकर ट्रायल इंजन को आगे बढ़ाने की अनुमति दिया गया।विधायक श्री ऋषि ने कहा कि ट्रायल सफल हो जाने के बाद इस रूट से और अधिक ट्रेन चलने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा तथा बहुत जल्द इलेक्ट्रिक ट्रेन का परिचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा.उन्होंने बताया कि कोरोना काल से पूर्व बनमनखी से अमृतसर, कोलकाता,पटना,रांची ,जयनगर एवं दिल्ली आदि की ट्रेन नियमित रूप से चलाई जाती थी.जिसमें कुछ ट्रेन अभी तक इस रूट से नहीं चलाया गया है.८ इलेक्ट्रिक फिकेशन हो जाने के बाद इस रूट से और ट्रेन चलाई जाएगी।उन्होंने कहा कि रेल मंत्रालय भारत सरकार कृत संकल्पित है कि इस इलाके के लोगों को यात्रा करने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं होने दी जाएगी तथा स्टेशनों पर यात्रियों को मिलने वाली अधिकतर सुविधाओं को पूणतया कंप्यूटरीकृत कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक इंजन चलने से लोगों को समय की बचत होगी तथा पर्यावरण को भी साफ करने में काफी मदद मिलेगी तथा रेलवे को करोड़ों रुपए डीजल पर होने वाले खर्च से भी राहत होगी. इस संबंध में हम सभी लगातार जनहित को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्री तथा रेलवे के वरीय अधिकारियों से बात कर यात्रियों की सुविधा के लिए सतत प्रयत्नशील है।विद्युत इंजन ट्रायल के अवसर पर अमितेश कुमार सिंह,संतोष चौरसिया, सूरज गुप्ता,मंटू दास के अलावा रेल कर्मचारी अधिक लाल मंडल स्थानीय लोग मौजूद थे।

# पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय द्वारा निकाला गया ईद उल अजहा ( बकरीद ) पर सदभावना मार्च

## बकरीद पर जिलाधिकारी ने गले मिलकर अल्पसंख्यकों को दी मुबारकबाद, कहा सचमुच में औरंगाबाद जैसा शांति कहीं नहीं है !

**दैनिक समाज जागरण**

( जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सल्लू खान को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे ही करते रहिए नेक काम )
दैनिक समाज जागरण अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबादः ( बिहार ) पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारा का संदेश देते हुए हिंदू - मुस्लिम बंधुओं से गले मिलते हुए एक दूसरे को ईद उल अजहा ( बकरीद ) पर्व की बधाई दी। कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान के नेतृत्व में औरंगाबाद जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस - अधीक्षक, कांतेश कुमार मिश्र, ए0डी0एम0 आशीष रंजन सिन्हा, नगर थानाध्यक्ष, सतीश बिहारी शरण, अंचलाधिकारी अंशु कुमार, नगर थाना के पुलिस कर्मी, जितेंद्र कुमार को भी गुलाब का फूल देते हुए गले लगाकर ईद उल अजहा ( बकरीद ) की मुबारकबाद दी गई। इस मौके पर वार्ड - पार्षद सिकंदर हयात ने कहा कि आशीष चौहान बने रहे, और गंगा यमुना की तहजीब भी इसी प्रकार बनी रहे। इसके लिए दुआ भी मांगी गई। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मोहब्बत और अमन चैन का पैगाम फूल देकर ईद उल अजहा ( बकरीद ) का पर्व मनाया गया।



बकरीद के मौके पर कांग्रेस नेता सल्लू खान व टीम ने कहा कि ईद उल अजहा ( बकरीद ) का पर्व सभी लोगों को एक साथ मिलकर रहने तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का ही संदेश देता है ! यह पर्व कुबार्नी की मिसाल पेश करता है। देश में भाईचारा और अमन चैन कायम रहे। यही हम सभी लोगों की साझी ज़िम्मेदारी बनती है।
इस मौके पर औरंगाबाद के जिलाधिकारी एवं पुलिस - अधीक्षक ने भी जिलेवासियों, प्रदेशवासियों सहित देशवासियों को बधाई दी। संदेश देते हुए कहा कि बकरीद का त्योहार असीम आस्था का त्यौहार है। इस त्योहार को आपसी भाईचारा सद्भावना के साथ मनाएं। जिलाधिकारी एवं पुलिस - अधीक्षक ने कहा कि सल्लू खान द्वारा जो जिला में एकता का संदेश दिया जा रहा है ! यह सराहनीय कार्य है ! समाज के लोगों को भी इनके साथ आगे आना चाहिए ! आप इसी प्रकार से काम करते रहिए और जब जरूरत हो, तो आप समाज के लिए हमसे किसी भी समय मिल सकते हैं। कांग्रेस नेता सल्लू खान ने भी कहा कि हम लोगों को जिला - प्रशासन का मदद मिलता रहता है। उसी बल पर हम लोग भी अपना काम करते हैं। इस मौके पर औरंगाबाद के पूरे शहर में सद्भावना मार्च निकालकर लोगों को गुलाब का फूल देते हुए बधाइयां भी दी गई। इस मौके पर मो0 जुल्फिकार, मो0 नौशाद, मो0 राशिद, मो0 शाहिद, मो0 रईस, मो0 आफताब खान, मो0 चांद मामा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया त्याग एवं बलिदान का महापर्व

**दैनिक समाज जागरण रॉकी दूबे, प्रतिनिधि ओबरा**

औरंगाबाद (बिहार) 10. जुलाई 2022:- जिले के ओबरा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में त्याग और बलिदान का महापर्व बकरीद पूरे उत्साह के साथ गले से गले मिलाकर मनाया गया। इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र में स्थित ईदगाहों को विशेष रूप से सजाया गया था जहां काफी संख्या में जुटे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रविवार की सुबह पवित्र बकरीद की नमाज अदा कर एक-दूसरे को गले मिलकर आपसी सौहार्द एवं भाईचारा से रहने का संदेश दिया। इसके बाद त्याग और बलिदान के प्रतीक अपने पसंदीदा पशुओं की कुबार्नी दी गई। जानकारी देते हुए एहसानुल हक



अंसारी ने बताया कि ईद- उल- अजहा की नमाज हर शख्स पर वाजिब है। अल्लाह की वफादारी के साथ ही उन्हे राजी एवं खुशी करने के लिए अपना सबकुछ कुर्बान कर देना ही इसका उद्देश्य है बकरीद का तात्पर्य सिर्फ कुबार्नी देना ही नही है बल्कि अल्लाह ताला एवं खुदा के समक्ष अपनी अजीज इच्छाओं एवं भावनाओं को समर्पण करने का पर्व है। लोग हजरत इब्राहिम की कुर्बानियों का अपने जीवन में अमल करें। जिसने खुदा के समक्ष अपने एकलौते पुत्र की कुबार्नी देकर दुनिया को त्याग और बलिदान का संदेश दिया था।

# बगहा एक बीडीओ ने लघु सिंचाई विभाग के अभियंताओं के साथ की बैठक।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

12 में से दो नलकूप की चालू अवस्था मे।, बगहा एक प्रखंड के सभागार भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार प्रशांत ने लघु सिंचाई विभाग के अभियंताओं के साथ बैठक की।जिसमें पंचायतों में कुल 12 नलकूप में मात्र 2 नलकूप संचालित होने की जानकारी सामने आई।वही बीडीओ ने सिंचाई सीजन को देखते हुए ठीक करने का निर्देश दिया।इस बैठक में सहायक अभियंता व कनीय अभियंता मौजूद रहे।



# बगहा नगर में बड़ी अकीदत और सिद्दत के साथ अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा, बगहा पुलिस जिला में शान्ति पूर्ण माहौल में बड़ी अकीदत और शिद्दत के साथ अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज, अब्दुल वहाब कासमी ने बताया की बकरीद हमारे पैगंबर साहब ने इरशाद फरमाया की जो लोग साहेबे निसाब हैं वह लोग कुर्बान नहीं करते हैं वह लोग हमारे ईद में न आए। इसलिए हमें चाहिए कुबार्नी ज्यादा से ज्यादा करें। और कुबार्नी के दिनों में कुबार्नी से बेहतर कोई अमल नहीं चाहें जितनी भी नेकी की जाए इस कुबार्नी से बेहतर नहीं इस लिए हमे चाहिए हम कुबार्नी करे और अल्लाह ताला को खुश करें। अल्लाह पाक सबसे ज्यादा कुबार्नी के दिन में कुबार्नी से खुश होता है। अल्लाह पाक हमलोग को भी अपने बच्चों के नाम पर अपने नाम पर और अपने मां बाप के नाम पर अल्लाह के नबी जनाबे मोहम्मद रसूल अल्लाह के नाम पर कुबार्नी करने के तौफीक नसीब अता फरमाए। वरीय अधिकारी के निर्देश के आलोक में ईदगाह मस्जिद के पास पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो और मुस्लिम समुदाय शांति पूर्व माहौल में



ईद उल अजहा की नमाज अदा करें। इससे देख नगर वासियों ने बगहा एसपी किरण कुमार गोरखा जादव को धन्यवाद दिया की इसी भाई चारे के साथ हर समुदाय अपना अपना त्यौहार को मनाएं। गंगा जमुना तहजीब की मिसाल आज भी कायम है

# हर्षोल्लास के साथ अदा की गई ईद उल अजहा कि नमाज।

**समाज जागरण मोहम्मद आजाद**

गौनाहा / रविवार को प्रखंड के सभी ईदगाह मस्जिदों में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज ।सुबह से ही लोग नमाज पढ़ने के लिए तैयार होकर अपने घरों से इदगाहो मे पहुंच कर सामूहिक रूप से एक साथ नमाज अदा किया । वही बच्चे नौजवान व बुढ़े नए कपड़े पहनकर नमाज के लिए सुबह 6:00 बजे से ही ईदगाह के लिए जाते दिखे । प्रखंड के डरौल, मेहनौल, हौदा डुमरा, गौनाहा परसा, भितिहारवा, माधोपुर, बेलवा, बलुआ, गौईठई, पहकौल, गबनाहा आदि गांव के ईदगाह के मैदान व मस्जिदों में पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज पढ़कर दुआएं



मांगी। नमाज की अदायगी पूरी होने के बाद एक-दूसरे के गले मिलकर पर्व की बधाई दी। वही नमाज के बाद सभी इमामो द्वारा देश कि अमन व आम अवाम की भलाई के लिए सबको एक साथ भाईचारे के साथ रहने की दुआएं भी मांगी गई। इस दौरान शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन को काफी मुस्तैद देखी गई। इस मौके पर गौनाहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंहा, मटियरिया थानाध्यक्ष संजय कुमार व सहोदरा थानाध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस बल के साथ गश्त करते रहे। चौक-चौराहे व मस्जिद के आसपास मुस्तैदी से पुलिसबल की तैनाती देखी गई ।

# बच्चो के विवाद को लेकर बड़े आपस किया मारपीट दो जख्मी

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा शनिवार की देर शाम को नगर के कैलाश नगर में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट में दोनों पक्ष से एक एक जख्मी परिजनों के द्वारा जख्मों को इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में लाया गया जहां उपस्थित चिकित्सक डॉ विजय कुमार ने इलाज की इलाज के बाद उन्होंने बताया की एक पक्ष से जख्मी व्यक्ति की पहचान नगर के कैलाश नगर मोहल्ला निवासी सुबास गोड और शिंगासन साह के 60 वर्षीय पुत्र नन्द किशोर प्रसाद के रूप में हुई हैं।



# दो पक्षों के बीच आपसी विवाद मारपीट में एक महिला समेत दो जख्मी

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा नगर थाना क्षेत्र के बबुई टोला मोहल्ले में शनिवार को दो पक्षों के बीच आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला समेत दो व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में लाया गया जहां उपस्थित चिकित्सक डॉ विजय कुमार ने इलाज किया इलाज के बाद उन्होंने बताया कि दोनों घायलों की स्थिति सामान्य हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि घायलों में नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 19 निवासी गफूर मिया के पुत्र



साहेब मिया, साहेब मिया की पत्नी मुन्नी खातून के रूप में की गई हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं।

# बगहा एक कृषि भवन में पीएम कृषि सिंचाई योजना का एक दिवसीय कर्मशाला सह प्रशिक्षण आयोजन किया गया।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा एक प्रखण्ड के ई-किसान भवन में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का एक दिवसीय कर्मशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड उद्यान पदाधिकारी संजीव कुमार ने किसानों को ड्रिप सिंचाई पद्धति,मुख्य सिंचाई पद्धति,मिली स्प्रिंकलर,माइक्रो स्प्रिंकलर के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। मौके पर किसानों को बताया गया कि ड्रिप सिंचाई पद्धति के उपयोग से फसलों की बेहतर गुणवत्ता के साथ-साथ अच्छा उत्पादन तथा 25 से 30 प्रतिशत उर्वरक की खपत कम होती है। साथ हीं फसल उगाने में भी कम लागत किसानों को लगाना पड़ता है।उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत 5 किसान अगर एक क्षेत्र में लगभग 6 एकड़ जमीन में फसल लगाने को लेकर तत्पर है और खेती करते हैं तो उन्हे सामुदायिक नलकूप एक पक्का पंप हाउस का भी निर्माण विभाग के द्वारा कराया जाएगा।जिसमे 90 प्रतिशत




अनुदान पर उपलब्ध कराया जाएगा।इस मौके पर महेंद्र कुशवाहा,प्रभारी बीएओ कृष्ण नंदन सिंह,किसान सलाहकार विनोद यादव,किसान अविनाश पांडे अरुण कुमार प्रशांत मिश्रा विक्रम चौधरी आदि मौजूद थे।

